माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080
मुरादाबाद, सोमवार, 29 जनवरी 2024
वर्ष 4, अंक 309, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

धीमे चलने से फिटनेस पर पड़ता है बुरा असर 16
सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी 15

एक नजर

गुजरात के कच्छ में 4.0 तीव्रता का भूकंप

अहमदाबाद। गुजरात के कच्छ जिले में रविवार शाम 4.0 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसमें हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार भूकंप का केंद्र कच्छ जिले के भचाऊ के निकट स्थित था। आईएसआर ने बताया कि भूकंप के झटके रविवार शाम चार बजकर 45 मिनट पर महसूस किए गए और भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 21 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। वर्ष 2001 में कच्छ जिले में जबरदस्त भूकंप आया था, जिसमें लगभग 13,800 लोगों की मौत हुई थी और 1.67 लाख लोग घायल हो गए थे।

मुख्यमंत्री योगी ने नीतीश कुमार को दी बधाई

लखनऊ। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी। योगी ने अपने एक्स एकाउंट पर बिहार में नवगठित सरकार को शुभकामनाएं देते हुए नीतीश कुमार और दोनों उप मुख्यमंत्री को भी बधाई दी है। योगी ने लिखा है, नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई। पूरा विश्वास है कि बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन और विकास के उत्कृष्ट मानक स्थापित करेगी।

सड़क हादसे में नेपाल के चार नागरिकों की मौत

चंडीगढ़। हरियाणा के सोनीपत में एक कार की चपेट में आने से साइकिल और स्कूटर सवार नेपाल के चार नागरिकों की मौत हो गई। सिविल लाइन्स पुलिस थाना के प्रभारी रविंदर कुमार ने रविवार को बताया कि यह दुर्घटना बीती रात सोनीपत के मामा-भांजा चौक पर हुई। घायलों में से एक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। कुमार ने बताया कि कार ने साइकिल सवार चार व्यक्तियों और स्कूटर पर सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घटना में चार लोगों की मौत हो गई। वे नेपाल के रहने वाले थे। ये पांचों लोग सोनीपत में एक विवाह भवन में काम करते थे और आधी रात को सोनीपत स्थित घर लौट रहे थे।

हरियाणा के हर जिले में होंगे वृद्ध सेवा आश्रम

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि राज्य के हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोले जाएंगे, जिनमें 50-50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। खट्टर ने कहा कि करनाल में तीन महीने में सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार भूखंड दिए जाएंगे। आवेदन के लिए दो दिन बाद पोर्टल खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को करनाल के मॉडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए खोले जाने वाले वृद्ध सेवा आश्रमों में गरीबों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था होगी। साधन संपन्न बुजुर्ग भी अगर आश्रमों में रहना चाहें तो, उसके लिए उन्हें राशि का अंशदान करना होगा।

बर्नार्ड अरनॉल्ट बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी

वाशिंगटन, एजेंसी

- एलन मस्क को पीछे छोड़कर टॉप पर पहुंचे
- फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी 11वें नंबर पर

लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के मालिक बर्नार्ड अरनॉल्ट टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे अमीर आदमी बन गए हैं। फोर्ब्स की रियल टाइम अरबपतियों की सूची के मुताबिक, वैश्विक लग्जरी ब्रांड एलवीएमएच के सीईओ और फ्रांसीसी अरबपति अरनॉल्ट और उनके परिवार की कुल संपत्ति शुक्रवार को 23.6 बिलियन डॉलर की वृद्धि के बाद 207.8 बिलियन डॉलर हो गई। वहीं मस्क की संपत्ति 204.5 बिलियन डॉलर से अधिक है। जेफ बेजोस करीब 15.04 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

भारत का कोई भी अरबपति इस लिस्ट में टॉप टेन में शामिल नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी 104 बिलियन डॉलर (करीब 8.64 लाख करोड़ रुपये) की नेटवर्थ के साथ 11वें स्थान पर हैं।

घर में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की जिंदा जलाकर हत्या

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- फरीदपुर कस्बे के मोहल्ला फर्रखपुर में दिल दहलाने वाली वारदात
- दरवाजे पर बाहर से डाल दिया था ताला ताकि निकल न सके कोई

अमृत विचार : फरीदपुर के फर्रखपुर मोहल्ले में शनिवार रात घर के कमरे में सो रहे पति-पत्नी और तीन बच्चों की शनिवार रात जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। हत्या करने वाले ने दरवाजे पर बाहर से ताला भी डाल दिया था ताकि कोई बाहर न निकल सके। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या की दिल दहला देने वाली इस वारदात का पता लोगों को रविवार सुबह लग पाया। पुलिस की पूरे दिन की छानबीन के बावजूद न हत्यारे का कोई सुराग मिला, न हत्या करने का कारण पता चला।

वारदात का शिकार होने वाले अजय गुप्ता (35) का परिवार फर्रखपुर मोहल्ले में तिरंगा स्कूल के पास किराए के मकान में रहता था। अजय बिजली सबस्टेशन के पास नान का ठेला लगाते थे। परिवार में पत्नी अनीता (32) के अलावा बेटा दिव्यांश (09), दक्ष (03) और बेटी दिव्यांशी (06) थी। मकान में मेन गेट के अंदर कुछ जगह खाली पड़ी है और दूसरे कोने पर सिर्फ एक कमरा बना हुआ है जिसमें पूरा परिवार सोता था। शनिवार रात इसी कमरे में सोते हुए पांचों लोगों की आग लगाकर हत्या कर दी गई। घनी आबादी में मकान होने के बावजूद रात में आसपास किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। रविवार सुबह घटना का तब पता चला, जब अजय के चचेरे भाई राजेंद्र उनके घर में खड़ी अपनी बाइक लेने पहुंचे। काफी देर आवाज लगाने के बाद भी मेन गेट नहीं खुला तो राजेंद्र पड़ोस के घर से छत पर पहुंचे। वहां से झांककर देखने पर अजय के कमरे से धुआं उठते देख उनके होश उड़ गए। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने के बाद भीड़ अंदर से तालाबंद मुख्य दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। सीओ गौरव कुमार सिंह और इंस्पेक्टर रामसेवक सिंह की मौजूदगी में दरवाजे पर बाहर से पड़ा ताला तोड़कर कमरा खोला गया तो अंदर वीभत्स नजारा देखकर लोगों की रूह कांप गई। कमरे में अजय, उनकी पत्नी और तीनों बच्चों के बुरी तरह जले शव इधर-उधर पड़े हुए थे।

आईजी, डीएम, एसएसपी और एसपी देहात समेत जिले के आला अफसर भी फरीदपुर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस पूरे दिन घटनास्थल पर छानबीन करने के साथ लोगों से पूछताछ करती रही। फिर भी देर रात तक दिल दहला देने वाली इस वारदात का कोई खास सुराग हासिल नहीं हो सका।

मुख्यमंत्री ने जताया दुख, पांच लाख देने की घोषणा

एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि सभी मृतकों का वह खुद अंतिम संस्कार कराने का इंतजाम करे। इसके साथ उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

> आग से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत की बहुत दुखद घटना हुई है। कमरे में बाहर से ताला लगा था। अंदर भी कोई सिटकनी या दरवाजा बंद करने का कोई यंत्र नहीं था। आग लगने के कारणों का पता किया जा रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। - **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

जदयू प्रमुख ने रिकॉर्ड नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

नौवीं बार... मैं नीतीश कुमार

- जदयू-भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार, भाजपा के सम्राट और विजय बने उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के लिए शपथ के ये शब्द 'मैं नीतीश कुमार' नए नहीं हैं, लेकिन अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद रविवार को रिकॉर्ड नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और देश की मौजूदा राजनीति को बता दिया मैं नीतीश कुमार।

यहां राजभवन में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नीतीश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश के साथ भाजपा के नेताओं विजय कुमार सिन्हा, सम्राट चौधरी और प्रेम कुमार ने भी मंत्रिपद की शपथ ली। जद (यू) नेता विजय कुमार चौधरी, विजेंद्र यादव और श्रवण कुमार के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की अगुवाई वाले हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों पर एक या दो दिन में निर्णय लिया जाएगा।नीतीश ने रविवार दिन में यह कहते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था कि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में उनके लिए चीजें ठीक नहीं चल रही हैं। इसी के साथ उन्होंने भाजपा के सहयोग से नई सरकार बनाने का दावा भी पेश किया था। लगभग डेढ़ साल पहले उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ लिया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नीतीश की पूर्व सहयोगी पार्टी राजद ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया, जबकि एक अन्य पूर्व सहयोगी कांग्रेस भी अनुपस्थित रही। जदयू सुप्रीमो ने 2000 में राज्य के मुख्यमंत्री पद की पहली बार शपथ ली थी।

जहां थे, वहीं वापस आ गए, अब इधर-उधर नहीं : नीतीश

नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे और अब इधर-उधर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ पहले भी थे, बीच में कहीं गए। फिर हमारी पार्टी के लोगों को लगा तो हम वापस आ गए। अब सब दिन के लिए हम लोग एक ही साथ रहेंगे जो शुरू से थे। अब इधर-उधर जाने का सवाल नहीं है। नीतीश ने बताया कि मेरे साथ सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं।

विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी नई सरकार : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में फिर से राजग की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री बनाए जाने पर सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि बिहार में बनी राजग सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार जी को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।

जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी: तेजस्वी

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 2024 में ही खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं कोई व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। मुझे कोई गुस्सा नहीं है, लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अभी खेल बाकी है। आप लिखकर ले लीजिए जदयू 2024 में ही खत्म हो जाएगी। मैं भाजपा के लोगों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने उन्हें (नीतीश कुमार) को साथ ले लिया। नीतीश कुमार पर तंज करते हुए कहा कि ये थके हुए मुख्यमंत्री थे, लेकिन हमने इनसे इतना काम करवाया कि रिकॉड बन गया।

कांग्रेस का तंज, गिरगिट को कड़ी टक्कर दे रहे हैं नीतीश

नई दिल्ली। नीतीश कुमार के रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस ने उनकी तुलना गिरगिट से की और कहा कि राज्य के लोग इस विश्वासघात के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह महागठबंधन छोड़ने के कुमार के फैसले के बारे में पहले से जानते थे, लेकिन उन्होंने 'इंडिया' को बरकरार रखने के लिए कुछ नहीं कहा। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, 'बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

आज बनाए जा रहे कानून, कल के उज्ज्वल भारत का बनेंगे आधार

सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

समारोह के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ से चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार वर्तमान संदर्भ को ध्यान में रखते हुए कानूनों का आधुनिकीकरण कर रही है और ये कानून भारत को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उच्चतम न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ (हीरक जयंती) के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक न्याय कानून बनने से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली ने एक नए युग में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि सैकड़ों साल पुराने कानूनों से नए कानूनों की ओर प्रवेश सुचारू हो। इस संबंध में, हमने सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्य पहले ही शुरू कर दिया है। मोदी ने उच्चतम न्यायालय से अन्य हितधारकों के क्षमता निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सशक्त न्यायिक प्रणाली विकसित भारत का हिस्सा है। सरकार लगातार काम कर रही है और भरोसेमंद न्यायिक प्रणाली बनाने के लिए कई फैसले ले रही है। जन विश्वास विधेयक इसी दिशा में उठाया गया कदम है। भविष्य में इससे न्यायिक प्रणाली पर अनावश्यक बोझ कम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। कहा कि आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूती प्रदान करेंगे। आज बनाए गए कानून भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

न्यायपालिका को कठिन संवाद शुरू करने की जरूरत : सीजेआई

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 'स्थगन की संस्कृति' और लंबी छुट्टियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने की न्यायपालिका की क्षमता के लिए जरूरी है कि वह चुनौतियों को पहचाने और 'कठिन संवाद' शुरू करे। उन्होंने हाशिए पर मौजूद वर्गों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और पहली पीढ़ी के वकीलों को समान अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि कानूनी पेशे में पारंपरिक रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम रहता था, लेकिन अब जिला न्यायपालिका के कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 36.3 प्रतिशत है। सीजेआई ने समाज के विभिन्न वर्गों को कानूनी पेशे में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने रेखांकित किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व बार और पीठ दोनों में काफी कम है।

उम्मीदवारों के नहीं होने पर हटाया जा सकता है आरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- नए मसौदा दिशा-निर्देशों में यूजीसी का सुझाव

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए मसौदा दिशा-निर्देशों में सुझाव दिया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार नहीं आने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। दिशा-निर्देश में कहा गया कि एससी या एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षित रिक्तियां संबंधित उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा नहीं भरी जा सकती। यह भी कहा गया कि हालांकि, एक आरक्षित रिक्ति को अनारक्षण की प्रक्रिया का पालन करके अनारक्षित घोषित किया जा सकता है, जिसके बाद इसे अनारक्षित रिक्ति के रूप में भरा जा सकता है। साथ ही कहा गया है कि सीधी भर्ती के मामले में आरक्षित रिक्तियों को अनारक्षित घोषित करने पर प्रतिबंध है। चूंकि समूह 'ए' सेवा में कोई रिक्ति खाली नहीं छोड़ी जा सकती, ऐसे में दुर्लभ मामलों में संबंधित विवि रिक्ति के आरक्षण को रद करने का प्रस्ताव कर सकता है।

बीटिंग रिट्रीट समारोह में बजेंगी भारतीय धुनें

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के मौके पर रायसीना हिल्स पर सोमवार को आयोजित होने जा रहे 'बीटिंग रिट्रीट' में सेना और अद्धसैनिक बलों के बैंड पूर्ण रूप से भारतीय धुन बजाएंगे। यह समारोह राष्ट्रीय राजधानी में विजय चौक पर होगा और इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का भी औपचारिक समापन हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि रायसीना हिल्स 'पूर्ण रूप से भारतीय धुनों का गवाह बनेगा' जो 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान बजाया जाएगा। इसके मुताबिक थलसेना, नौसेना, वायुसेना और सीएपीएफ के बैंड भारतीय धुन बजाएंगे।

पत्नी के प्रेमी ने पति को कमरे में बंद कर फूंका

कमरे में बंद करके आग लगा दी, पत्नी से अवैध संबंधों का विरोध करता था पति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फतेहपुर के देवरी बुजुर्ग गांव के रहने वाले थे शिक्षक
- पत्नी को प्रेमी संग आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था
- पत्नी से चल रहा था तलाक का मुकदमा, एक गिरफ्तार

अमृत विचार : पनकी में रविवार दोपहर पत्नी के प्रेमी ने अपने साथियों संग मिलकर सरकारी शिक्षक पति को कमरे में बंदकर जिंदा फूंक दिया। आग से खुद को घिरा देख शिक्षक ने फोन से अपने छोटे भाई को घटना की जानकारी दे दी थी। छोटे भाई ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शिक्षक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक शिक्षक की जलने व दम घुटने से मौत हो चुकी थी। पुलिस ने एक हत्यारोपी वकील को गिरफ्तार कर लिया। सरकारी शिक्षक के भाई ने उनकी पत्नी समेत चार पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी है।

मूलरूप से फतेहपुर जनपद के देवरी बुजुर्ग गांव निवासी दयाराम (45) कानपुर देहात के सिकंदरा रसधान के बुधौली गांव स्थित ग्राम विकास इंटर कालेज में शिक्षक थे। दयाराम की शादी जहानाबाद के भैसौली गांव निवासी संगीता देवी से वर्ष 2009 में हुई थी। दोनों के 12 साल का बेटा आद्विक उर्फ स्वास्तिक है। दयाराम बर्रा आठ में पत्नी और बेटे के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि सितबंर 2023 में दयाराम ने संगीता को बिधनू के हरबसपुर गांव निवासी ढाबा संचालक प्रेमी पवन के साथ आपत्तिजनक स्थितियों में पकड़ लिया था। इसके बाद से दयाराम पत्नी से अलग छोटे भाई अनुज की कानपुर देहात के गजनेर स्थित ससुराल में रहते थे। दयाराम ने पत्नी से तलाक का मुकदमा किया था। छोटे भाई अनुज ने बताया कि पवन का एक दोस्त महेश दयाराम का भी दोस्त था। महेश के बहनोई वकील संजीव कुमार ने संगीता से विवाद निस्तारण के लिए रविवार को दयाराम को मिलने बुलाया। वहां सबने दयाराम को कमरे में बंद कर आग लगा दी। अनुज ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दयाराम ने उसे फोन कर बताया कि संजीव व पवन ने उसे कमरे में बंद कर कमरे में आग लगा दी है। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दयाराम को बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने संजीव को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

रुद्रपुर से 20 दिन पहले लापता शिक्षक का शव रामगंगा नदी में उतराता मिला

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

- जिले के मिलक थाना क्षेत्र के गांव कूप का मामला

अमृत विचार : उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जनपद के रुद्रपुर से लापता प्रधानाध्यापक का शव मिलक के कूप गांव में रामगंगा में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक के परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

रुद्रपुर के मोहल्ला न्यू जैन कालोनी निवासी त्रिवेणी सिंह राणा (45) बिलासपुर तहसील क्षेत्र के सकटुआ गांव में कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। आठ जनवरी को अपराह्न करीब तीन बजे वह जैकेट में चेन लगवाने के लिए बाइक से घर से निकले थे लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंचे। देर रात तक खोजबीन करने के पश्चात परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

रविवार को मिलक कोतवाली क्षेत्र के कूप गांव में रामगंगा नदी में लोगों को एक शव उतराता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शिनाख्त कराने की कोशिश की। पुलिस की सूचना पर कूप गांव पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान त्रिवेणी सिंह राणा के रूप में की। परिजनों का कहना है कि त्रिवेणी सिंह का मोबाइल नहीं मिला है। उनकी बाइक शाहबाद के रामगंगा पुल पर खड़ी थी। उनकी हत्या की गई है।

> प्रथम दृष्टयता शिक्षक द्वारा रामगंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने का मामला लग रहा है। शव काफी पुराना है जो पानी में बहकर कूप गांव पहुंच गया होगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई जाएगी।
> -**अनुपम शर्मा**, कोतवाल मिलक

शोध | एकेटीयू छात्र की डिवाइस को एससीआई की स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा, 5जी-6जी नेटवर्क को आसानी से लोगों तक पहुंचाएगा तैयार मॉडल

डिजिटल राहों की रफ्तार बनेगा माइक्रोस्ट्रिप एंटीना

अमृत विचार विशेष

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : डिजिटल राहों में एकेटीयू के छात्र का तैयार माइक्रोस्ट्रिप एंटीना जल्द ही रफ्तार भरने जा रहा है। इसके सहारे लोगों तक 5जी ही नहीं 6जी की भी राह आसान हो जाएगी। फिलहाल इस नए शोध को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई की स्वीकृति का इंतजार है। शोधार्थी को तकनीकी एवं शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है।

मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलॉजी के छात्र मोहसिन अफरोज का मानना है कि पहले बाजार में 2जी ने आकर हलचल मचाई। फिर 3जी आया तो पुराने मोबाइल काम के न रहे। नेटवर्क की व्यवस्था में बदलाव आने से लोगों के जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता गया। कहते हैं कि अब 5जी का जमाना है, फिर 6जी भी होगा। इसी को लेकर उन्होंने एक नई डिवाइस तैयार की है। माइक्रोस्ट्रिप एंटीना के नाम से तैयार डिवाइस हर मोबाइल में कारगर रहेगी। माइक्रो चिप के रूप में डिवाइस लगते ही पुराना मोबाइल भी नई व्यवस्था के लिए कारगर साबित हो जाएगा।

बताते हैं कि उन्होंने तैयार मॉडल को अंतर्राष्ट्रीय संस्था एससीआई को प्रेषित कर दिया है। स्वीकृति मिलते ही इसे बाजार में उतारकर उपयोग में लाया जा सकेगा।

मोहसिन अफरोज

अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से सस्ती देसी डिवाइस

अभी तक बाजार में अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा गोल्ड और कॉपर से तैयार डिवाइस ही इस्तेमाल में लाई जाती रही है। जो काफी खर्चीली है। शोधार्थी का दावा है कि कॉपर से तैयार नई डिवाइस अपेक्षाकृत काफी सस्ती और सुलभ है।

एकेटीयू के सभी संस्थानों में अव्वल रहे हैं मोहसिन

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 550 से अधिक संस्थानों में मोहसिन अफरोज शिक्षा एवं तकनीकी शोध के क्षेत्र में प्रथम स्थान पाए हैं। इन्हीं उपलब्धियों के कारण इन्हें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा गोल्ड मेडल व चांसलर अवार्ड दिया जा चुका है।

हाईप्रोफाइल चिप का इनमें होगा उपयोग

हाईप्रोफाइल चिप का इस्तेमाल मोबाइल के अतिरिक्त ब्लूटूथ, लैपटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों में आसानी से उपयोग में लाया जा सकेगा।

एक नजर

0238 के स्थान पर दिखेगी गन्ने की नई प्रजाति

मुरादाबाद, अमृत विचार : जनपद से रोगग्रस्त पुरानी गन्ना किस्म 0238 समाप्त की जाएगी। उसके स्थान पर नई किस्म का गन्ना बोया जाने लगा है। इस बार वसंत कालीन गन्ना बुआई में नई किस्म का बीज किसानों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। उप गन्ना आयुक्त ने इस पर विशेष फोकस किया है। मंडल में रोगग्रस्त गन्ने से किसानों का खासा नुकसान हुआ है। इसी वजह से रोगग्रस्त किस्म को बाहर किया जा रहा है। उप गन्ना आयुक्त सरदार हरपाल सिंह ने कहा है कि नई किस्म के बीज की उपलब्धता के साथ नर्सरी का भी निरीक्षण किया जा रहा है। सभी गन्ना अधिकारियों और ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षकों के साथ बैठक हो चुकी है। विभागीय अधिकारी अब पुरानी किस्म 0238 को विस्थापित करने के लिए वसंत कालीन बुआई के लिए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करा रहे हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित बीज का उपयोग करने पर जोर है तो वहीं उपलब्ध सीडलिंग का भी आंकलन किया जा रहा है।

देश की आजादी को लाजपत राय ने दी प्राणों की आहुति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्वतंत्रता सेनानी व शेर ए पंजाब लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन देश को आजाद कराने में लगा दिया। उन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

एसोसिएट एनसीसी आफिसर मेजर राजीव ढल ने बताया कि भारत मां को वीरों की जननी कहा जाता है। इस धरती पर कई ऐसे वीर सपूत हुए हैं, जिन्होंने अपने जीवन की परवाह न करते हुए इस देश को आजाद कराने के लिए जीवन तक बलिदान कर दिया। ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी थे शेर-ए-पंजाब लाला लाजपत राय। जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में गरम दल के तीन

मेजर राजीव ढल

महेंद्र सिंह विश्नोई

प्रमुख नेताओं लाल-बाल-पाल में से एक थे। वहीं योगाचार्य महेंद्र सिंह विश्नोई ने बताया कि पंजाब केसरी लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी, 1865 को फिरोजपुर, पंजाब में हुआ था। उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद फारसी और उर्दू के महान विद्वान थे और माता गुलाब देवी धार्मिक महिला थीं। प्रारंभ से ही लाजपत राय लेखन और भाषण में बहुत रुचि लेते थे। इन्होंने कुछ समय हरियाणा के रोहतक और हिसार शहरों में वकालत की। लाजपत राय स्वावलंबन से स्वराज्य लाना चाहते थे।

40 की उम्र के बाद आंखों की जांच अवश्य कराएं

मुरादाबाद, अमृत विचार: सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में आफ्थेलमिक सोसायटी की ओर से ग्लूकोमा कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यशाला में ग्लूकोमा के लक्षण और उपचार पर चर्चा हुई।

चर्चा हुई कि इसे दवा से नियंत्रित नहीं होने की दशा में अहमद ग्लूकोमा वाल्व जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके मरीजों को फायदा पहुंचाया जा सकता है। कई बार इसकी पहचान से पहले रोशनी जाने लगती है। इसमें रोशनी को वापस लाना नामुमकिन है। बची रोशनी को एडवांस टेक्नोलॉजी से बचाया जा सकता है। संस्थान की चेयरपर्सन डॉ.आशी खुराना ने बताया कि 40 साल की उम्र को पार करने के बाद हर किसी को छह महीने में एक बार अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए। कांफ्रेंस को मुरादाबाद आफ्थेलमिक सोसायटी के अध्यक्ष डॉ.प्रदीप अग्रवाल, डा.मुकेश कुमार और डॉ.प्रवीण ने आयोजित किया।

तकनीकी और विभागीय जांच के बाद संभागीय परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

विद्यालयों में संचालित 128 वाहनों का परमिट निरस्त

कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पंजीयन, फिटनेस, प्रदूषण व सुरक्षा मानकों को लेकर धारा 86 की कार्रवाई
- मुरादाबाद में 147 वाहन संचालकों को नोटिस जारी किए गए थे

अमृत विचार: विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए चलने वाले वाहनों में मानकों की अनदेखी भारी पड़ी है। तकनीकी और विभागीय जांच के बाद संभागीय परिवहन विभाग ने कार्रवाई की है। विभागीय मानक की कसौटी पर फेल 128 वाहनों का संचालन परमिट निरस्त कर दिया गया है। केवल मुरादाबाद में 147 वाहन संचालकों को नोटिस जारी किए गए थे। रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर में भी इसी तरह के अभियान चले थे।

मुरादाबाद जिले में 862 स्कूली वाहन हैं, जिनमें 590 बसें हैं। बिजनौर में सर्वाधिक 941 वाहनों का पंजीयन है। रामपुर के स्कूलों में 367 वाहन पंजीकृत हैं। संभल में 407 और अमरोहा में 550 वाहन हैं। बीते साल की कार्रवाई और जरूरी मानकों की छानबीन के बाद विभाग ने वाहन मालिकों को नोटिस जारी किया था। साल 2022 की कार्रवाई में तो मंडल में खूब खलबली मची थी। तब कोरोना काल के बाद स्कूल प्रबंधन ने वाहनों की जरूरी जांच नहीं कराई थी। परमिट की फीस, फिटनेस और प्रदूषण संबंधी शर्तों का पालन नहीं हुआ था। उसके बाद विभाग की ओर से प्रबंधन और वाहन स्वामियों को परमिट निरस्तीकरण के पत्र जारी किए गए थे। उसके बाद प्रबंधन परेशान हुआ था।

वाहनों के सुरक्षा मानकों की जांच के बाद संभागीय परिवहन प्राधिकारण (आरटीए) की बैठक में इस बात की चर्चा हुई थी। 28 अगस्त को विभाग की ओर से कार्रवाई की तैयारी की गयी थी। इसके बाद यह कार्रवाई की गयी है। दिसंबर माह की बैठक में इस बात पर गंभीर चर्चा हुई थी।

इसके बाद संभागीय परिवहन विभाग ने मंडल के विद्यालयों में पंजीकृत 128 मानक अनुरूप नहीं मिले वाहनों का परमिट निरस्त कर दिया है। विभाग की शर्त और मानक की अनदेखी करने वाले ऐसे वाहनों का संचालन रोक दिया गया है।

> विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को ले आने और वापस ले जाने के लिए वाहनों का उपयोग होता है। ऐसे वाहनों को विद्यालय की नियमावली के तहत विभाग पंजीकृत करता है। सुरक्षा के मद्देनजर सरकार की ओर से ऐसे वाहनों की सघन जांच, सुरक्षा मानकों के पालन और अब नए नियम के अनुरूप जीपीएस, कैमरे, गति और आपात कालीन बटन अनिवार्य है। मंडल में जरूरी मानक का पालन नहीं करने वाले 128 ऐसे वाहनों का संचालन प्रतिबंधित किया गया है।
>
> **-प्रणव झा,** संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)

यह है धारा 86 की कार्रवाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : मोटर वाहन अधिनियम 1988 में धारा 86(1) परमिट देने वाला परिवहन प्राधिकरण को परमिट रद करने का अधिकार देती है। प्राधिकरण ऐसे वाहन का परमिट कुछ अवधि के लिए स्थगित कर सकता है।

लुढ़का अधिकतम तापमान, पछुआ हवा ने ठिठुराया

अधिकतम तापमान रविवार को 12.8 और न्यूनतम 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा, अलाव का लिया सहारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रविवार की सुबह कोहरे और शीतलहर ने लोगों को ठिठुरा दिया। पछुआ हवा से बढ़ी गलन से लोग कांप गए। पूरे दिन गर्म कपड़े पहनने और कंबल रजाई में होने के बाद भी लोग ठिठुरते रहे। वहीं मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि अभी 31 जनवरी तक ठंड से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। बारिश का अनुमान नहीं है।

सुबह शीतलहर से लोग ठिठुर गए। कोहरे से दृश्यता कम रही। शीतलहर और पांच किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली पछुआ हवा से गलन और बढ़ गई। पूरे दिन लोग ठिठुरते रहे। बंद कमरे में भी गलन से लोग कांप गए। शाम ढलते ही गलन से लोग बेहाल हो गए। घरों में हीटर, ब्लोअर का सहारा लोगों ने ठंड से राहत पाने के लिए लिया। कई जगह लोग अलाव सेंक कर बचाव करने में जुटे रहे। शनिवार को जहां अधिकतम तापमान 17 डिग्री रहा जो रविवार को लुढ़क कर 12.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। आर्द्रता 82 प्रतिशत होने और पांच किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही पछुआ हवा से लोग परेशान हुए। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह का कहना है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से गलन बरकरार है।

पछुआ हवा से गलन अधिक रही। अधिकतम तापमान 12.8 और न्यूनतम 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा। अभी ठंड से राहत नहीं मिलेगी। बारिश होने का अनुमान नहीं है। 31 जनवरी तक मौसम ऐसे ही रहेगा।

जिला अस्पताल में ठंड से बचने के लिए अलाव सेंकते लोग। ● अमृत विचार

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

ट्रेनों के विलंब से चलने पर निरस्त हो रहे 40 प्रतिशत टिकट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महीने भर से मंडल में लंबी दूरी की ट्रेनें कोहरे की मार झेल रही हैं। मंडल मुख्यालय पर रोजाना 40 प्रतिशत लोग टिकट वापसी का दावा कर रहे हैं। आरक्षण काउंटर पर टिकट निरस्त कराने वालों की भीड़ जुट रही है। ऐसा ट्रेनों की देरी से चलने की वजह से हो रहा है।

टिकट काउंटर पर औसतन 700 से 850 आरक्षित टिकटों की बुकिंग होती है। लेकिन, ट्रेनों की देरी से चलने की वजह से लोगों को अपनी यात्रा निरस्त करनी पड़ रही है। चीफ रिजर्वेशन सुपरवाइजर (सीआरएस) ने नाम न सार्वजनिक करने की शर्त पर इस बात की जानकारी दी कि दिन में कई बार ऐसे मौके आ रहे हैं, जब लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण कराने वालों से अधिक निरस्त कराने वाले आ जा रहे हैं। सुबह पहुंचने वाली कई ट्रेनों को देर रात तक प्रतीक्षा करनी यहां आम बात है। उधर, रविवार को फिर प्रमुख ट्रेनों ने विलंब का नया रिकॉर्ड बनाया है। दून एक्सप्रेस 16 घंटे 25 मिनट की देरी से चल रही है जबकि, कामाख्या 9 घंटे 15 मिनट, कुंभ 4 घंटे 29 मिनट, लोकनायक 1 घंटा 29 मिनट, पंजाब मेल 1 घंटा 5 मिनट, गंगा सतलुज 1 घंटा 26 मिनट, अवध-असम 2 घंटे 30 मिनट, न्यू जलपाईगुड़ी 2 घंटे 15 मिनट, दुर्गियाना एक्सप्रेस 2 घंटे 50 मिनट और राजधानी 1 घंटे 36 मिनट की देरी से आई।

नगर और देहात विधानसभा क्षेत्र के 637 बूथों पर कार्यक्रम का प्रसारण

मन की बात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 109वां संस्करण नगर व देहात विधानसभा के 637 बूथों पर सुना गया। कार्यक्रम के बाद सभी बूथ समितियों की बैठक हुई। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कटघर नगर मंडल में लाजपत नगर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 168 पर मन की बात कार्यक्रम सुना।

भाजपा पश्चिमी क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कटघर मंडल के बूथ संख्या 103 पर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने चंद्रनगर मंडल के बूथ संख्या 315, एमएलसी डॉ.जयपाल सिंह व्यस्त चंद्रनगर मंडल के बूथ 445, एमएलसी गोपाल अंजान ने चंद्रनगर के बूथ 496, महापौर विनोद अग्रवाल ने कटघर मंडल के बूथ 154, ब्लाक प्रमुख मनीष सिंह ने देहात विधानसभा के भोजपुर मंडल में बूथ संख्या 16, ब्लाक प्रमुख ठाकुर संतोष सिंह ने देहात विधानसभा के बूथ संख्या 443,

प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते नगर विधायक रितेश गुप्ता और अन्य। ● अमृत विचार

- लाजपतनगर के बूथ संख्या 168 पर नगर विधायक ने सुना कार्यक्रम

क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल ने देहात विधानसभा के बूथ 239, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने बूथ संख्या 176 पर कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना।

महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, प्रिया अग्रवाल, अल्पना रितेश गुप्ता, नवदीप टंडन, गिरीश भंडूला, हेमराज सैनी, दिनेश सिसोदिया, राहुल शर्मा, विशाल त्यागी, चंद्र प्रजापति, अजय वर्मा, शमी भटनागर, सुनीता शर्मा, शशि किरण, हरीश जाटव, सर्वेश पटेल, नितिन सोनी, सोनू शर्मा, गेत्रपाल सिंह, नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष डॉ.गौरव श्रीवास्तव ने प्रसारण सुना।

भाजपा महानगर के मंत्री व मन की बात कार्यक्रम के महानगर संयोजक सर्वेश पटेल ने बताया कि संगठन स्तर पर प्रसारण सुनने वालों की संख्या भी दर्ज की गयी है। बूथ वार बैठक में प्रधानमंत्री के संदेश और लोक सभा चुनाव को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी।

ई-रिक्शा चालकों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में रविवार को माल गोदाम स्टेशन रोड पर उप निरीक्षक यातायात राजकुमार एवं उनकी टीम तथा सामाजिक संगठन के कपिल रस्तोगी ई-रिक्शा चालकों एवं ऑटो चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमावली के पम्फलेट वितरित किए।

ई-रिक्शा चालकों को बताया गया की उनकी ई-रिक्शा शहर के मुख्य मार्गों पर नहीं चल सकती है। वह अपने आगे की सीट पर दाएं या बाएं सवारी बैठाकर या 40 किलोग्राम से ज्यादा सामान लेकर न चलें। साथ ही ई-रिक्शा का बीमा और फिटनेस परिवहन विभाग से कराकर ही ई-रिक्शा का संचालन करें। ऑटो चालकों को बताया गया कि वह भी अपने दाएं और बाएं और की सीट पर सवारियों को बैठाकर ऑटो का संचालन नहीं करें। अभियान में इस बात की जानकारी दी गयी कि अब सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बनाई गई कमेटी ऑन रोड सेफ्टी बाय सुप्रीम कोर्ट ने सभी ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो के लिए ओवरलोडिंग के चालान करने की व्यवस्था कर दी है। दोनों प्रकार के वाहन चालकों को किसी भी प्रकार का नशा करके अपना वाहन न चलाने की हिदायत भी दी गई।

माल गोदाम स्टेशन रोड पर उप निरीक्षक यातायात राजकुमार, स्वयंसेवी कपिल रस्तोगी चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए। ● अमृत विचार

- सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत माल गोदाम रोड पर ऑटो चालकों को पम्फलेट बांटे

राहगीरों को भोजन वितरित कर कमाया पुण्य लाभ

मुरादाबाद, अमृत विचार: शिव पार्वती रसोई परिवार की ओर से रविवार को प्रकाश नगर में भोजन व फल आदि का वितरण किया गया। राहगीरों को भोजन वितरण कर धर्मलाभ कमाया गया।

रसोई का आयोजन सुमित टंडन ने अपने माता-पिता की शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कराया। इस दौरान प्रत्युष यादव, आशुतोष त्यागी, पुष्पा यादव, राहुल शर्मा, डॉ. सतवीर चौहान, आशीष यादव, मनोज गुप्ता, राजकुमार, विशेष यादव, विश्वजीत यादव, अर्जुन सिंह, हरिओम शर्मा, विवेक गुप्ता, मानव चौहान, डॉ. वर्षा यादव, सौरभ चक्रवर्ती, कुलदीप सिंह, हनी जुनेजा, अनुज कश्यप, अंशुल चौहान आदि मौजूद रहे।

रामगंगा घाट पर आरती करते लोग। ● अमृत विचार

रामगंगा घाट पर भक्तों ने की आरती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रामगंगा विहार के रामगंगा घाट पर जानकी माता रसोई की ओर से कार्यक्रम संयोजक टीटू सैनी के नेतृत्व में रामगंगा की आरती कर भंडारा किया गया। इसमें पूर्व पार्षद अर्चना शर्मा, तिलक भाटी आदि ने भक्तों के साथ मिलकर गंगा आरती कर जय गंगा मैया का उद्घोष किया।

गंगा आरती के बाद पूर्व पार्षद ने भंडारे की शुरुआत की। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आरती और भंडारे में अरविंद चौधरी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, अभिषेक भटनागर, मोहन लाल शर्मा, वीना सैनी, युक्ति वार्ष्णेय, अजय वर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, संजय पाठक, संजय सक्सेना, योगेश गुप्ता, विजय वर्मा, तुषार विश्वास, अमित गर्ग, बिजेंद्र सिंह, दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आईएफटीएम के शिक्षकों का नेपाल में चयन

मुरादाबाद, अमृत विचार: आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में कार्यरत दो शिक्षकों डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज खान का न्यूरोसाइंस स्कूल, नेपाल में चयन हुआ है। दोनों 24 अप्रैल से 8 मई तक अंतर्राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान संगठन (आईबीआरओ) के न्यूरोसाइंस स्कूल जाएंगे। इस स्कूल में एशिया पैसिफिक रीजन से चयनित प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। आईबीआरओ एक वैश्विक संगठन है जो मस्तिष्क और तंतुक्रिया अनुसंधान को बढ़ावा देने का कार्य करता है। डॉ. अलका लोहनी और डॉ. शहबाज ने बताया कि वह इस यात्रा के लिए चयनित होने पर अत्यंत प्रसन्न हैं। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. महेंद्र प्रसाद पांडेय, फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

सम्मान समारोह | वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. आरसी शुक्ल कलाश्री सम्मान से सम्मानित, कला भारती की ओर से काव्य-गोष्ठी आयोजित

तुलसी भरोसे राम की निश्चित होकर सोए, अनहोनी होव...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कला व साहित्यिक संस्था कला भारती साहित्य समागम की ओर से रविवार को एक समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. आरसी शुक्ल को अंग-वस्त्र, प्रतीक चिह्न, मानपत्र एवं श्रीफल भेंटकर कलाश्री सम्मान से अलंकृत किया गया। सम्मान समारोह और काव्य-गोष्ठी का आयोजन मिलन विहार स्थित आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में हुआ।

नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ। अध्यक्षता संजीव आकांक्षी ने की। मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर, विशिष्ट अतिथि ब्रजेन्द्र वत्स व रघुराज सिंह निश्चल रहे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. आरसी शुक्ल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर राजीव प्रखर द्वारा लिखित आलेख का वाचन योगेन्द्र वर्मा व्योम ने किया। जबकि मान-पत्र का वाचन ईशांत शर्मा ईशू ने किया। संचालन आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ ने किया। सम्मान समारोह के बाद काव्य-गोष्ठी हुई। डॉ. आरसी शुक्ल ने अपनी रचना मन व्यथित है बहुत तुम कहां हो प्रिये, तोड़ दो बंदिशें मन आनंदित रहे सुनाया। संजीव आकांक्षी ने तुलसी भरोसे राम की निश्चिंत होकर सोए, अनहोनी होव नहीं होनी हो सो होए से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर ने महाशक्तियां जहां खड़ी हैं, वह मचान भारत का है, योगेन्द्र वर्मा व्योम ने कृपासिंधु के रूप में, छवि धर ललित-ललाम। दिव्य अयोध्या में हुए, प्राण-प्रतिष्ठित राम सुनाकर माहौल को राम की भक्ति में रंगा। डॉ. मनोज रस्तोगी ने वर्षों की प्रतीक्षा के बाद शुभ घड़ी है आई, अयोध्या में राम मंदिर का स्वप्न हुआ साकार, ईशांत शर्मा ईशू ने भविष्य की योजनाओं से ग्रसित हमारी जवानी है, सच यह है कि ये मेरी अधूरी कहानी है सुनाई। मयंक शर्मा ने राम तुम्हें आना होगा इस, धरा पर अबकी बार भी, करना होगा धर्मशस्त्र से, दीन दुःखी उद्धार भी, रघुराज सिंह निश्चल ने अक्षर-अक्षर हैं सिया, शब्द शब्द श्रीराम, मन से हर क्षण में, सियाराम का नाम, ओंकार सिंह ओंकार ने हाथ में लेकर तीर-कमान, हमारे राम पधारे सुनाकर सभी को राम की भक्ति से सराबोर कर दिया। रामदत्त द्विवेदी ने धन्य है राहगीर को जो नमन करते हैं। वंदनीय है शीश उनके चरण धरते हैं, रश्मि चौधरी की रचना घर के बंटवारों में इतना खो गए, भाई ही भाई के दुश्मन हो गए की सभी ने सराहना की। राजीव प्रखर ने आभार जताया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. आरसी शुक्ल को कलाश्री सम्मान से सम्मानित करते कवि व साहित्यकार। ● अमृत विचार

स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्त्रोत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की आम सभा की मासिक बैठक रविवार को महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में हुई। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डीके गुप्ता ने की और संचालन महासचिव एसपी सिंह ने किया।

संस्था के उपाध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किए। वह और सुभाष चंद्र बोस और कई अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। बताया कि स्वामी वेश्याओं में भी माता के दर्शन देखते थे। वह किसी का भी अपमान नहीं करते थे। संस्था के सदस्य आरके भट्टाचार्य ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक उड़ीसा में हुआ था। उनका पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा।

राजेंद्र अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के अयोध्या में हुए राम मंदिर निर्माण की तारीफ की और कहा कि आने वाले दिनों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगा। मनु रस्तोगी ने श्याम तुम्हें मिलने का सत्संग ही बहाना है, दुनिया वाले क्या जाने की मेरा तुम्हारा रिश्ता पुराना है। पंक्तियां सुन कर सबको संदेश दिया। इस अवसर पर जिन सदस्यों का इस महा जन्मदिन व विवाह तिथि रहीं उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में हरपाल सिंह, घनश्याम सिंह, श्याम सिंह, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

शहर में आज

- उत्तर प्रदेशीय मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ की ओर से विराट कवि सम्मेलन व मुशायरा, कलेक्ट्रेट के मुशायरा ग्राउंड में शाम 4:30 बजे।
- कालीमंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6:00 बजे।

एक नजर

दो युवतियों को बहला फुसलाकर ले जाने में रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : दो अलग-अलग मामलों में युवतियों को बहला-फुसलाकर ले जाने में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि 24 जनवरी की सुबह के समय अहलादपुर निवासी फिरोज उसकी बेटी को अपने साथ बहला-फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित घटना की शिकायत करने फिरोज के घर गया तो आरोपी के पिता शाकिर और चाचा राशिद ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए घर से भगा दिया और धमकाया भी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर फिरोज और उसके आरोपी पिता शाकिर व राशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने सोनू पर अपने साथी रतनपाल के साथ उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

उर्दू के प्रचार-प्रसार को लेकर विचार-विमर्श किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : रियल आर्टिजन वेलफेयर ट्रस्ट मुगलपुरा में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग से उर्दू भाषा की शिक्षा दे रहा है। रविवार को मुगलपुरा स्थित कार्यालय पर उर्दू को आम जनमानस में लोकप्रिय बनाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलहाज मिर्जा अरशद बेग (अध्यक्ष नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन) ने की। अतिथि के रूप में साहिल शमसी, फिरोज मलिक, फिरोज खान, जुबेर अली (एडवोकेट), अब्दुल कादिर ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन शाहनवाज अहमद खान ने किया।

पुलिस ने चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने रविवार को पटेल नगर रेलवे हरथला कालोनी के गुड्डू पुत्र रामचन्द्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इसके पास चाकू बरामद हुआ है। इसे फुटबाल ग्राउंड हरथला से पकड़ा गया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

डिप्टी सीएमओ ने बरुआ हेल्थ सेंटर के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में धांधली का मामला

अमृत विचार: डिप्टी सीएमओ ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में फर्जी दस्तावेजों के सहारे घोटाला करने के आरोप में बरुआ हेल्थ क्लिनिक सेंटर के संचालक के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव कुमार बेलवाल ने मझोला थानाध्यक्ष को बताया कि डॉक्टर बरुआ हेल्थ केयर सेंटर खुशहालपुर के विवेक विहार में है। इसके संचालक डॉ. अभिजीत बरुआ हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में उन्होंने मझोला थाने में तहरीर दी है। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि स्टेट हेल्थ एजेंसी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के निर्देश पर 15 दिसंबर 2023 को डॉक्टर बरुआ हेल्थ केयर सेंटर का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान सेंटर में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में फर्जी, कूटरचित एवं भ्रामक दस्तावेज के आधार पर जालसाजी करते हुए बिल क्लेम किया जाना पाया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी डॉक्टर बरुआ हेल्थ केयर सेंटर के संचालक के विरुद्ध धोखाधड़ी एवं जालसाजी के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज कर दी है। उधर, मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि डिप्टी सीएमओ की तहरीर पर उन्होंने डॉक्टर बरुआ हेल्थ केयर सेंटर के संचालक डॉ. अभिजीत बरुआ के विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रकरण की जांच कर रहे हैं।

सिरसवां चौराहे से टांडा तक 5 किलोमीटर की सड़क का निर्माण जल्द होगा शुरू, प्रस्ताव को हरी झंडी

लोक निर्माण विभाग की गड्ढायुक्त सड़कें बन रहीं हादसों का कारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शहर के बीच से होकर जाने वाले हाईवे की सड़कों की हालत खस्ता हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़कें तो बनाई गईं, लेकिन बीच-बीच गड्ढायुक्त सड़कें छोड़ने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों दावा है कि जल्द ही पीतल नगरी डिपो से डबल फाटक पुल तक और रेलवे स्टेशन के सामने की गड्ढायुक्त सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जिसका विभाग की ओर से 2 करोड़ रुपये के एस्टीमेट शासन को भेजा गया है। वहीं सिरसवां चौराहे से लेकर टांडा तक की बदतर 5 किलोमीटर तक सड़क का निर्माण कार्य फरवरी के पहले सप्ताह में शुरू किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन और पीतल नगरी डिपो के सामने की सड़कों को अभी तक गड्ढामुक्त नहीं किया गया। हालांकि लोक निर्माण विभाग ने रामगंगा पुल से लेकर डबल फाटक की 3 किलोमीटर की सड़क का ढाई करोड़ की लागत से निर्माण कराया जाना था। लेकिन, निर्माण रामगंगा पुल से लेकर लाजपत नगर के मोड़ तक कराया गया। वहां से लेकर डबल फाटक पुल तक की सड़क का निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। लाजपत नगर से डबल फाटक पुल तक की सड़क बेहद खराब हालत में है। सड़क में बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं।

हाईवे पर पीछे आ रहे तेज गति के वाहन से किसी दिन जानलेवा हादसा भी होने का खतरा बना है। लोक निर्माण विभाग के जेई मोहम्मद हारुन ने बताया की पीतल नगरी डिपो से पुल तक का कुछ हिस्सा छूट गया था। इसके लिए विभाग की ओर से तीन महीने पहले तीन किलोमीटर की सड़क का निर्माण करने का दो करोड़ का प्रस्ताव भेजा है जो कि जल्द ही मंजूर होने की उम्मीद है। इस प्रस्ताव में फव्वारा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन के सामने की सड़क और लाजपत नगर मोड़ तक की 3 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। इसके अलावा सिरसवां चौराहे से टांडा तक 5 किलोमीटर सड़क निर्माण का प्रस्ताव मंजूर हो गया। फरवरी के पहले सप्ताह में जिसका निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के सामने क्षतिग्रस्त सड़क। ● अमृत विचार

प्रेम वंडर लैंड पुल की लाइटें खराब, जिम्मेदार अनजान

मुरादाबाद, अमृत विचार : काशीपुर, रामनगर, नैनीताल और रामपुर जाने के लिए काशीपुर तिराहे से पहले बने प्रेम वंडर लैंड के सामने पुल की लाइटें खराब होने से हादसों का खतरा बढ़ गया है। लाइटें कई माह से खराब हैं, लेकिन मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। एमडीए के अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा है। उत्तराखंड व अन्य जिलों रामपुर, काशीपुर और बरेली जाने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों के लिए प्रेम वंडर लैंड पुल एकमात्र रास्ता है। रात के अंधेरे में पुल से गुजरने वाले वाहनों की शाम होते ही कोहरे में आपस में भिड़ने की संभावना बनी रहती है। कुछ महीने से लाइटें खराब पड़ी हैं। कुछ पोल भी गिर गए हैं और कुछ गिरने की हालत में हैं। ऐसे में कोहरा छाने पर पुल पर हादसे का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

मादक पदार्थों की तस्करी में फकीरपुरा चौकी पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार को पकड़ा

आरोपियों के पास से गांजा और स्मैक बरामद, सभी आदर्श कॉलोनी के रहने वाले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाने की फकीरपुरा पुलिस चौकी क्षेत्र मादक पदार्थों और अवैध शराब तस्करी के मामले में चर्चित है। अवैध धंधे से जुड़े अपराधियों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में दो महिलाओं समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें भावना पत्नी विशाल, मंगलिया पत्नी शंकर, जयवीर पुत्र विजय सिंह, सतपाल उर्फ भंडारा पुत्र प्रदीप हैं। सभी आरोपी आदर्श कॉलोनी के रहने वाले हैं।

फकीरपुरा चौकी प्रभारी रीता तेवतिया ने रात में सोनकपुर पुल के नीचे संदिग्ध तौर पर खड़ी महिला से पूछताछ की तो उसने अपना नाम भावना पत्नी विशाल बताया। दरोगा ने बताया कि महिला के पास से उन्होंने कुल 20 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसकी कीमत 25,000 रुपये है। वहीं चौकी प्रभारी ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान आदर्श कॉलोनी में टिकली फैक्ट्री के पास जयवीर पुत्र विजय सिंह को पकड़ा। जिसके पास से उन्होंने 750 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसी क्रम में फकीरपुर चौकी पुलिस ने आदर्श कॉलोनी की मंगलिया पत्नी शंकर को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद की है। दरोगा अरुण कुमार वर्मा ने शनिवार रात में गश्त के दौरान सोनकपुर पुल के पास से सतपाल उर्फ भंडारा पुत्र प्रदीप को पकड़ा है। इसके पास से उन्होंने 20 ग्राम स्मैक बरामद की है। यह आदर्श कॉलोनी में टिकली फैक्ट्री के पीछे का निवासी है।

धारदार हथियार के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रात गश्त के दौरान पुलिस ने धारदार हथियार के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि पुलिस टीमों ने अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को पकड़ा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय के पास संदिग्ध आरोपी के पास से पुलिस ने छुरी बरामद की है। इस मामले में हेड कांस्टेबल अजय कुमार ने राहुल उर्फ पुद्दी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। अभियुक्त राहुल थाना क्षेत्र में गत्ता फैक्ट्री के पास पटेल नगर का रहने वाला है। इसी तरह हेड कांस्टेबल रुपेश कुमार ने भी क्रस्ट हॉस्पिटल से काजीपुरा मार्ग पर रेलवे लाइन किनारे मोनू खान पुत्र नईम खान निवासी सादात पूर्वी कुंदरकी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल लटूरी सिंह ने डेंटल कोठीवाल अस्पताल से चट्टा पुल वाले रास्ते पर पोस्टमार्टम हाउस के पास से मोहम्मद गुलफाम पुत्र तस्लीम को पकड़ा है। यह मूंढापांडे थाने के सरकड़ा खास का रहने वाला है। इसके पास पुलिस ने चाकू बरामद किया है।

फरहान भी दबोचा गया

सिविल लाइंस थाने के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने चेकिंग के दौरान गजल बार के पास से फरहान पुत्र सरदार हुसैन को गिरफ्तार किया है। इसके पास से उन्होंने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

थानाध्यक्ष ने खोली अपराधियों की हिस्ट्रीशीट

सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार की गई भावना के विरुद्ध पूर्व से ही थाने में कुल पांच मामले दर्ज हैं। इसके खिलाफ वर्ष 2017 में दो और 2018 एवं 2023 में एक-एक मामला दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सतपाल उर्फ भंडारा के विरुद्ध भी सिविल लाइंस थाने में कुल सात मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि एक बार फिर जयवीर पुत्र विजय सिंह गांजा के साथ पकड़ा गया है। इसके खिलाफ सिविल लाइंस थाने में अब तक कुल नौ मामले दर्ज हो चुके हैं। यह हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। वहीं मंगलिया पत्नी शंकर के खिलाफ कुल पांच मामले दर्ज हैं।

महानगर से अयोध्या दर्शन करने पहुंचे रहे रामभक्त

मुरादाबाद, अमृत विचार: अयोध्या में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू जागरण मंच, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी समेत भाजपा के पदाधिकारियों के कार्यक्रम तय हैं। मुरादाबाद से हिन्दू संगठन के लोगों ने पहुंचकर अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन किए। मंदिर की भव्यता को लेकर सभी उत्साहित हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी कई पदाधिकारियों ने अपने फोटो साझा किए हैं।

मेरठ प्रांत से 27 को बसों की रवानगी होनी थी। इसी क्रम में जिले से तीन बसों से पदाधिकारी पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक वतन कुमार, विभाग संचालक सुरेंद्र पाल सिंह, निवर्तमान विभाग संघ चालक ओम प्रकाश शास्त्री, महानगर संघचालक डा. विनीत गुप्ता, महानगर प्रचारक रोहित कुमार, सह नगर कार्यवाह विपिन चौधरी, प्रांत संगठन मंत्री हिन्दू जागरण मंच गोपाल सिंह, मनीराम, ओम प्रकाश, प्रदीप कांत अग्रवाल, कावेंद्र शुक्ला, अविनाश गुप्ता, अमन कुमार, मुनदेव सिंह, गौरव भटनागर, इंग्लेश सर्मा, विश्वास सक्सेना आदि अयोध्याधाम प्रभु श्रीराम के दिव्य भव्य मंदिर में दर्शन करने पहुंचे।

राइफल लेकर घर में घुसकर पीटा, छेड़खानी का भी आरोप

मारपीट

▸▸ अधिवक्ता ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

▸▸ हत्या के एक मामले में गवाही देने से रंजिश मानते हैं आरोपी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : देहरी गांव में विपक्षियों ने राइफल लेकर एक घर में हमला बोल दिया। इस दौरान घर में जो भी मिला उसे पीटा। इस मामले में अधिवक्ता रजनीकांत सिंह ने छह लोगों के विरुद्ध कटघर थाने में मामला दर्ज कराया है।

पीतलबस्ती पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई इस घटना के दौरान घर में उनके भाई चंद्रकांत उर्फ बंटी और उसकी पत्नी व बेटा मौजूद था, जो मारपीट में घायल हुए हैं। इस विवाद के पीछे अधिवक्ता ने मृतक सतीश चंद्र की हत्या के मामले में गवाही देने का कारण बताया है। उन्होंने कहा कि सतीश चंद्र की हत्या के मामले में न्यायालय में उन्होंने गवाही दी थी। इसीलिए विपक्षी नाराज हैं और जान से मारने की नीयत से योजना बनाते रहते हैं। अधिवक्ता का कहना है कि 22 जनवरी के दिन सुबह 10 बजे के दौरान विपक्षी रेखा, ममता, सोनू, बलजीत, जौहरी, शुभांगम ने घर में आकर हमला बोल दिया था। चंद्रकांत उर्फ बंटी की पत्नी राधा को पिटता देख उसका 12 साल के बेटे नील ने विरोध किया तो आरोपी ममता व सोनू ने उसे बहुत बुरी तरह से पीट दिया। आरोप है कि हमलावर उनके भाई बंटी को जान से मारने की नीयत से घर में घुसे थे। घर के बाहर रास्ते पर गुजर रहे बसंतपुर रामराय निवासी संजीव कुमार व विकास कुमार भी मारपीट के दौरान शोरगुल सुनकर घर में आ गए। इन लोगों ने बीच-बचाव किया तो हमलावार जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से हटे। अधिवक्ता ने आरोपियों पर छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया है। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि यह मामला आपस में पारिवारिक है। अधिवक्ता की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

मुसीबत : महानगर के मुख्य बाजार बुध बाजार में इस समय स्मार्ट सिटी को लेकर अतिक्रमण ध्वस्त किया जा रहा है। जिसके चलते यहां पूरे दिन धूल व जाम की समस्या रहती है। हिंदू डिग्री कॉलेज के गेट के पास से इंपीरियल तिराहे तक का एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया गया है। जिससे यातायात व्यवस्था बाधित है। दोनों तरफ का ट्रैफिक एक तरफ हो जाने के कारण यहां रोजाना जाम लगता है। जिससे दुकानदार व बाहर से आने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है की धूल की वजह से ग्राहक भी दुकान पर आने से परहेज कर रहे हैं। ● अमृत विचार

10 परियोजनाएं पूरी होते ही स्मार्ट होगा महानगर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्मार्ट सिटी की 37 में से अधर में चल रही 10 परियोजनाओं के पूरा होने की राह देखी जा रही है। इनके पूरा होने के बाद महानगर पूरी तरह स्मार्ट हो जाएगा।

इन परियोजनाओं में सर्वाधिक महत्वाकांक्षी 127.76 करोड़ रुपये लागत की स्मार्ट रोड नेटवर्क है। जिससे महानगर के बुध बाजार, इम्पीरियल तिराहा, जीएमडी रोड सहित कई अन्य प्रमुख सड़कें जुड़ी हैं। इसके अलावा 69.04 करोड़ रुपये की लागत से पुराने बाजारों का सौंदर्यीकरण कार्य भी पूरा होने की प्रतीक्षा नागरिकों के साथ मिशन के अधिकारी भी कर रहे हैं। बुध बाजार क्षेत्र में इसको लेकर तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

यह परियोजनाएं हो चुकी है पूरी: स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड की 27 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इसमें 237.56 करोड़ रुपये की लागत से बना एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, महानगर में संपत्तियों की जीआईएस आधारित मैपिंग, वायु गुणवत्ता मापक स्टेशन, मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर फार ब्रास रिसर्च, आपरेशन कायाकल्प, ब्रास औद्योगिक क्षेत्र में सेवायोजन के लिए कॅरिअर मित्र प्वाइंट, मानव शवदाह गृह, एनीमल कारकस प्लांट, सोलर आधारित वाटर एटीएम परियोजना पूर्ण हो चुकी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन, सरकारी स्कूलों पर सोलर रूफ टाप, ओवरहेड टैंक का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण भी हो चुका है।

> स्मार्ट सिटी परियोजना की 37 में से 27 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। 10 पर काम चल रहा है। इसमें से कुछ मार्च और कुछ जून तक पूरी हो जाएंगी।
>
> **-संजय चौहान,** सीईओ (नगर आयुक्त) स्मार्ट सिटी मिशन

यह परियोजनाएं हैं लंबित

परियोजना	लागत (करोड़ रुपये)
कल्चरल इवेंट्स प्रोमोशन, फेस्टिवल, प्रोमोशन हैंडीक्राफ्ट मेला फार ब्रास प्रोमोशन	1.03
फरनेस टू ब्रास इंडस्ट्रीज फार इंप्रूव्ड हेल्थ एंड आर्टिजन एंड इकोनामिक बेनिफिट	24.1
स्मार्ट रोड नेटवर्क	127.76
स्मार्ट मीटरिंग नेटवर्क स्ट्रेंथिंग टू इलेक्ट्रिक सप्लाई विद स्कॉडा सिस्टम	6.28
सिटी ब्राडिंग लोगो चार प्रवेश द्वार पर	9.93
रेट्रोफिटिंग आफ ओल्ड मार्केट एरिया	69.04
बुध बाजार, गुरहट्टी, कचहरी और डिप्टीगंज में वेंडिंग जोन	2.75
महानगर में रिहेबिलिटाइजेशन आफ स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम	49.61
नेटवर्क स्ट्रेंथनिंग, क्षमता वृद्धि आफ स्मार्ट मीटरिंग इलेक्ट्रिक सप्लाई	89.04
मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर फार ब्रास रिसर्च डेवलपमेंट फार ब्रास इंडस्ट्री	34.92

कच्ची शराब के साथ पुलिस ने चार को दबोचा

मुरादाबाद, अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना पुलिस ने रविवार को कच्ची शराब बनाने-बिक्री करने के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि अभियुक्त दीपक पुत्र ऋषिपाल को सीएल गुप्ता घाट चौकी रामगंगा विहार से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 10 लीटर शराब बरामद हुई है। यह जिला अस्पताल के सरकारी आवास का रहने वाला है। पुलिस ने अभियुक्त गुलाब सिंह पुत्र राम प्रसाद को चौकी कैंप के पास रामगंगा नदी घाट के पास पकड़ा गया है। गुलाब सिंह चक्कर की मिलक का है। अभियुक्त जीशान पुत्र हनीफ राम गंगा विहार से पकड़ा गया है। यह कांशीराम नगर में टंकी के सामने का रहने वाला है। पुलिस ने सभी के पास से 10-10 लीटर शराब बरामद की है। इनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बोर्ड परीक्षा | पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझना आवश्यक, विशेषज्ञ शिक्षकों का भी लें सहयोग

अच्छे अंकों के लिए अनुशासित अध्ययन जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी इन दिनों बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। अक्सर विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा से पहले नई-नई योजना तैयार करते हैं। कोई पढ़ाई के लिए नई दिनचर्या बनाता है। तो कोई नई-नई किताबें खोजने में लग जाता है। मगर विशेषज्ञ शिक्षकों की माने तो विद्यार्थी को ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए एक अनुशासित अध्ययन दिनचर्या बनानी चाहिए। अभी तक जिन किताबें और नोट्स से पढ़ाई कर रहे हैं। आगे भी उन पर ही भरोसा बनाए रखें।

राजकीय हाईस्कूल बहोरनपुर कला के प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह ने बताया कि पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझना बहुत ही जरूरी है। विद्यार्थियों को पिछली परीक्षाओं के पेपर के साथ अभ्यास करना आवश्यक है। बताया कि चुनौतीपूर्ण विषयों के लिए शिक्षा विशेषज्ञों या अपने बड़े भाई-बहन की सहायता लें। साथ ही नियमित और निष्ठापूर्ण पठन बनाए रखें। समय-सारणी बनाएं और विषयों को अनुशासित दिनचर्या के अनुरूप पढ़ें। बताया कि किसी भी छात्र के लिए टाइम टेबल बेहद जरूरी होता है। आप ऐसा टाइम टेबल बनाएं, जिसमें खेलने, पढ़ने, मोबाइल या टीवी देखने, खाने से लेकर पीने और सोने तक का एक टाइम टेबल बना लें। अब बात यहां केवल टाइम टेबल बनाने की नहीं है आपको अनुशासन के साथ उसको फॉलो भी करना होगा। आप लगातार अनुशासन के साथ अगर टाइम टेबल को फॉलो करेंगे तो आपको सफलता की सीढ़ी चढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

शारीरिक रूप से स्वस्थ होना भी जरूरी

अगर आप अच्छे तरीके से पढ़ाई करना चाहते हैं तो उसके लिए सबसे जरूरी है आपका शारीरिक रूप से स्वस्थ होना। अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो उसके लिए आपको संतुलित आहार लेने के साथ ही अच्छी नींद भी लेनी चाहिए। इससे आपके शरीर में हमेशा स्फूर्ति बनी रहेगी और आप बेहतर पढ़ाई करने के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकेंगे।

लक्ष्य को करें निर्धारित

किसी भी जगह पहुंचने के लिए सबसे पहले उस जगह के बारे में सोचना पड़ता है उसी प्रकार आपको भी क्या करना है, कितने प्रतिशत अंक प्राप्त करने हैं आदि जैसे लक्ष्य को पहले से ही तय करना होगा। जरूरी नहीं है कि आपने अगर 95 प्रतिशत या 80 प्रतिशत अंक लाने का लक्ष्य बनाया हो और उतने ही अंक आ जाएं। लेकिन, अगर आप उस लक्ष्य को पाने की बेहतर कोशिश करेंगे तो आप अपने जीवन में कभी पीछे नहीं रहेंगे।

सवाल पूछने में हिचकें नहीं विद्यार्थी

अगर आपको कोई चीज समझ में नहीं आयी है तो आप उसको बिना हिचक के अपने अध्यापक या सीनियर्स से पूछ सकते हैं। इसके साथ ही नकारात्मक और ध्यान भटकाने वाले लोगों या चीजों से दूर रहें। यह आपको हमेशा आगे बढ़ने में मदद प्रदान करेगा।

डांस में सदस्यों ने दिखाई प्रतिभा, लक्ष्मी प्रथम

मुरादाबाद, अमृत विचार: गोल्डन लायनेस क्लब नवीन की ओर से निजी बैंक्वेट हॉल में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां सदस्यों का स्वागत माला पहनाकर किया गया। इसमें संस्था की सदस्यों ने बॉलीबुड, पंजाबी गानों पर प्रस्तुति देकर सभी को अपनी प्रतिभा का मुरीद बना लिया।

डांस में लक्ष्मी अग्रवाल प्रथम और स्नेहा गुप्ता, एकता अग्रवाल और स्वाति गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं रामायण संबंधित हाउजी कराई गई, जिसको सभी ने खूब सराहा। ममता गुप्ता, अंजलि गौर, एकता अग्रवाल, आरती गुप्ता, अंशु सिंह, सचिव रेनू जैन, मधु बंसल, उमा यादव, स्नेहा गुप्ता, सुमन कौशिक, अंजलि गौर, राशि सिंह, रेखा अग्रवाल, प्रेरणा, प्रोमिला, नूपुर और शेफाली आदि मौजूद रहीं।

आर्म रेसलिंग की बारीकियों को जाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: आर्म रेसलिंग एसोसिएशन की ओर से रविवार को कार्यशाला ग्रीन मिडोज स्कूल में आयोजित की गई। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 25 शारीरिक विभाग के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बताया कि जल्द ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होगी।

उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आर्य भोला सिंह त्यागी ने आर्म रेसलिंग से जुड़े सभी तथ्यों और इतिहास के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी। एसोसिएशन के सह सचिव धर्मदेव सिंह भाटी ने तकनीकी नियमों के बारे में जानकारी दी। बताया कि आर्म रेलिंग को किस तरह खेला जाता है और क्या-क्या नियम का पालन करना होता है। बताया कि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता मई में लखनऊ में आयोजित होगी। इसमें मुरादाबाद को भी आमंत्रित किया जाएगा। आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के जिला सचिव देवेंद्र राणा ने बताया कि कार्यशाला कराने का उद्देश्य प्रशिक्षकों को खेल के बारे में जानकारी देना था। बताया कि जल्द ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। जिसमें जिले की टीम का चयन किया जाएगा। जो आगामी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

आर्म रैसलिंग वर्कशॉप में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आर्य भोला सिंह त्यागी व अन्य।

कार्यशाला

▸▸ ग्रीन मिडोज स्कूल में हुआ कार्यशाला का आयोजन

▸▸ विभिन्न स्कूलों के शारीरिक शिक्षक हुए शामिल

एक नजर

दुकान के ताले तोड़कर 10 लाख का सोना चोरी, रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र में चोर सराफा कारीगर के दुकान के ताले तोड़कर करीब दस लाख रुपये का सोना चुराकर ले गए थे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसे बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ लोगों से पूछताछ भी की है। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मछली बाजार निवासी बाबुल मलिक की सराफा बाजार में सोने के आभूषण बनाने की दुकान है। रोजाना की तरह शुक्रवार की रात भी वह दुकान बंद करके घर चला गया था। आधी रात के बाद चोर मौका पाकर उसकी दुकान का ताला तोड़कर करीब 200 ग्राम सोना चुराकर ले गए थे। सुबह को दुकान के ताले टूटे देख उसके होश उड़ गए थे। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए थे। इसके बाद उसने चोरी की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जुआ खेलते दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

अगवानपुर, अमृत विचार : रविवार को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर में पुलिस ने जुआ खेलते अमन पुत्र राकेश और अबरार पुत्र बाबू को रंगेहाथ गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। चौकी इंचार्ज मेघराज सिंह ने बताया कि प्रेमनगर से अमन पुत्र राकेश व अबरार पुत्र बाबू को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। जिनका चालान कर जेल भेज दिया गया है।

सर्दी में जाम से जूझे राहगीर

मुरादाबाद, अमृत विचार : हर रविवार को लगने वाले बाजार के चलते कांठ रोड पर हरथला में राहगीर जाम से जूझते रहे। पुलिस वाले भी व्यवस्था को सुचारु कराने में फेल नजर आए। सड़क चौड़ीकरण के लिए हरथला में अतिक्रमण हटाओ अभियान लोनिवि द्वारा चलाया गया था। इसके बाद सड़क पर मलबा कई-कई दिनों तक पड़ा रहा। वर्तमान में भी मलबे के कारण सड़क ऊंची-नीची के साथ जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे सामान्य दिनों में भी लोगों को जाम से दो चार होना पड़ रहा है। हरथला के संजू, रोहन, सतीश, रमेश का कहना है कि प्रशासन को जाम की इस गंभीर समस्या का निदान कराना चाहिए।

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : टांडा पुलिस ने आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। जहां पुलिस ने आरोपी पर कार्रवाई कर दी है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते टांडा पुलिस ने थाना क्षेत्र के झंडा चौक से स्टेडियम को जाने वाले रोड कस्बा टांडा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी बंटी सैनी निवासी मोहल्ला मरघटी है।

गांव के चौराहे पर प्रधान के बेटे को घेरकर पीटा, पांच पर रिपोर्ट

रंजिश

- बरवारा खास के पूर्व प्रधान महमूद व उनके बेटों के विरुद्ध रिपोर्ट, एक का चालान
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से भाग रहे हमलावरों में से एक को दौड़ाकर पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मूंढापांडे के बरवारा खास में प्रधान के बेटे तौफीक ने मारपीट के आरोप में पूर्व प्रधान समेत पांच लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करा दी है। इसमें पूर्व प्रधान महमूद पुत्र लतीफ और उनके बेटे फरमूद, महफूज, महबूब और रिजवान आरोपी बनाए गए हैं।

तौफीक ने पुलिस को बताया कि शनिवार को दोपहर में पूर्व प्रधान का बेटा रिजवान शराब के नशे में था और वह उनके छोटे भाई की कपड़े की दुकान के पास होकर गुजर रहा था। इसी दौरान रिजवान गिर गया था तो लोगों ने उसे उठाकर घर भेजा था। बाद में उसके परिवार के लोग उनकी दुकान पर आ गए थे और गाली-गलौज कर धमकी देकर गए थे। इधर, तौफीक ने घटना की सूचना थानाध्यक्ष को फोन पर दे दी थी। विपक्षीगण जब दुकान पर आकर तौफीक से मारपीट कर रहे थे कि तब तक दरोगा रमेश सक्सेना व अन्य कई पुलिसकर्मी आ पहुंचे थे। पुलिस को देखकर मारपीट कर रहे पूर्व प्रधान व उनके बेटे मौके से भागने लगे। तभी महफूज को पुलिस ने धर दबोचा और उसे थाने ले आई थी। पुलिस ने महफूज का चालान कर दिया है। इस मामले में मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि संबंधित प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

सीओ सिविल लाइंस संभल स्थानांतरित

मुरादाबाद, अमृत विचार : शासन ने रविवार को 39 डिप्टी एसपी की ट्रांसफर सूची जारी की है। सूची के मुताबिक, मुरादाबाद में पहले ठाकुरद्वारा और अब सिविल लाइंस सीओ की जिम्मेदारी निभा रहे अर्पित कपूर को संभल स्थानांतरित किया गया है।

कांठ, बिलारी और कटघर में सीओ रहे डॉ. गणेश गुप्ता का मुरादाबाद से कानपुर देहात ट्रांसफर किया गया है। जबकि, पीटीएस मुरादाबाद की डीएसपी ज्योति यादव को शाहजहांपुर भेजा गया है। एक ओर जहां जिले से तीन सीओ अन्य जिलों में स्थानांतरित किए गए हैं। वहीं जौनपुर से सीओ कुलदीप कुमार गुप्ता को मुरादाबाद भेजा गया है। इसके अलावा पूर्व में मुरादाबाद में डीएसपी रह चुकी सुनिता दहिया की एक बार फिर मुरादाबाद में वापसी हुई है। सुनीता दहिया की वर्तमान में मैनपुरी में तैनाती थी। हालांकि वह पीटीएस मुरादाबाद से संबद्ध थी। अब वह यहीं, सिविल लाइन सीओ सर्किल में डीएसपी होंगी।

फाइनल में जिज्ञासा क्रिकेट एकेडमी को 6 विकेट से हराया, समर्थ ने झटके 4 विकेट

लिटिल मास्टर चैंपियनशिप में एसएस एकेडमी विजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: माडर्न पब्लिक स्कूल में खेली जा रही लिटिल मास्टर चैम्पियनशिप में रविवार को फाइनल मैच खेला गया। इसमें जिज्ञासा क्रिकेट एकेडमी और एसएस क्रिकेट एकेडमी आमने सामने रहीं। एसएस के गेंदबाजों ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम को चैम्पियन बनाया। टीम के लिए समर्थ ने सर्वाधिक 4 विकेट झटके।

एसएस क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। गेंदबाजों ने इस फैसले को सही साबित किया। जिज्ञासा क्रिकेट एकेडमी 30 ओवर में 9 विकेट खोकर 152 रन ही बना पाई। एसएस के लिए सार्थक ने 4, राजीव ने 3 विकेट लिए। हालांकि फाइनल को देखते हुए यह स्कोर सम्मानजनक रहा। लेकिन, जवाब में एसएस ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिज्ञासा एकेडमी के लिए देव ने 2 और आलोक ने 1 विकेट लिया। इस मौके पर एसएस के सार्थक को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि मैन ऑफ द सिरीज राजीव चौहान को चुना गया। आखिर में आयोजकों ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। एस दौरान मुख्य अतिथि विवेक ठाकुर, प्रदीप टंडन, सलमान आजम, अमन लिट, सतीश शर्मा, यश शुक्ला, शिवम शर्मा, मिर्जा दानिश आलम, नवाज हाशमी, रोहित, शरीफ, मोबिन आदि मौजूद रहे।

ट्राफी के साथ लिटिल मास्टर चैंपियनशिप की विजेता एसएस क्रिकेट एकेडमी की टीम, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

मुरादाबाद समेत संभल, रामपुर में चेकिंग नये कनेक्शन देने के साथ भार भी बढ़ाया

मंडल में बिजली चोरी और स्वीकृत भार बढ़ाने के लिए विभाग ने चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बिजली विभाग राजस्व बढ़ाने और बिजली चोरों पर अंकुश लगाने के लिए रात दिन चेकिंग अभियान चला रहा है। मंडल के तीनों जिलों में चेकिंग करा कर बिजली चोरों पर एफआईआर और नये कनेक्शन देने की मुहिम में मुरादाबाद में 48 नये कनेक्शन और 58 का स्वीकृत भार से अधिक बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन प्लान बदल कर बिजली का भार बढ़ाया है। वहीं रामपुर और संभल में लोगों को नये कनेक्शन के साथ फूंकी गई बिजली का भुगतान भी अदा करना पड़ा।

बिजली चोरों और स्वीकृत भार से अधिक बिजली खपत कर कम बिल भुगतान करने वालों की बिजली विभाग घेराबंदी कर रहा है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के साथ भार बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही अधिक बिजली का उपभोग करने वालों से बिजली का हर्जाना भी भार के मुताबिक वसूल रहा है। ऐसे में कुछ लोग कार्रवाई की बात सुनकर खुद ही अपना बिजली का लोड बढ़वाने के लिए आगे आ रहे हैं। मुरादाबाद में अभियान को लेकर रात और दिन हो रही चेकिंग में बिजली कर्मचारियों ने बिलारी में 12 लोगों को बिना कनेक्शन बिजली की खपत करते पकड़ा। जिनसे पिछले वर्ष से लेकर अब तक उपभोग की गई बिजली का भुगतान वसूलने के साथ नये कनेक्शन दिये गए। 22 उपभोक्ताओं का भार बढ़ाया। दलपतपुर में 21 लोगों के पास बिजली के कनेक्शन नहीं थे और बिजली का भरपूर इस्तेमाल कर रहे थे। सभी से नियम अनुसार बिजली बिल का भुगतान वसूला गया। 22 लोगों का बिजली का भार बढ़ाया। पाकबड़ा में 5 लोग बिना बिजली के कनेक्शन के बिजली का इस्तेमाल करते रंगे हाथ पकड़े गए। जिन्हें विभागीय कार्रवाई के साथ नये कनेक्शन दिए गए। मूंढापांडे में 15 लोग बिना बिजली कनेक्शन के बिजली चलाते पकड़े गए जिनसे वसूली की कार्रवाई के बाद नये कनेक्शन दिए गए। 7 लोगों का बिजली का भार बढ़ाया। वहीं संभल जिले में 22 लोगों को नये कनेक्शन दिए। फूंकी गई बिजली के भुगतान भी वसूला। 15 लोगों के कनेक्शन एलएमबी वन से टू में परिवर्तित किये। बहजोई में 2 लोग बिना कनेक्शन के बिजली चलाते पकड़े। उन्हें नये कनेक्शन दिये गए। वहीं रामपुर में 12 लोगों को नये कनेक्शन दिए, 10 लोगों को स्वीकृत भार से अधिक बिजली उपयोग करते पाए जाने पर उनका विद्युत लोड भी बढ़ाया गया। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि यह अभियान फरवरी में भी चलाया जाएगा। इसमें लोगों को नये कनेक्शन देने व विभाग का राजस्व बढ़ने के साथ बिजली चोरी करने वाले मामलों में कमी आई है।

मूंढापांडे क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं के मीटर का भार चेक करते विद्युत कर्मचारी।

चाकू और कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

स्वार,अमृत विचार : पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर 40 लीटर कच्ची शराब व दो चाकू के साथ होमगार्ड के पुत्र समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। रविवार की सुबह मुखबिर ने कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना दी कि उत्तराखंड से मारुति कार मे रखकर क्षेत्र में सप्लाई करने के लिए कच्ची शराब लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस केलाखेड़ा मार्ग स्थित क्षेत्र के गांव मिलकदूंदी के मोड़ पर पहुंच गई। केलाखेड़ा की ओर से आ रही मारुति कार को रुकने का इशारा किया। इस पर कार में सवार लोग घबरा गए और गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा कर कार को रोक लिया। तलाशी के दौरान कार से 40 लीटर कच्ची शराब व दो चाकू मिले। पुलिस आरोपियों को थाने ले आई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा के गांव रतना मडैया निवासी गौरव पुत्र किशनलाल व फईम पुत्र रियाजुद्दीन बताया है। होमगार्ड किशनलाल गदरपुर थाने में तैनात है। पुलिस ने कार को सीज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

धोखाधड़ी कर दोस्त ने हड़प लिया 27 लाख का कैंटर

- मिलकखानम थाना क्षेत्र का मामला, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : दोस्त को कैंटर देना युवक को भारी पड़ गया। उसने 27 लाख रुपये का कैंटर हड़प लिया। उसकी किश्त भी जमा नहीं की। पीड़ित ने परेशान होने के बाद कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर मिलकखानम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव आकानगर निवासी अकरम अली का कहना है कि उसने 2022 में चोला मंडलम फाईनेंस कंपनी से कैंटर खरीदा था। परिवार में कुछ परेशानी आ जाने के कारण उसने कैंटर को अपने परिचित फरमान को 19 फरवरी 2023 को 15,500 रुपये लेकर शेष फाईनेंस की किश्तों को फरमान को देना तय करके बेच दिया। उसके बाद 20 फरवरी 2023 को पीड़ित ने उसके हक में विक्रयनामा, नोटरी, तहरीर गवाहन की मौजूदगी में करा दिया। इकरारनामे के अनुसार प्रत्येक किश्त 49,500 रुपये प्रत्येक माह तक कुल रकम 27,00,000 फरमान द्वारा तय करने को कहकर विक्रयनामा तहरीर कराया। किश्तें न देने पर कैंटर को वापस लेने को कहा था। अक्टूबर 2023 से फरमान ने फाईनेंस की किश्त जमा करनी बंद कर दीं। इसकी जानकारी होने पर पीड़ित के होश उड़ गए। इस बारे में पूछने पर आरोपी ने आर्थिक स्थिति सही नहीं होने का हवाला दिया। कहा कि हालात ठीक होने पर किश्त जमा कर देगा। लेकिन इसके बाद भी फरमान ने किश्त जमा नहीं की। 12 दिसंबर 2023 को पीड़ित ने फिर से किश्त जमा करने को कहा तो उसने जमा करने को कहा। इसके बाद उसने कैंटर की लोकेशन बंद कर दी। आखिरी लोकेशन हाईवे नरवाना रोड पर पाई गई थी। 31 दिसंबर के बाद से कैंटर का कोई पता नहीं चल सका। चार जनवरी को पीड़ित ने फरमान से किश्त जमा करने के लिए कहा तो वह आग-बबूला हो गया। कहा कि तुम्हारी गाड़ी चोरी हो गई है। पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर मिलकखानम पुलिस ने फरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ठेंगे पर यातायात नियम : वैसे तो ई रिक्शा सवारी ढोने के लिए प्रयोग होता है। लेकिन, कुछ लोग इसे मनमाने तरीके से आकार देकर सामान ढोने का कार्य करते हैं। जोकि यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है। रविवार की दोपहर ई रिक्शा पर आगे की सीट पर सवारी बैठकर कुछ इस तरह जाता चालक। ● अमृत विचार

विद्युत संविदाकर्मियों ने हवा में उड़ाए एक्सईएन के आदेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहरी क्षेत्र के 13 बिजलीघरों में तैनात 60 संविदाकर्मियों की तैनाती का मामला और तूल पकड़ने लगा है। मामले में 18 जनवरी को एक्सईएन ने सभी जेई को नोटिस जारी किए हैं। इसमें सख्ती से कहा गया है कि दो-तीन दिन के भीतर संविदाकर्मियों की नवीन तैनाती नहीं हुई तो जेई का जनवरी का वेतन रोक दिया जाएगा। वेतन रोकने के लिए जारी किए नोटिस से अवर अभियंताओं में खलबली मची है। जबकि, संविदाकर्मियों ने एक्सईएन के आदेश हवा में उड़ा दिए हैं।

11 जुलाई 2023 को मैहर इंटरप्राइजेज कंपनी ने शहर के 33/11 केवी 13 बिजलीघरों के एसएसओ, लाइनमैन और पेट्रोलमैन का स्थानातंरण करने के आदेश दिए थे। इसमें 60 कर्मचारी शामिल थे। नवाबगेट डिवीजन से लिए 60 में से 30 कर्मचारियों की अब तक तैनाती हुई है। शेष 30 अभी भी ऐसे हैं जो विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों के आदेशों को हवा में उड़ाकर डयूटी कर रहे हैं। नवीन तैनाती नहीं होने पर 5 दिसंबर 2023 को भी नवाबगेट डिवीजन से सभी अवर अभियंताओं को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद भी संविदा कर्मचारी अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं।

> 33/11केवी के 13 उपकेंद्र में संविदा कर्मचारियों की तैनाती नहीं होने पर अवर अभियंताओं को नोटिस जारी किए है। तैनाती नहीं होने पर उनका जनवरी का वेतन रोक दिया जाएगा।
>
> –इमरान खान, एक्सईएन प्रथम नवाब गेट

काम करने लुधियाना गया युवक लापता

रामपुर, अमृत विचार : कारचोब का काम करने लुधियाना गया युवक लापता हो गया। पीड़ित के भाई ने काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। उसने लुधियाना में पुलिस को तहरीर दी है।

गंज थाना क्षेत्र के मुहल्ला पत्थरों का थम्भ निवासी मोहम्मद निशाद कुछ दिन पहले अपने दोस्तों के साथ कारचोब का काम करने के लिए लुधियाना गया था। लुधियाना पहुंचकर वह लापता हो गया। इसका पता चलते ही परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित का भाई किसी तरह लुधियाना पहुंचा और भाई को काफी तलाश किया। लेकिन उसका पता नहीं चल सका। वही निशाद की मां व उसके बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन उसके आने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि उसका अभी तक कुछ पता नहीं लग सका है। लुधियाना में तहरीर दे दी है।

युवक के कटे हाथ व अंगुलियों को जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर के सुषमा अस्पताल में कटर मशीन से एक नवयुवक के कटे हाथ और अंगुलियों को जोड़ने में चिकित्सकों को सफलता मिली है। इससे हाथ और अंगुलियां सही हो जाएंगी। आपरेशन सफल होने पर युवक के परिवार के सदस्यों में खुशी है।

महानगर निवासी रिहान (24) पुत्र यूसुफ उत्तराखंड के हल्द्वानी में रहकर बढ़ई का काम करता है। 24 जनवरी को एक फैक्ट्री में बढ़ई का कार्य करते समय उसका हाथ कटर मशीन में आने से उसके बाएं हाथ की अंगुली आधे से अधिक कट गई। साथ ही हाथ के पंजे में गंभीर जख्म हो गया। इसके बाद उसे गंभीर अवस्था में हल्द्वानी के सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी अंगुली को काटने की बात कही गई। जिसके बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जिसके बाद रिहान को को सुषमा हॉस्पिटल एंड प्लास्टिक सर्जरी सेंटर मुरादाबाद लाया गया। जहां डॉ. मधुसूदन गुप्ता प्लास्टिक सर्जन ने उसकी तत्काल माइक्रोस्कॉपिक सर्जरी कर ऑपरेशन करने की सलाह दी। सहमति के बाद उसके हाथ की सफल माइक्रोस्कोपिक सर्जरी की गई। इसमें उसके हाथ और अंगुलियों को पहले की तरह जोड़ दिया गया। हॉस्पिटल के संचालक प्लास्टिक सर्जन डॉ. मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि रिहान की सफल माइक्रोस्कॉपिक सर्जरी हो गई है। इसके बाद उसका हाथ सही हो जाएगा और वह सामान्य ढंग से जीवन यापन कर सकेगा। रिहान के परिवार के सदस्यों ने चिकित्सक और उनकी टीम को बधाई दी।

हाथ की सर्जरी के बाद रिहान के साथ चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

सभी देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुधीर कुमार
मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक किरतपुर

आयुष ज्वेलर्स किरतपुर की और से सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आयुष अग्रवाल
प्रोपराइटर

महात्मा गांधी मुस्लिम इंटर कॉलेज किरतपुर की ओर से सभी छात्र-छात्राओं व देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कैप्टन मजहर नामी
प्रधानाचार्य

शक्ति फ्यूल पॉइंट किरतपुर व शक्ति फ्यूल सर्विस बीपीसीएल पेट्रोल पंप बुखारा रोड बिजनौर की ओर से सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आशीष अग्रवाल
प्रोपराइटर

किरतपुर केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सचिन शर्मा
अध्यक्ष

अंशुल राजपूत
सचिव

प्रशांत सिंघल
उपाध्यक्ष

मुकेश कुमार
कोषाध्यक्ष

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
मुरादाबाद संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm /1000 with GST
साइज -------10cmX8cm /1500 with GST
साइज -------15cmX8cm /2000 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
कार्यालय :-
एलआईजी-23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड, मुरादाबाद
सम्पर्क सूत्र: 7417134445, 9536644295

एक नजर

अरुण कुमार यादव को पीएचडी की उपाधि

अमृत विचार, ठाकुरद्वारा : गांधी स्मारक डिग्री कालेज सुरजन नगर में समाजशास्त्र विभाग के अरुण कुमार यादव ने ग्रामीण विकास में सरकारी योजनाओं की भूमिका एवं प्रभाव का मूल्यांकन विषय पर श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय गजरौला से समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उनको प्राचार्य डा. भूपेंद्र सिंह के साथ शिक्षकों एवं शिक्षण कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

30 जनवरी को होगा मेगा शिविर का आयोजन

बिलारी, अमृत विचार : शाहाबाद रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में 30 जनवरी को मेगा कैंप लगाकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मानसिक रोग, अवसाद इत्यादि समस्याओं का परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान नोडल स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव आदि मौजूद रहेंगे।

अवैध शराब के साथ पकड़ा

कांठ, अमृत विचार : थाना कांठ पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अवैध कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोकथाम एवं संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कांठ पुलिस ने विनीत कुमार पुत्र तोला सिंह निवासी मौढा पट्टी थाना कांठ को 18 पाउच गोल्डन पंच देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

दिव्यांग का ई रिक्शा चोरी

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम से दिव्यांग का ई-रिक्शा चोरी हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। जरीफ पुत्र रफीक निवासी ग्राम पंडिया के अनुसार उसने शनिवार की शाम को अपना ई-रिक्शा दरवाजे के सामने खड़ा किया था। वहीं पर उसके भाई मोबीन का भी ई-रिक्शा खड़ा था। बताया है कि शनिवार की रात्रि किसी समय चोर उसका ई रिक्शा चुराकर फरार हो गए। सुबह उठने पर घटना का पता चला। वहीं पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा

उपचार न मिलने पर युवक की मौत, घटना के बाद चालक कार छोड़ कर फरार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा / सुरजन नगर

अमृत विचार : तेज रफ्तार कार चालक ने ससुराल जा रहे युवक की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर शांत किया।

कोतवाली ठाकुरद्वारा की पुलिस चौकी सुरजन नगर निवासी विकास कुमार (32) पुत्र जय सिंह शनिवार की देर शाम बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव कादराबाद बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। सुआवाला गांव के पास तेज रफ्तार कार चालक ने युवक की बाइक में टक्कर मार दी। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक कार छोड़ फरार हो गया। घायल युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रविवार को पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। भारी संख्या में मृतक के परिजन व ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर दिया। वह आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। किसी तरह पुलिस ने समझा बुझाकर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के पिता, मां, भाई व मृतक की पत्नी का रोते-रोते बुरा हाल था। परिजनों का कहना है कि वह नौकरी की तैयारी में जुटा था। मृतक के पत्नी व मासूम बच्चा भी है।

सुरजन नगर में रोते-बिलखते विकास के परिजन। ● अमृत विचार

▸▸ युवक के परिजनों व ग्रामीणों का हंगामा, पुलिस ने स्थिति संभाली

होमगार्ड की अचानक मृत्यु से गांव में शोक

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम मुख्तयारपुर नवादा में होमगार्ड की अचानक मृत्यु होने से थाना कांठ और गांव में शोक है। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम मुख्तयारपुर नवादा निवासी ओमवीर सिंह (53) पुत्र निहाल सिंह की अचानक मृत्यु होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के ही राजपाल सिंह ने बताया कि ओमवीर सिंह काफी लंबे समय से कांठ थाने में तैनात थे। जिनके अंतिम दर्शन को थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह व अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उनके परिवार को सांत्वना दी।

कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित

कांठ, अमृत विचार : ठंड के प्रकोप का जनजीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। बाजार में भी रौनक नहीं है। इधर कोहरे व शीत लहर ने वाहनों की रफ्तार को ब्रेक लगा दिया है।

पिछले कई दिन से क्षेत्र में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है। ठंड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शाम ढलते ही लोग घरों में कैद होने को विवश हो जाते हैं। सुबह से ही सड़कें सूनी दिखाई देती हैं। बाजार में गर्म कपड़ों की दुकानों को छोड़कर बाकी दुकानों पर दुकानदार खाली बैठे हैं। दुकानदारों का कहना है कि घने कोहरे व शीतलहर के चलते लोगों का घर से निकलना नहीं हो रहा है। इसलिए सर्दी का असर सीधे व्यापार पर पड़ रहा है। सुबह से शाम तक कड़ाके की ठंड से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है जिससे लोग बेहाल हैं। शाम ढलते ही लोग अपने घरों में रहना बेहतर समझ रहे हैं। ठंड के कारण वाहनों में भी यात्रियों की संख्या कम दिखती है।

यातायात के नियमों की दी जानकारी

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस पर छात्र स्वयंसेवकों ने ग्राम मौढ़ी हजरतपुर एवं छात्र इकाई की स्वयंसेविकाओं ने ग्राम गुल्हड़िया में यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में यातायात नियमों की अनदेखी में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए दो पहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर यातायात के नियमों का पालन करते हुए सीमित गति से वाहन चलाने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात दिन के दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ-साथ यातायात सड़क सुरक्षा पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। दो पहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर एवं चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग भी नहीं करना चाहिए। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी आदि मौजूद रहे। संचालन छात्रा प्रभुता बिश्नोई, प्राची शर्मा, अनम जहां, फायजा ने किया।

जागरुकता रैली निकालते एनएसएस के छात्र। ● अमृत विचार

▸▸ सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

दिल्ली में सम्मानित हुए योग प्रशिक्षक राजीव और सोनू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर आयोजित 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में योग प्रशिक्षक राजीव कुमार को निमंत्रण मिला था। जिस पर वह कार्यक्रम में शामिल हुए।

आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के नोडल अधिकारी डा. महेंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के सभी योग प्रशिक्षक दिल्ली पहुंचे। योग प्रशिक्षकों ने गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभा किया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने उन्हें पीएम कॉरिडोर, कुतुब मीनार एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का भ्रमण कराया। केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने सभी योग प्रशिक्षकों के काम की प्रशंसा की। सभी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उनकी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने की प्रशंसा की। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर नगर में तैनात राजीव कुमार और बिलासपुर से सोनू चौहान को दिल्ली में सम्मानित किया गया। उन्होंने दोनों योग प्रशिक्षकों को बधाई दी।

ट्रॉफी के साथ योग प्रशिक्षक राजीव कुमार एवं बिलासपुर के सोनू चौहान।

सेंट मार्क्स स्कूल में भावाधस का पोस्टर जारी करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

आठ मार्च को मनेगा झंडा दिवस, पोस्टर जारी किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) की बैठक सेंट मार्क्स स्कूल में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तराखंड चौधरी ब्रज किशोर ने 8 मार्च को रामपुर में होने वाले झंडा दिवस का पोस्टर रिलीज किया।

मुकेश चौधरी ने बताया कि सन 1964 में धर्म समाज की स्थापना हुई थी। 8 मार्च 1992 को रामपुर में फैसला लिया गया कि आदि धर्म समाज का झंडा आसमानी होगा। तब से आज तक हर साल 8 मार्च को आसमानी झंडा दिवस मनाया जाता हैं। अध्यक्षता राहुल राही एवं संचालन सतीश परछा ने किया। इस दौरानहर्ष रत्नाकर, सुधीर वाल्मीकि, अनिल कुमार, करन कुमार, दीपक सहदेव, विनोद कुमार, किरेंद्र, अमन चौधरी, निशांत आदि मौजूद रहे।

पथ विक्रेताओं ने पालिका को थमाया कोर्ट का आर्डर

मिलक, अमृत विचार : नगर पालिका को दुकानों का निर्माण कराना भारी पड़ गया। कुछ पथ विक्रेता हाईकोर्ट चले गए। इस पर अदालत ने 19 जनवरी को पालिका को नोटिस जारी करते हुए लोगों के हित में कार्रवाई करने को कहा है। अब पथ विक्रेताओं ने राहत की सांस ली है।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने बताया कि नगर पालिका मिलक ने बाजार में पक्की दुकानें बनाने का कार्य शुरू किया था। इसे लेकर पथ विक्रेता उच्च न्यायालय की शरण में चले गए। उच्च न्यायालय ने 19 जनवरी को नगर पालिका मिलक को निर्देशित करते हुए कहा है कि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के तहत इनके हितों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्रवाई करें। याचिका दायर करने वाले दिनेश मौर्य, तिलकराज और यशपाल मौर्य ने एक पत्र पालिका में अधिशासी अधिकारी कार्यालय में 27 जनवरी को रिसीव करा दिया है।

किसानों को उन्नत प्रजाति का गन्ना बोने को किया जागरूक

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : 0238 गन्ने की प्रजाति में सड़न रोग लगने से हुई किसानों की अपूर्णीय क्षति को लेकर गन्ना विभाग के आला अधिकारियों ने बैठक कर इस प्रजाति की फसल को समूल नष्ट करने पर बल दिया। विभागीय अधिकारियों ने अन्य उन्नत प्रजाति के गन्ने को उगाने के लिए किसानों को जागरूक किया।

दीवान शुगर मिल अगवानपुर के सभागार में उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि गन्ने की 0238 प्रजाति में सड़न रोग लगने से किसानों की अपूर्णीय क्षति हुई है। इस संबंध में अधिकारियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के किसान इस प्रजाति की पैदावार नहीं करें। उप गन्ना आयुक्त ने राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, दीवान शुगर मिल के महापुरबंधक रावेंद्र त्यागी, गन्ना विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह चौहान को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जाकर जांच करें। 0238 गन्ने की क्षेत्र में पौधा और पैड़ी कितने क्षेत्रफल में है ताकि उसके स्थान पर नयी उन्नत प्रजाति के बीच किसानों को दिए जा सके। गन्ना आयुक्त ने उन्नत प्रजाति की जानकारी देते हुए बताया कि 0118, 98014, 15023, 14201 एवं 0238 एवं उत्तम है। जिसकी पैदावार करने से किसानों को गन्ने की अच्छी पैदावार मिलेगी।

बैठक में क्षेत्र से 0238 गन्ने की प्रजाति को किसी भी कीमत पर पैदावार नहीं करने एवं क्षेत्र से पूरी तरह हटाने पर जोर दिया गया। जिला गन्ना अधिकारी रामकृष्ण ने पौध शाला और आरक्षित में उपलब्ध प्रजाति के गन्ने की समीक्षा करने के निर्देश दिए। ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक अगवानपुर शिराज मलिक ने फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यंत्रों को किसानी की खेती में चलाने की समीक्षा की ओर निर्देश दिए कि क्षेत्र में सरकारी यंत्रों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए। इस मौके पर नीरज तोमर, सुरजीत, मुनींद्र सिंह, सुधीर कुमार, दीपेश सिंह एवं शुगर मिल का स्टाफ उपस्थित रहा।

बैठक

▸▸ उप गन्ना आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

▸▸ उन्नत प्रजाति का गन्ना बोने से मिलेगी अच्छी पैदावार

आयोजन शिव हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु

बाली वध का प्रसंग सुन हुए भाव-विभोर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : तहसील स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा के नवें दिन रविवार को कथा वाचक स्वामी नरेंद्रानंद स्वामी ने भगवान श्रीराम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध की कथा का प्रसंग सुनाया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए।

कथावाचक ने बताया कि माता सीता हरण के बाद श्रीराम-लक्ष्मण उन्हें ढूंढते हुए जंगल पहुंचते हैं। यहां उन्हें ब्राह्मण रूप में हनुमानजी मिलते हैं। वे वन में आने का वृतांत सुनाते हैं। हनुमान कहते हैं प्रभु जिस दुख में आप दुखी उसी दुख में महाराज सुग्रीव भी दुःखी है। हनुमान उन्हें सुग्रीव के पास लेकर जाते हैं। तीनों सुग्रीव के पास पहुंचकर चर्चा करते हैं। सुग्रीव कहते हैं मेरा भाई बाली बड़ा पराक्रमी योद्धा है। एक राक्षस को मारने के दौरान बाली ने मुझे राजा बना दिया था। कुछ दिन बाद बाली लौटा और मुझे सिंहासन से हटाकर मारा। इसके बाद मैं मार्कंडेय ऋषि के पर्वत पर रहता हूं। कथा वाचक ने बताया कि राम ने उसे कहा कि मैं एक बाण में बाली का वध कर दूंगा। राम ने सुग्रीव को युद्ध के लिए कहा। इसके बाद दोनों भाइयों का युद्ध होता है। श्रीराम कथा में अनुराग सिंघल परिवार द्वारा कथा से पूर्व पूजन का कार्य संपन्न कराया। कार्यक्रम में पंडित नंदकिशोर शर्मा, अशोक कुमार गहलोत, उषा गहलोत, अनुराग सिंघल, संध्या सिंघल, माधव, मुदित अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, सविता अग्रवाल, रेखा रानी, उत्तम सिंह, डॉ. महेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रीराम कथा में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

आर्य समाज में किया हवन का आयोजन

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : आर्य समाज में साप्ताहिक हवन का आयोजन किया गया जिसमें आर्य बंधुओं ने आहुति देकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कांठ आर्य समाज में प्रार्थना हवन का आयोजन किया गया जिसमें सभी आर्य बंधुओं ने आहुति देकर सुख, शांति की कामना की। इसके पश्चात सत्यार्थ प्रकाश पर भी प्रकाश डाला गया कि मनुष्य को अपने कर्मों का फल यहीं पर भुगतना पड़ता है। अच्छे कर्म करें अच्छी संगत में रहे तो ईश्वर परिणाम भी अच्छा ही देगा। इस मौके पर आर्य समाज के अध्यक्ष सुशील मणि गुप्ता, अशोक कुमार, राम सिंह बिश्नोई, सतपाल सिंह, देवराज सिंह आर्य, प्रदुमन कुमार, गौरव कुमार, वीरेंद्र सिंह, चमन कुमार, रितेश कुमार, राजीव शर्मा, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

सत्संग में बोलते प्रचारक ओमप्रकाश आहूजा। ● अमृत विचार

परिवार में प्रेम और शांति के साथ रहें : ओमप्रकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : निरंकारी भवन में हुए सत्संग में निरंकारी मिशन के प्रचारक ओम प्रकाश आहूजा ने कहा कि समस्त संसार एक परिवार है। हमें परिवार के सभी सदस्यों से प्रेम व शान्ति के साथ रहना है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार करना है।

बरेली रोड स्थित निरंकारी भवन में हुए सत्संग में संत निरंकारी मिशन के प्रचारक ने कहा कि ईश्वर से सबका भला मांगना है। सबके भले में अपना भी भला होता है। निरंकारी मिशन मनुर्भव वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास रखता है। सत्संग में कल्पना, पूनम, लक्ष्मी, शिरोहित, ओमप्रकाश, सुशील जौहरी, शंकरलाल आदि ने दृष्टिकोण को अपनाने पर बल दिया। सत्संग का संचालन हरिकृष्ण ने किया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में शोभित किशोर सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

सार संक्षेप

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पंकज चौहान को किया पुरस्कृत

पंकज चौहान को पुरस्कृत करते एसएसपी।

बिलारी, अमृत विचार : श्री सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान को मुरादाबाद में हुए कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने स्मृति चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया। पुलिस लाइन में हुए कार्यक्रम में धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान को बिलारी व आसपास के क्षेत्र में सामाजिक कार्य एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस का सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया।

ग्रामवासियों ने मांगी नगरीय सुविधाएं

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : काशीपुर रोड चुंगी के पास नगर से सटे ग्रामवासियों ने नगर पलिका की सड़क निर्माण, पेयजल एवं पथप्रकाश समेत अन्य नगरीय सुविधाओं की मांग की है। नगरीय क्षेत्र के समान विकास के लिए ग्राम पंचायत ने अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया है। नगर में काशीपुर रोड पर पेट्रोल पंप के पीछे ग्राम मोहम्मदगंज में स्थित आबादी ग्राम सभा फरीद नगर के अंतर्गत आती है, जबकि फरीद नगर से आबादी की दूरी दो किमी है और नगरीय सीमा वार्ड-1 में काशीपुर चुंगी के निकट है। सुंदरम कालोनी के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि कालोनी में आवागमन के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं है। इससे बरसात में काफी दिक्कत होती है। साथ ही पेयजल की सुविधा नहीं है। जबकि नगर पालिका कालोनीवासियों से हाउस टैक्स वसूलती है। उन्होंने एसडीएम से कालोनी में सड़कों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति के साथ पथप्रकाश की व्यवस्था कराने का आदेश नगर पालिका को जारी करने की मांग की है। ग्राम प्रधान खातून ने भी पालिका के विकास कार्यों के लिए अनापत्ति पत्र जारी किया है। ज्ञापन देने वालों में निर्मल सिंह, केशव कुमार, श्योनाथ सिंह, सुनीता, ओमवती, अनिल पाल, रामबहादुर, सुशील कुमार, रामकिशोर, संजय कुमार, ओमकार सिंह शामिल हैं।

आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सम्मानित

पुष्प अर्पित करते शिक्षक व अन्य।

बिलारी, अमृत विचार : आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में कॉलेज के प्रबंधक मनीष कुमार शर्मा एडवोकेट तथा अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं प्रबंधक भूपेंद्र कुमार श्रुति ने उत्कृष्ट कार्य के प्रधानाचार्य राजीव शर्मा को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

किसान की गन्ने से भरी ट्राली गायब

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : किसान की गन्ने से भरी ट्राली चोरी हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर ट्राली बरामद करने की मांग की है। गांव फैजुल्लागंज निवासी दिव्यांशू पुत्र ऋषिपाल ने कोतवाली में तहरीर दी है। इसमें कहा कि 25 जनवरी की रात को वह खोखरा ताल स्थित शिव मंदिर के सामने गन्ने से भरी ट्राली खड़ी कर ट्रैक्टर घर ले आया था। सवेरे तीन बजे त्रिवेणी चीनी मिल पर गन्ने की पर्ची तौलवाने जाना था। तड़के जब वह ट्रैक्टर लेकर गन्ने की ट्राली लेने पहुंचा तो वहां पर ट्राली नहीं थी। बाद में ग्रामीणों की मदद से ट्राली तलाश की मगर नहीं मिली। दिव्यांशू ने बताया कि ट्राली में 60 क्विंटल गन्ना भरा था। किसान ने तहरीर देकर पुलिस से ट्राली बरामदगी की मांग की है।

ठाकुरद्वारा असलेमपुर बस स्टैंड पर अंकित का स्वागत करते ग्रामीण।

अयोध्या से राम मंदिर के दर्शन कर पैदल लौटा अंकित

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : आस्था और श्रद्धा के सामने मौसम भी बाधा नहीं बनता। सर्दी की परवाह किए बगैर पैदल चलकर अयोध्या में राममंदिर के दर्शन कर वापस लौटे अंकित का ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आतिशबाजी कर व फूल-माला पहनाकर अंकित का हौसला बढ़ाया। कोतवाली के ग्राम गोपीवाला निवासी अंकित कुमार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पैदल ही अयोध्या के लिए रवाना हुआ था। राम मंदिर दर्शन के बाद पैदल सफर कर वह घर लौटा तो ग्रामीणों ने असलेमपुर बस स्टैंड पर पहुंच कर अंकित का फूल मालाओं से स्वागत किया। घर पहुंचने पर परिजनों ने प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर अरविन्द चौहान, जेपी चौहान, शिवम चौहान, धर्मेन्द्र चौहान, शोभित शर्मा, मयंक कुमार, हर्षवर्धन चौहान, भीम सिंह, मोन्टी चौहान आदि मौजूद रहे।

प्रेम शांति सदन में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

बंग भंग आंदोलन से हिल गई थी ब्रिटिश सरकार

बिलारी, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में लाला लाजपत राय को उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। समाजसेवी विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि राष्ट्र हितैषी और स्वाधीनता संग्राम के नायक के कारण इनका पंजाब केसरी के नाम से भी जाना जाता है। रविवार को लाला लाजपत राय की जयंती पर समाजसेवी विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि लाला लाजपत राय का कहना था कि भारत के वीर सपूतों को हर प्रकार की कुर्बानी के लिए तैयार रहना चाहिए। कायर न बनकर मरते दम तक पौरुष का प्रमाण दो। लाला लाजपतराय ने हिन्दू समाज में फैली छुआछूत, बाल विवाह जैसी कुरीतियों का प्रखर विरोध किया। इस दौरान आदित्य राघव, मनोज सागर, प्रदीप कुमार, प्रदीप गुप्ता, गणेश शंकर, चंचल चौधरी, संजय कुमार, नैतिक आदि ने भी विचार रखें।

गोशाला का निरीक्षण करते तहसीलदार। ● अमृत विचार

तहसीलदार ने निर्माणाधीन गोशाला का किया निरीक्षण

कांठ, अमृत विचार : तहसीलदार ने निर्माणाधीन गोशाला का निरीक्षण किया और कार्यदायी संस्था को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। तहसीलदार कांठ आनंद कुमार नायक ग्राम रायपुर खुर्द के जंगल में बन रही निर्माणाधीन गोशाला में पहुंचे और निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा है। बेसहारा गोवंश जो जंगलों में घूम रहे हैं। उनको जल्द आश्रय प्रदान किया जाए।

एक नजर

जयतोली के फैजान का दिल्ली पुलिस में चयन

रहरा, अमृत विचार : रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी किसान शेर अफजल खां के पुत्र फैजान का दिल्ली पुलिस में चयन हुआ है। फैजान ने कक्षा पांच तक की पढ़ाई गांव के प्राथमिक विद्यालय में की थी। इंटर की परीक्षा वीरेंद्र सिंह इंटर कॉलेज रुखालू से उत्तीर्ण की थी। वह यूपीएससी की तैयारी ऑनलाइन क्लास से कर रहा था। इस बीच उसका दिल्ली पुलिस में चयन हो गया।

जिला सलाहकार समिति के सदस्य बने विशाल वर्मा

हसनपुर, अमृत विचार : भाजपा नेता विशाल वर्मा को खेल मंत्रालय ने जिला सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। नगर निवासी भाजपा नेता विशाल वर्मा भाजपा में विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी हित में कार्य करते रहते हैं। नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने पार्टी के प्रति विशाल वर्मा की निष्ठा को देखते हुए उन्हें जिला सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया है। विशाल वर्मा की नियुक्ति की घोषणा होते ही उनके घर पर उनके समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। विशाल वर्मा ने बताया पार्टी ने जो उन पर विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरेंगे और उन्होंने खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का भी धन्यवाद दिया है।

लेखपाल ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

हसनपुर, अमृत विचार : हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन नहीं रुक रहा। रविवार को किसी ग्रामीण ने एसडीएम को सूचना दी थी कि ग्राम फूलपुर में मिट्टी का अवैध खनन चल रहा है। सूचना मिलते ही एसडीएम ने हल्का लेखपाल मुस्कान त्यागी को खनन रोकने के निर्देश दिए थे। एसडीएम के निर्देश पर हल्का लेखपाल गांव पहुंची और मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ ली और ट्रैक्टर-ट्राली को कोतवाली लाकर पुलिस को सौंप दी गई। कोतवाली पुलिस ने हल्का लेखपाल मुस्कान त्यागी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया है। कानूनगो नन्हे सिंह आर्य ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर कार्रवाई की गई है।

मारपीट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

हसनपुर, अमृत विचार : मारपीट के मामले में वांछित आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया। कुछ माह पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मारपीट के दौरान एक महिला की आंख में गंभीर चोट आई थी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव निवासी रंजीत पुत्र रामचंद्र खड़गवंशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। रविवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि मारपीट के मामले वांछित आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

रुपयों के विवाद में कारोबारी की गोली मारकर हत्या

लकड़ी की सौदेबाजी के समय हुआ था विवाद, दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रुपयों के लेनदेन के विवाद में मुरादाबाद के लकड़ी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने शनिवार शाम अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव नोहरान में लकड़ी की सौदेबाजी के समय वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंचे एएसपी और सीओ ने मौका मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इस मामले में एक नामजद समेत दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

पोस्टमार्टम हाउस के बाहर खड़े मृत कारोबारी के परिजन। ● अमृत विचार

जनपद मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के गांव उमरी में 40 वर्षीय शहादत का परिवार रहता है। वर्तमान में वह पत्नी भूरी उर्फ यासमीन और तीन बेटों और एक बेटी के साथ अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर में रहते थे। शहादत कांठ के मोहल्ला नई बस्ती ईदगाह निवासी मोहम्मद यासीन के साथ लकड़ी का कारोबार करते थे। उनका गांव उमरी में रहने वाले शहजाद से रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। शहजाद पेशे से शीशे का कारीगर है और वह अहमदाबाद में नौकरी करता है। 26 जनवरी को क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर में रुपयों के लेनदेन को लेकर शहजाद और शहादत के बीच विवाद भी हुआ था। उस समय लोगों ने बीच-बचाव कराकर दोनों के बीच मामला शांत कर दिया था। शनिवार शाम शहादत अपने कारोबारी दोस्त मोहम्मद यासीन के साथ लकड़ी की सौदेबाजी करने के लिए गांव नोहरान आया थे। बताया जा रहा है शहजाद भी अपने साथियों को लेकर वहां पहुंच गया और झगड़े के बीच उसने गोली मारकर शहादत की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, निरीक्षक अपराध अमरीश कुमार त्यागी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। वहीं सूचना पर एसपी कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। एएसपी राजीव कुमार सिंह और सीओ अंजलि कटारिया ने भी मौका मुआयना किया। परिजनों से विवाद की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि मृतक और हत्यारोपी मूलरूप से एक गांव के निवासी हैं। शुरुआती जांच में दोनों के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद सामने आया है। मामले में मृतक के दोस्त मोहम्मद यासीन की तहरीर पर शहजाद और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं कारोबारी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

स्टंट करने वाले युवक पर रिपोर्ट दर्ज, बाइक सीज

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के संभल मार्ग पर बाइक से स्टंट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने स्टंट कर रहे युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर बाइक सवार युवक का स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। बताया जा रहा है कि यह वीडियो ग्राम कालाखेड़ा के निकट की है। कोतवाली पुलिस ने वीडियो वायरल की पड़ताल की गई तो पता चला की स्टंट करने वाला युवक का नाम अकरम निवासी मोहल्ला दरबार है। पुलिस ने युवक को बाइक समेत कोतवाली बुलाया और युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि बाइक से स्टंट करने की एक वीडियो वायरल हुई थी। उसके आधार पर एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाइक को सीज कर दिया है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

कार्रवाई

- शनिवार को युवक का वायरल हुआ था वीडियो
- पुलिस ने युवक को थाने बुलाकर की कार्रवाई

तीन ट्रांसफार्मर फुंकने से आपूर्ति ठप

अमरोहा, अमृत विचार : जनपद के आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव रानीवाला में तीन ट्रांसफार्मर फुंकने से पूरे गांव की बिजली ठप है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दो ट्रांसफार्मर 10 दिन से और एक ट्रांसफार्मर दो दिन से फुंका होने के कारण ग्रामीणों को सुचारु रूप से पीने का पानी एवं पशुओं के लिए पानी की किल्लत हो रही है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की गांव में फुंके तीन ट्रांसफार्मरों से ग्रामीणों को भारी किल्लत हो रही है और अपनी फसलों की रखवाली करने के लिए भी विद्युत आपूर्ति की जरूरत पड़ती है। लेकिन बिजली नहीं होने से बिजली के उपकरण भी चार्ज नहीं हो पा रहे। वहीं किसानों ने कहा कि किसानों को सुचारु रूप से बिजली मिलनी चाहिए। जितेन्द्र राणा, ग्रीश राणा, भगवान सिंह, सुनील यादव, जितेन्द्र यादव, किरपाल, लक्ष्मी सिंह ने ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है।

विदाई समारोह के दौरान मौजूद प्राथमिक शिक्षक। ● अमृत विचार

प्राथमिक शिक्षकों को दी विदाई

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रविवार को प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में अंतर जनपदीय स्थानांतरण के तहत दूसरे ब्लॉकों में स्थानांतरित होने वाले शिक्षकों को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने विदाई दी।

उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया की ब्लॉक गंगेश्वरी से 36 शिक्षक/शिक्षिकाओं का अन्य ब्लाकों में स्थानांतरण हुआ है। स्थानांतरित होने वाले बीएलओ एवं शिक्षकों को रविवार को विदाई दी। स्थानांतरित होने वाले अध्यापकों में योगेश कुमार गुलामपुर, अरविंद चौधरी भैंसरौली, विजेंद्र सिंह पिपलौती कलां, मनवीर सिंह यादव रुखालू, अरविंद पोसवाल पिपलौती कलां, शिक्षित कुमार सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय मंगरौला को फूलमाला पहनकर विदाई दी गई। इस अवसर पर मनीष कुमार, संजय सिंह, अजय सागर, संतराम सिंह, अमित कुमार, राशिद अली, सत्येंद्र सिंह, करनपाल मौजूद रहे।

आरपीएफ चौकी में बिजली आपूर्ति शुरू

गजरौला, अमृत विचार : अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो की 39 मीटर लम्बाई बढ़ा दी गई है। रविवार को रेलवे स्टेशन पर अस्थायी आरपीएफ की चौकी में बिजली आपूर्ति का काम किया गया।

अब रेलवे स्टेशन का नया भवन बनाने का काम भी जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत में देश के कई रेलवे स्टेशनों को भी शामिल किया गया है। इनमें गजरौला रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। योजना के तहत स्टेशन का भवन नया बनेगा। वहीं रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो की 39 मीटर लम्बाई बढ़ा दी गई है और आरपीएफ व जीआरपी की अस्थाई चौकी में काम कराया जा रहा है। जल्द नया भवन बनाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

युवकों का पुलिस की लेपर्ड चलाने का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- सिपाहियों पर सरकारी बाइक युवकों को देने का आरोप

अमृत विचार : पुलिस की लेपर्ड बाइक को दो युवकों द्वारा चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सीओ ने मामले में जांच शुरू करा दी है।

बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शाही चबूतरा का है। रात को लगभग 10 दस बजे पुलिस की लेपर्ड बाइक एक दुकान के आगे खड़ी हुई थी। उसी दौरान दुकान से बाहर निकले दो युवक बाइक स्टार्ट कर उस पर सवार होकर वहां से चले गए। बाइक के आगे डंडा भी लगा हुआ था। किसी ने इसकी वीडियो बनाई और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। चर्चा है कि लेपर्ड पर तैनात दो सिपाहियों की बाइक चला रहे युवकों से दोस्ती है। इसलिए दोनों सिपाहियों ने ड्यूटी के दौरान उन्हें अपनी बाइक दे दी थी। वीडियो वायरल होने पर सीओ सिटी अरुण कुमार ने इस मामले में जांच शुरू करा दी है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप को पूरे प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। सीओ के मुताबिक यह नियम विरुद्ध है। सरकारी वाहन किसी निजी व्यक्ति को चलाने के लिए देना बिल्कुल गलत है। जांच रिपोर्ट मिलने सिपाहियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि इस मामले में सिपाहियों से बातचीत की है, उनका कहना है कि युवक परिचित हैं, वह बाइक खड़ी कर एक मामले में जांच करने के लिए अंदर गली में गए थे, युवकों से सिर्फ बाइक को वहां मंगाया गया था।

सुबह से छाया कोहरा घरों में कैद हुए लोग

अमरोहा, अमृत विचार : रविवार को सुबह घना कोहरा छाया रहने से नेशनल हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। वहीं सर्द हवा ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया।

सर्दी से बचने के लिए लोगों को ऐसे में जगह जगह अलाव का सहारा लेना पड़ा। रविवार के सार्वजनिक अवकाश के चलते अधिकांश लोग अपने घरों में ही रहे। पिछले दो दिन से सुबह होते ही धूप खिलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली ही थी। रविवार को फिर मौसम का मिजाज बदल गया है और सुबह से आसमान में घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते नेशनल हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। वाहन चालकों को दिन में लाइट जलाकर गुजरना पड़ा। कोहरे के चलते सर्दी और बढ़ गई है। सर्दी का सितम इस कदर है कि लोगों का अधिकांश समय हीटर या अलाव के सामने ही गुजर रहा है।

त्रिवेणी शुगर मिल ने गन्ना मूल्य बढ़ाकर किया भुगतान

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : रविवार को त्रिवेणी शुगर मिल ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ाए गए गन्ना मूल्य के अनुसान किसानों को भुगतान किया है।

मिल के उपाध्यक्ष शुगर आमोद कुमार शर्मा ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में 15 जनवरी तक का समस्त गन्ना भुगतान 178.75 करोड़ रुपये किसानों के खातों में भेज दिया है। चीनी मिल ने सरकार द्वारा बढ़ाए गए गन्ने के 20 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान भी खाते में भेज दिया है। नए गन्ना मूल्य के अनुसार खाते में भुगतान भेजने पर भाकियू के तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह व भाकियू भानु गुट के जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रधान एवं भाकियू भानु के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह ने मिल प्रशासन की सराहना की है।

औने-पौने दामों में गन्ना न बेचें किसान

रहरा, अमृत विचार : चीनी मिल के उपाध्यक्ष शुगर आमोद कुमार शर्मा ने किसानों से अनुरोध किया कि औने पौने दामों में अपना गन्ना इधर-उधर ने बेचें। कहा कि स्वच्छ व ताजा जड़, पत्ती, अगोला रहित गन्ने चीनी मिल को आपूर्ति करें तथा गन्ना प्रजाति 0238 में लाल सड़न आने के कारण गन्ना प्रजाति की बोआई में बदलाव करें। जिसमें नई प्रजाति 0118, को 98014, को 15023,को 85 एवं को 88 प्रजाति की गन्ना की बुवाई चार फुट की दूरी पर करें।

आमोद कुमार शर्मा।

मारपीट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव नंगलिया मेव में घर में घुसकर भाई बहन से मारपीट करने के मामले में गजरौला थाने में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गांव नंगलिया मेव की रहने वाली पूनम पुत्री जगराम सिंह व उसके भाई अनमोल के साथ बीते तीन दिसम्बर को गांव निवासी विरेश, अर्जुन, शिवम व उनके रिश्तेदार मोहित, एवं बब्बू ने उनके घर में घुसकर दोनों भाई बहन के साथ मारपीट की थी। जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गए थे। जिसके बाद पीड़िता पूनम व उसके भाई ने थाने में उक्त लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने पीड़ित की सुनवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़ितों ने कोर्ट की शरण ली। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। क्राइम इंस्पेक्टर बलिंदर सिंह ने बताया कि शनिवार को आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रामलीला मैदान में धनौरा महोत्सव का उद्घाटन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : कला, संस्कृति, एवं सद्भाव का प्रतीक धनौरा महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आगाज हो गया। विधायक राजीव तरारा, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल व धनौरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

रामलीला मैदान में धनौरा महोत्सव का रविवार को भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में नगर व क्षेत्र के लोगों द्वारा नगर मे तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर नगर के अहिल्या स्तंभ, कंचन बाजार चौराहा, हरदेव बाजार, गंज बाजार, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, शेरपुर चुंगी कलाली चुंगी, महादेव चुंगी से होते हुए वापस रामलीला मैदान पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। वहीं कार्यक्रम के बीच में नगर के मुन्नी देवी इंटर कॉलेज व इंडियन कोचिंग अकादमी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों व कलाकारों द्वारा रागनी का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द बढ़ता है, वहीं आपसी प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती है तथा छोटी जगह पर प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। हमें ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। आयोजक समिति ने मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल सहित अन्य लोगों को भी शाल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वहीं धनोरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान ने बताया कि धनौरा महोत्सव में प्रदेश स्तर की टीमों में क्रिकेट मैच होंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक राजीव तरारा,चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान, प्रशांक त्यागी, भाकियू नेता दानवीर सिंह, गुरमीत सिंह, प्रधान उधम सिंह, मांधाता सैनी, यतींद्र कटारिया, गीतेश अग्रवाल, पवन कुमार, श्याम गर्ग, नरेंद्र कटारिया, ओपी गोला, लक्की चौधरी, प्रियंक कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुरुआत करते विधायक राजीव तरारा व अन्य। ● अमृत विचार

- महोत्सव में क्रिकेट मैच और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

कार्यक्रम भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

मन की बात में प्रधानमंत्री ने की आत्मनिर्भर भारत की चर्चा

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रविवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल हसनपुर के मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के बारे में और आयुष भारत को लेकर जानकारी दी गई।

जिससे स्वास्थ्य के प्रति हम लोग जागरुक हों। कार्यक्रम में अंकुर अग्रवाल, विभोर अग्रवाल, महेश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, विजय परछा, देवेंद्र सैनी, अरविंद अन्ना, सचिन प्रजापति, अवनीश अग्रवाल, पवन सैनी, विशाल वर्मा, प्रमोद रोहिल्ला, पुनीत शर्मा, अनुराग शर्मा, बूथ अध्यक्ष मीनू शर्मा, ज्योति गर्ग, सुषमा त्यागी, अमरपाली गुर्जर, दीपमाला वर्मा कार्यकर्ता शामिल रहे।

हसनपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

नौगांवा सादात में मन की बात सुनते भाजपाई। ● अमृत विचार

रेडियो पर सुनी मन की बात

नौगांवा सादात, अमृत विचार : रविवार को भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महासंपर्क विभाग के जिला संयोजक, पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी के कैंप कार्यालय मोहल्ला अलीनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन दिन पहले देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया और संविधान के भी 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। देश के करोड़ों लोगों ने 22 जनवरी की शाम को राम ज्योति जलाकर दिवाली पर्व मनाया। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह सैनी, राजेंद्र सैनी, बूथ अध्यक्ष मयंक कुमार, नितिन कुमार, राजकुमार, रामलाल मौजूद रहे।

प्राण प्रतिष्ठा से लोग एक सूत्र में बंधे

अमरोहा, अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 2024 का पहला एपिसोड भाजपाइयों ने ध्यानपूर्वक सुना। जोया रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रधानमंत्री मन कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अमृत काल में एक नई उमंग है। नई तरंग है दो दिन पूर्व हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश में करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है। गणतंत्र दिवस की परेड में महिलाओं की पावर देखकर खुशी हुई।

मौसी के घर आई बच्ची से छेड़छाड़

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की

अमृत विचार : मौसी के घर खेलने आई आठ साल की बच्ची को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। युवक ने कमरे में ले जाकर उससे छेड़छाड़ की। बाद में घर पहुंची मासूम ने मां को आपबीती सुनाई। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामले में छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले एक युवक की आठ वर्षीय बेटी शनिवार सुबह मोहल्ले में रहने वाली अपनी मौसी के घर खेलने गई थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक राजा बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ घर ले गया और कमरे में ले जाकर उससे छेड़छाड़ की। सहमी हुई घर पहुंची बच्ची ने जब मां को अपने साथ हुई इस हरकत की जानकारी दी तो परिजनों का गुस्सा भड़क गया। माता-पिता पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी।

प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी राजा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

भाकियू शंकर की पंचायत आज

रहरा, अमृत विचार : भाकियू शंकर के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया सोमवार को ब्लाक गंगेश्वरी में 11 बजे से संगठन की मासिक पंचायत होगी। जिसमें क्षेत्र के किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा होगी।

एक नजर

आज अमरोहा में रहेंगे निगरानी समिति के सदस्य

अमरोहा, अमृत विचार : केंद्रीय निगरानी समिति के सदस्य रविंद्र प्रधान सोमवार को अमरोहा दौरे पर रहेंगे। रविवार को केंद्रीय निगरानी समिति के सदस्य रविंद्र प्रधान का कार्यक्रम जिला प्रशासन के पास आ गया। वह कताई मिल की गोशाला का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद जिला अस्पताल में कर्मियों के साथ बैठक और कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा बिजली घर और नालों का साफ सफाई का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वासुदेव मंदिर में जाकर साफ सफाई का भी निरीक्षण करेंगे। जिसके बाद वह दोपहर दो बजे मीडियाकर्मियों से वार्ता करेंगे।

गश्त के दौरान युवक को तमंचे के साथ पकड़ा

गजरौला, अमृत विचार : पुलिस ने चकनवाला मार्ग पर गश्त के दौरान एक व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम गुलहसन पुत्र रसीद निवासी गांव कसेरूवा थाना गजरौला बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्राइम इंस्पेक्टर बलिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

तीन वारंटी समेत चार लोग गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने रतनपुरा गांव से अजायब सिंह व जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि पुलिस ने सराय कदीम से नसीम को गिरफ्तार किया है। वह तारीखों पर हाजिर नहीं हो रहे थे।

दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

सैफनी, अमृत विचार : पुलिस ने रविवार को झगड़ों के मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ शांति भंग में चालान कर दिया है। क्षेत्र के ग्राम ताजपुर बहेटा के बब्लू और छोटू के बीच झगड़ा हो गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया और थाने ले आई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांतिभंग में कार्रवाई कर चालान कर दिया।

किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रजपुरा क्षेत्र के गांव की किशोरी को बहलाकर ले आया था आरोपी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

कार्रवाई

▸▸ **हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने लगाया लव जिहाद का आरोप**

अमृत विचार : आरोपी ने गैर संप्रदाय की किशोरी को घर से बहला-फुसलाकर लाने के बाद पहले उसका धर्म परिवर्तन किया। जिसके बाद में उसका नाम बदल दिया। बिना रजामंदी आरोपी ने निकाह भी किया। पीड़िता ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। मामले में नारी उत्थान केंद्र की सदस्य की तहरीर पर आरोपी युवक और उसके एक अज्ञात साथी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां निवासी चांद शनिवार दोपहर संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की दूसरे संप्रदाय की किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ अमरोहा ले आया था। यहां एक वकील के माध्यम से वह किशोरी से कोर्ट मैरिज करने के इरादे से कचहरी पहुंचा था। जानकारी होने पर वहां पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपी युवक को जोया रोड पर पकड़ लिया। संगठन के जिला संयोजक कुशल चौधरी, सहसंयोजक वीरेंद्र कुमार ने मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी थी। मौके पर भीड़ लगने के दौरान भागने की कोशिश कर रहे युवक को कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। पुलिस ने बाद में किशोरी को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया था। जिसके बाद किशोरी का मेडिकल कराया गया। मामले में नारी उत्थान केंद्र की सदस्य उषा शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चांद और उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व धर्म परिवर्तन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी चांद ने किशोरी का धर्म परिवर्तन कराने के बाद उसका नाम बदलकर निकाह कर लिया था। फिलहाल किशोरी को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद उसे परिजनों की सुपुर्दगी में दिया जाएगा। वहीं बजरंग दल के पदाधिकारियों का कहना है कि आरोपी युवक धर्म छिपाकर लव जिहाद किया था।

दिल्ली में सम्मानित होते मोहम्मद हैदर। ● अमृत विचार

दिल्ली में आइडल ऑफ यूथ से सम्मानित हुए मोहम्मद हैदर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नई दिल्ली के गालिब अकादमी में अमरोहा फाउंडेशन ने जश्न-ए-समां कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके मुख्य अतिथि दिल्ली के डिप्टी मेयर आले इकबाल रहे।

अमरोहा फाउंडेशन ने नई दिल्ली के गालिब अकादमी में हजरत अली के जन्मदिन के मौके पर जश्न-ए-समां कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने शिरकत की। इस दौरान अमरोहा फाउंडेशन के सदर फरमान हैदर ने बताया की इस कार्यक्रम में हजरत अली के पैगाम को लोगों के बीच पहुंचाया। इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रान्तीय अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के फाउंडर मेंबर इंजीनियर मोहम्मद हैदर को नौजवानों को देश की राजनीति से जोड़ने के लिए डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने आइडल ऑफ यूथ अवार्ड से नवाजा।

राजनीति में प्रतिनिधित्व से मिलेगी समाज को तरक्की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि समाज के लोगों को जानबूझकर राजनीति में प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान भाजपा सरकार से समाज को बहुत उम्मीद थी, लेकिन अभी तक समाज की किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

बिलासपुर स्थित मुहल्ला शीरी मियां स्थित माता दुर्गा मन्दिर धर्मशाला में रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिला संरक्षक डॉ. रमेश चन्द्र तुरैहा ने कहा कि तुरैहा मछुआ समाज के बिखराव को दूर करने के उद्देश्य से बैठक अब हर माह किसी न किसी तहसील में हो रही है। आज के समय में समाज में फैली कुरीतियों का तिरस्कार करना जरूरी है। तुरैहा जाति के प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। समाज की उपजातियों को भी अनुसूचित जाति का दर्जा देकर उनके प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। बैठक में सर्वसम्मति से बिलासपुर तहसील का बाल किशोर तुरैहा को पुनः अध्यक्ष और तहसील मंत्री मनोहरी लाल तुरैहा को बनाया गया।

बैठक में यह रहे मौजूद

जिलामंत्री रामसिंह तुरैहा, डॉ. रमेश चन्द्र, भुवनेश चंद्र तुरैहा, बाल किशन, प्रीतम तुरैहा, राजा राम, दिलीप कुमार, गोविंद राम, राजेश कुमार, छत्रपाल सिंह, धर्म सिंह, अनिल कुमार, चेतराम, जुगल किशोर, अनिल, किशोर, मुरारी लाल, धर्म सिंह तुरैहा, रमेश कुमार, ओम प्रकाश, शिवकुमार तुरैहा, आशा राम तुरैहा, छत्रपाल तुरैहा, विनोद कुमार, कृपाल सिंह तुरैहा, राजू, अनिल कुमार, जबर सिंह, दौलतराम तुरैहा, रामसरन तुरैहा, गोविंद राम तुरैहा, अरविंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

कार्यशाला में शिक्षकों को दिए प्रमाणपत्र

संवाददाता, मंडी धनौरा

▸▸ **ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित**

अमृत विचार : नगर के एक पैलेस में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आरंभ मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने विधायक राजीव तरारा का स्वागत किया।

कार्यशाला में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मिशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन योजना, कन्या सुमंगला योजना पर प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण किया। एआरपी पवन कुमार के द्वारा शारदा कार्यक्रम, निपुण भारत मिशन, डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में भेजी जा रही 1200 रुपये की धनराशि से क्रय की जाने वाली सामग्री दो जोड़ी यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूता, मौजा स्कूल बैग एवं स्टेशनरी एवं सामुदायिक सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

बालिका शिक्षा एवं महिला सशक्तीकरण पर सहायक अध्यापिका नीतू सिंह, विद्यालय पपसारी खादर तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों ने नाटक व देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने बेसिक शिक्षा में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी एआरपी, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विकासखंड के 162 विद्यालयों में से डॉयट द्वारा कराए गए निपुण एसेसमेंट में निपुण 62 विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों एवं संकुल शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने शिक्षा के क्षेत्र में बेसिक शिक्षा में पिछले कुछ वर्षों में हो रही प्रगति एवं उन्नति की चर्चा करते हुए शिक्षकों से इन बच्चों को पूर्ण लगन व मेहनत से कार्य करने तथा मिशन कायाकल्प के अंतर्गत ग्राम प्रधान एवं प्रधान अध्यापक आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पैरामीटर को पूरा करने के लिए प्रेरित करते हुए ब्लॉक को निपुण बनाने की बात कही। कार्यशाला का संचालन एआरपी पवन कुमार व जितेंद्र कटारिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलवंत सिंह, पवन कुमार, वीरेंद्र सिंह, दयानंद, देवराज सिंह, नीतू सिंह, अमित तेजा, योगेश चौधरी, भूपेंद्र सैनी, जितेंद्र कटारिया, अमित गर्ग, सुमित यादव, सोनल गुप्ता, भाग्यवती, उधम सिंह सहित प्रधानाध्यापक व शिक्षक संकुल मौजूद रहे।

सार संक्षेप

कड़ाके की ठंड से कांपे लोग

गजरौला, अमृत विचार : ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। गलन और ठिठुरन वाली सर्दी से लोग कांप रहे हैं। रविवार की सुबह ठंड के चलते सर्दी से बचने के लिए लोग अपने घरों में कैद रहे। सर्दी से बचने के लिए लोगों को हीटर और अलाव का सहारा लेना पड़ा। पूरे दिन सूर्यदेव ने दर्शन नहीं दिए। जिससे बुजुर्ग व बच्चों को ठंड से राहत नहीं मिल सकी। वहीं कोहरे के चलते यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई है। रविवार शाम को भी कोहरे और बादलों की धुंध छाई गई। कड़ाके की सर्दी के कारण सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त रहा। सुबह और शाम को मॉर्निंग वाक करने वालों की संख्या में भारी गिरावट आई है। शाम होते ही लोग अपने घरों में कैद हो गए।

युवक का मोबाइल छीनकर किशोर फरार

अमरोहा, अमृत विचार : नगर के बड़ा बाजार में मोबाइल दुकान पर रिचार्ज करने गए एक युवक का मोबाइल छीनकर किशोर फरार हो गया। जिसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई है। शहर के बड़ा बाजार में अनिल माहेश्वरी की आरएन मोबाइल शॉप है। रविवार शाम के समय एक ग्राहक उसकी दुकान पर मोबाइल रिचार्ज करने के लिए आया था। जब वह मोबाइल रिचार्ज कर रहा था कि तभी 13 वर्ष से किशोर ने मोबाइल चोरी कर लिया और फरार हो गया दुकान स्वामी ने किशोर की तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद में दुकान स्वामी ने इसकी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर नगर कोतवाली में दी है।

प्रमाण पत्र देते राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर खचेड़ू सिंह। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिए मनोनयन पत्र

नौगांवा सादात, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (भूमि) के कुड़ा माफी स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई और संगठन में नए पदाधिकारियों को नियुक्त कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिसमें उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष आसमीना को नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा शिवांशु यादव को नियुक्त किया, तहसील अध्यक्ष नौगांवा सादात स्वार्थी देवी को नियुक्त किया। पदाधिकारी नियुक्त करने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर खचेड़ू सिंह, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शीशपाल सिंह कटारिया व जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार अधाना एवं विकास चौहान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

निधि को सम्मानित करते शिक्षक। ● अमृत विचार

उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने निधि का किया सम्मान

हसनपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकरियों ने रविवार को क्षेत्र के नया गांव तरौली पहुंचकर पीसीएस परीक्षा पास करने पर निधि का स्वागत किया। संगठन के यशपाल सिंह और ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव नागर ने कहा कि निधि ने पहले ही प्रयास में पीसीएस में 39वी रैंक प्राप्त की है, यह गौरव की बात है। स्वागत करने वालों में शीशराम सिंह, प्रदीप भाटी, सुलेमान फराज, मुस्कुर अहमद, आकाश त्यागी, भाजपा नेता सोनू नागर, मनोज नागर, अजीत सिंह, मदनपाल सिंह, रिंकू मौजूद रहे। वहीं मुबारिजपुर में भी पीसीएस परीक्षा में 39 वीं रैंक प्राप्त करने वाली निधि का रुखालू भाजपा मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह खड़गवंशी ने तरौली नया गांव पहुंचकर सम्मान कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि निधि ने नौजवानों का हौंसला बढ़ाया है।

मजलिस में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

हर नफ्स को मौत का जायका चखना : मौलाना मेहंदी

सैद नगली, अमृत विचार : नगर के पीरजी इमामबारगाह में मरहूमा शकीला खातून रिजवी के इसाले सवाब के सिलसिले से मजलिस हुई। आगाज डॉ. लईक हैदर और हमनवा ने सोज ख्वानी से किया। मजलिस में उझारी से तशरीफ लाए मौलाना सरकार मेहंदी बुकनालवी ने खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने अपनी कुल मखलूक में सबसे अशरफ इंसान को पैदा किया है। इंसान अक्ल की बुनियाद पर सबसे अफजल है। हर नफ्स को मौत का जायका चखना है। हर शह को फना होना है। इस मौके पर वकार मेहंदी, कसीम हैदर, हसन मेहंदी, अम्मार हैदर, हाजी तनवीर अब्बास, सफदर अली, सलमान हैदर, खादिम मेहंदी, हैदर रजा आदि मौजूद रहे।

बिजली के जर्जर खंभे से हादसे की आशंका

गजरौला, अमृत विचार : शहर के कुमराला में गजरौला तिगरी मार्ग पर हाईटेंशन विद्युत लाइन के जर्जर बिजली के खंभे से हादसे की आशंका है। यदि आबादी के बीच स्थित खंभा गिरा तो हादसा हो सकता है। जबकि बिजली विभाग के अधिकारी इससे अनजान बने बैठे हैं। हादसे से बचाव के लिए जर्जर बिजली के खंभे को नहीं बदला जा रहा है। तेज हवा से यह खंभा कभी भी गिर सकता है। वहीं गजरौला-तिगरी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रहती है। खंभा के पास बुधवार को वाहनों का इंतजार करते रहे हैं। खंभा गिरने की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है। यह खंभा पिछले कई माह से जर्जर हालत में है। इस खंभे में सुधार के लिए बिजली विभाग की ओर से कोई कोशिश नहीं की गई। जबकि खंभे से चंद कदम की दूरी पर पुलिस पुलिस चौकी भी है।

बिजली का जर्जर खंभा।

सवारियां बैठाने के विवाद में दो वाहन चालकों में मारपीट

गजरौला, अमृत विचार : रविवार को नगर के चौपला हसनपुर रोड पर सवारियां भरने को लेकर दो डग्गामार वाहन चालकों में विवाद हो गया और मारपीट हो गई। इस दौरान वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

बता दें कि गजरौला कोतवाली के चौपला हसनपुर रोड पर दो डग्गामार वाहन चालक आपस में भिड़ गए। जिसमें एक डग्गामार वाहन चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बताया गया कि दोनों वाहन चालकों में सवारी भरने को लेकर नोंकझोक हो रही थी, देखते ही देखते यह नोकझोंक मारपीट में बदल गई। जिसमें एक वाहन चालक घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। क्राइम इंस्पेक्टर बलिंदर ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

रोजगार मेले में शामिल अभ्यर्थी और ब्लाक प्रमुख व अन्य। ● अमृत विचार

रोजगार मेले में 177 अभ्यर्थी चयनित

संवाददाता, मंडी धनौरा

▸▸ **रोजगार मेले का वाईएमएस पीजी कॉलिज में हुआ आयोजन**

अमृत विचार : नगर के वाईएमएस पीजी कॉलिज में कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत वृहद रोजगार मेले लगा। रोजगार मेले का मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। वृहद रोजगार मेले में जनपद एवं वाह्य जनपदों के कुल 11 विभागों ने 305 अभ्यर्थियों में से कुल 177 प्रशिक्षार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम रोजगार के लिए चयन किया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों को ब्लॉक प्रमुख तथा नोडल प्रधानाचार्य केडी मिश्र ने ऑफर लेटर का वितरण किया। आशा चंद्रा ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए महाविद्यालय का प्रयास सराहनीय है। वहीं ऑफर लेटर व रोजगार पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर जिला कौशल प्रबन्धक कृष्ण कुमार साहू, राम तीर्थ, डीपीएम योगेंद्र कुमार, नाजिम अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जल मिशन के कार्यों की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ **25 से ज्यादा गांवों में ओवर हेड टैंक का निर्माण कर हर घर में पानी पहुंचाने का दावा**

अमृत विचार : भाकियू की पंचायत में जल मिशन के तहत गांव में कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर किसान नेताओं ने सवाल उठाए। स्वच्छ पेयजल के नाम पर फर्जी रिपोर्टिंग का आरोप लगाया। जांच की मांग को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी।

भारतीय किसान यूनियन की पंचायत विकास भवन स्थित प्रदेश कार्यालय पर हुई। इसमें प्रदेश महसचिव हसीब अहमद ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए हर गांव में पाइप लाइन बिछाई जा रही है। 25 से ज्यादा गांवों में टंकी का निर्माण कर हर घर में पानी पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में यह मुद्दा उठाने के बाद अब भाकियू ने भी गुणवत्ता पर सवाल उठाए। सरकार ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए अरबों रुपये खर्च कर रही है। इसके बाद भी ग्रामीणों को स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है। कंट्रक्टशन कंपनियां पाइप लाइन और टंकी निर्माण में अनियमितता बरत रही हैं। मानकों की अनदेखी कर अंट्रेंड से पाइप लाइन बिछवाई जा रही हैं। हर एक गांव में पाइप लाइन लीक हो रही है। सड़कें भी खोदकर छोड़ दी गईं हैं। आरोप लगाया कि अधिकारी शासन को फर्जी और मनगढ़ंत रिपोर्ट भेज रहे हैं। जमीनी स्तर पर कुछ भी नहीं है। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने जांच कराने की मांग को लेकर शीघ्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। पंचायत में रमेश कुमार सागर, तेजपाल सागर, मोहम्मद जावेद, जुबैद आलम, मुस्तकीम, खेमकरन, बाबूराम लोधी रहे।

समाजवादी पार्टी की बैठक से पहले एकत्र लोग। ● अमृत विचार

जीत के लिए इंडिया गठबंधन मजबूत : नवनीत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जनपद की नौगांवा सादात के गांव चांदनगर-पीरगढ़ में समाजवादी पार्टी की बैठक हुई।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष नवनीत कुमार गोला ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों का साथ लेकर एनडीए को हराएगी। जीत के लिए इंडिया का गठबंधन मजबूत है। प्रभारी नवनीत गोला ने बताया कि समाजवादी पार्टी देश की मजबूती और खुशहाली को लेकर काम करती है। इसी को लेकर संविधान बचाओ जन पंचायत का जगह-जगह आयोजन किया जा रहा है। जिससे समाजवादी पार्टी की उपलब्धियां और विचारधारा को लोगों तक पहुंच सकें और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान में उल्लेखित सामाजिक न्याय की अवधारणा को सशक्त करने के लिए दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक समाज एवं पीड़ित लोगों की आवाज बनकर जगह-जगह उस पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मोज यादव, संजीव कुमार, राजकुमार यादव, किरणपाल सिंह, भगवान सिंह, संजय कुमार, ओंकार सिंह, भूपेंद्र सिंह, सरताज अली, फुरकान अली, इरफान, लोकेश प्रजापति, सुशील, बब्बू, भूपेंद्र, सतपाल, महेंद्र सिंह शामिल रहे।

आयोजन शेख बंदगी पीर बाबा का सालाना उर्स शुरू

दंगल में पहलवानों ने आजमाए दांव

संवाददाता, ढक्का

अमृत विचार : रविवार को शेख बंदगी पीर बाबा रहमतुल्लाह अलेह का 531वें उर्स की शुरूआत हो गई।

उर्स के मौके पर मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें खेल तमाशे, खिलौने की दुकान, सर्कस, काला जादू, विभिन्न प्रकार के हिंडोले लग रहे हैं। इस साल पहला उर्स 27 जनवरी से लेकर आठ फरवरी तक लगातार चलेगा। जिसमें कव्वाल अपने कलाम पेश करेंगे। वहीं एसआई चुन्नीलाल ने कहा कि मेले में दूर दराज से आने वाले मेहमान आसपास के सभी गांव के लोग इकट्ठे होते हैं। मेले में किसी तरह की भी गुंडागर्दी या कोई चोरी करते हुए मेले में पाया गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। वहीं दूसरी ओर उर्स के मौके पर दंगल का भी आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के अलावा अन्य जिलों से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। इस मौके पर कमेटी के सदर नईम चौधरी, सेक्रेटरी शोएब चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष नईम चौधरी, फरमान चौधरी, शादाब मियां साहब, सलीम, अरशद फरीदी, मोहम्मद नासिर फरीदी, अंसार सलमानी, सलीम अनवर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

दंगल की शुरूआत करते अतिथि। ● अमृत विचार

Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
Mob.: 8449252175
8194049754
8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD Hero TVS BAJAJ YAMAHA KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

एक नजर

कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा

संभल/ओबरी अमृत विचार : विधानसभा असमोली में चीनी मिल चौराहा से कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। कांग्रेस नेता हाजी मरगूब आलम के नेतृत्व में कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए निकले। कांग्रेसियों ने गांव अकबरपुर गहरा में डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान डॉ. मुनाजिर, मोहम्मद वसीम, अरशद, इसरार मलिक, मुनेश चौधरी, मुस्तफा, क्रश जाटव, अभिषेक, रजत, मुन्ना सिंह, संतराम, आरिफ, मोहम्मद तकी, अबरार हुसैन आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत

गुन्नौर अमृत विचार : गुन्नौर क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री को भेजे संयुक्त शिकायती पत्र में एसडीएम पर फोन कॉल नजर अंदाज करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा है कि एसडीएम के सीयूजी नंबर पर कॉल रिसीव ही नहीं होती। वह कई बार कॉल करने के बाद भी रिसीव नहीं करते। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

भरण पोषण न देने पर पति गिरफ्तार

गुन्नौर,अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव बिजुआ नगला निवासी ओमप्रकाश की पत्नी ने पारिवारिक विवाद के चलते अदालत में गुजारा भत्ता दिलाने का वाद दायर किया था। जिस पर कोर्ट ने भरण पोषण राशि देने का आदेश पारित किया था। ओमप्रकाश ने भरण पोषण भुगतान नहीं किया तो अदालत ने उसके विरूद्ध वारंट जारी कर दिया। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

गैंगस्टर के आरोपी सहित दो गिरफ्तार, चाकू बरामद

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिदूपुरा खेड़ा निवासी फखरुद्दीन गैंगस्टर एक्ट में चल रहे वाद विवाद को लेकर न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। रविवार को न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने फकरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी तसलीम से चाकू बरामद कर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर तसलीम व फखरुद्दीन का चालान कर दिया।

बहन से प्रेम प्रसंग के चलते भाई ने दोस्तों के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

मामले को लूट का रूप देने के लिए युवक का ट्रैक्टर टिपलर भी कर दिया था गायब

कार्यालय संवाददाता,संभल

घटना की जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पहले युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। छोटी बहन के साथ प्रेम संबंध के चलते भाई ने दोस्तों के साथ मिलकर प्रेमी युवक की गोली मारकर हत्या की थी। मामला लूट का लगे इसके लिए मौके से उसका ट्रैक्टर व टिपलर भी गायब कर दिया था। पुलिस ने युवती के भाई व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल तमंचा व गायब किया गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया है।

असमोली थाना क्षेत्र के बिलालपत निवासी मेंहदी हसन का शव 21 जनवरी की शाम को खानपुर बंद गांव के जंगल में चंद्र किरन के खेत में पड़ा मिला था। मेंहदी हसन की हत्या गोली मारकर की गई थी। पिता शमीम का कहना था कि मेंहदी उसी दिन गन्ना लदा ट्रैक्टर टिपलर लेकर असमोली शुगर मिल गया था। मेहंदी हसन का ट्रैक्टर व ट्रिपलर भी गायब था ऐसे में लूट के विरोध पर हत्या की आशंका भी जाहिर की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि हत्या के खुलासे में लगी असमोली पुलिस व सर्विलांस टीम ने जांच आगे बढ़ाई तो हत्या का सच सामने आया। इसके बाद ही पुलिस ने खानपुर बंद के अतुल व मुरादाबाद के लाकड़ी निवासी अंकित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अतुल ने बताया कि उसने भाई कपिल के अलावा अंकित व एक अन्य दोस्त से मिलकर मेहंदी की हत्या की थी। पुलिस ने निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा व गायब किया गया ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है।

बहन को मेंहदी संग देख खौल गया था खून

संभल, अमृत विचार : मेंहदी हसन की हत्या के आरोप में गिरफ्तार अतुल का कहना है कि उसे दूसरे समुदाय के युवक के साथ बहन के संबंध की बात किसी भी हालत में मंजूर नहीं थी। बहन को मेंहदी हसन से बात करते देखा तभी इरादा कर लिया था कि इसे मारूंगा। अतुल का कहना है कि उसने गांव में बहन को मेंहदी हसन से बात करते देखा तो टोका था कि वह आइंदा उसकी बहन से मिलेगा तो अच्छा नहीं होगा। इस पर मेंहदी ने उससे बहस शुरु कर दी। इसके बाद ही इरादा कर लिया कि मेंहदी इस तरह नहीं मानेगा इसका कुछ करना ही पड़ेगा। अतुल ने अपने भाई कपिल व मुरादाबाद के दो दोस्तों को सारी बात बताकर मेहंदी हसन की हत्या में साथ देने के लिए तैयार किया।

बिना अनुमति निकाली जा रही ईवीएम हटाओ परिवर्तन यात्रा पुलिस ने रोकी

कार्यालय संवाददाता, संभल

यात्रा निकाल रहे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं से वार्ता करते नखासा थाना प्रभारी।

- भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से मुहल्ला सोतीपुरा से निकाली जा रही थी यात्रा
- पुलिस और पीएसी हुई मुस्तैद, यात्रा रोकने पर नायब तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

अमृत विचार : भीम आर्मी भारत एकता मिशन की ओर से बिना प्रशासन की अनुमति निकाली जा रही ईवीएम हटाओ संविधान बचाओ परिवर्तन यात्रा को पुलिस ने रोक दिया। कार्यकर्ताओं ने डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें राष्ट्रपति से ईवीएम को हटाने समेत कई मांगें उठाईं।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने ईवीएम हटाओ संविधान बचाओ परिवर्तन यात्रा निकालने का ऐलान किया लेकिन प्रशासन की ओर से अनुमति नहीं ली गई। यात्रा की जानकारी मिलने पर रविवार को सुबह करीब 10 बजे नखासा थाना पुलिस और पीएसी मुहल्ला सोतीपुरा पहुंच गई। कुछ ही देर में मुहल्ला सोतीपुरा छावनी में बदल गया। भीम आर्मी के मंडल सह संयोजक मुरादाबाद सुधीर कुमार सागर की अगुवाई में कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा लेकर डॉ.भीमराव आंबेडकर पार्क पर पहुंचे तो पुलिस ने रोक लिया। पुलिस ने कहा कि परिवर्तन यात्रा को लेकर प्रशासन से अनुमति नहीं ली गई है। इसलिए परिवर्तन यात्रा नहीं निकाली जा सकती। जिस पर कार्यकर्ताओं ने डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद नायब तहसीलदार भारत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। कहा कि चुनाव में ईवीएम के प्रयोग से धांधली की जा रही है। जिससे लगातार लोकतंत्र की हत्या हो रही है। सरकारी संस्थाओं को बेचकर व सरकारी महकमों के निजीकरण करने से संवैधानिक आरक्षण को खत्म करने व संविधान के महत्व को कम करने को लेकर सरकार कोशिश कर रही है। राष्ट्रपति से चुनाव में ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने लेकर उचित निर्देश देने की मांग की है।

सांड के हमले से आधा दर्जन लोग घायल, वाहन क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- ब्रह्म बाजार में रहा आतंक दुकानों में छिपकर बचाई जान
- 20 मिनट तक बनी रही अफरा तफरी की स्थिति

अमृत विचार: ब्रह्म बाजार में सांड ने जमकर कहर बरपाया। सांड के हमले से आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जबकि आधा दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों का उपचार निजी चिकित्सक से कराया गया है। करीब 20 मिनट तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। लोगों ने दुकानों में घुसकर अपनी जान बचाई।

रविवार की शाम छह बजे ब्रह्म बाजार स्थित कल्लू हलवाई की दुकान के पास एक सांड गुजर रहा था। अचानक उसने सड़क किनारे खड़े वाहनों को अपने दोनों सींग से क्षतिग्रस्त करना शुरू कर दिया। सांड के सामने जो भी आया उसने उसे उठाकर फेंकना शुरू कर दिया। सांड के अचानक हुए हमले से बाजार में भगदड़ मच गई। महिलाएं व बच्चे चीखने-चिल्लाने लगे। लोगों ने मौके पर पहुंच महिलाओं व बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सांड के हमले से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए और आधा दर्जन से अधिक बाइक, स्कूटी व ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गए। सांड के आतंक से सड़क का आवागमन पूरी तरह रुक गया। लोगों ने इधर-उधर दुकानों में घुसकर अपनी जान बचाई। बाजार में 20 मिनट तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। घायलों का उपचार निजी चिकित्सक से कराया गया। घायलों के नामों की जानकारी नहीं हो सकी।

मारपीट व फायरिंग में चार लोग घायल

संवाददाता,बहजोई(संभल)

अस्पताल में भर्ती घायल महिलाएं और युवक।

- खेत की मेड़ को लेकर भाई से चल रहा था विवाद
- युवती ने चचेरे भाई व उसके साथी पर लगाया कोठरी में बंद करने का आरोप

अमृत विचार: जमीन के विवाद को लेकर युवती से अभद्रता के बाद विवाद बढ़ा तो एक पक्ष ने लाठी डंडों से मारपीट के बाद फायरिंग की। झगड़े में दंपति व उनके बेटा व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से दंपति व उनके बेटे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बहजोई के गांव राजा का मझोला निवासी ओमपाल की बेटी खेत पर पशुओं को हरा चारा लेने गई थी। इसी दौरान अनारकली का चचेरा भाई मनोज अपने एक अन्य साथी के साथ खेत पर पहुंच गया। जहां पर वह युवती के साथ अभद्रता करने लगा। आरोप है कि दोनों युवक युवती को नलकूप की कोठरी में बंद करने के लिए ले जाने लगे। युवती चीखी चिल्लाई तो आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। इसकी सूचना अनारकली के परिजनों को लग गई तो पिता ओमपाल, भाई रामगोपाल व मां रामप्यारी सहित अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए। इधर मनोज के पक्ष के अन्य लोग भी अपने हाथों में लाठी झंडा लेकर आ गए।

उन्होंने युवती के साथ ही उसके पिता ओमपाल, भाई रामगोपाल व मां रामप्यारी के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान फायरिंग की गई। जिसमें रामप्यारी, अनारकली, ओमपाल व रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कोतवाल सतेंद्र पवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

> जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। जिसमें लाठी डंडे से मारपीट के दौरान दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हुए हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना बहजोई में मामला दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
>
> **- कुलदीप सिंह गुनावत,** एसपी

सार-संक्षेप

भाकियू टिकैत ने उठाया छुट्टा गोवंश का मुद्दा

असमोली, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत की असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत शाहपुर शोत में हुई बैठक में छुट्टा गोवंश पशुओं का मुद्दा उठाया गया। बीडीओ द्वारा समस्या का समाधान नहीं कराने पर कार्यालय का घेराव करने की रणनीति बनी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशुओं के कारण किसान परेशान हैं लेकिन प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है। बीडीओ से मिलकर छुट्टा गोवंश पशुओं से निजात दिलाने की मांग की जाएगी। अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बीडीओ कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक में सदस्यता अभियान के तहत कुछ सदस्यों को जोड़कर प्रमाण पत्र दिए गए। ब्लाक अध्यक्ष अंकित त्यागी ने एकजुट होकर संगठन में काम करने की बात कही। इस दौरान सोनू प्रजापति, पवन त्यागी, शरीफ, ताहिर हुसैन, सखावत आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रमुख मंडल सचिव रामवीर सिंह त्यागी ने की।

भाकियू असली के धरने को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

अंडरपास निर्माण को लेकर धरने पर डटे किसान

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली की ओर से अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर कड़ाके की सर्दी में पांचवें दिन भी धरना जारी रहा। किसानों ने साफ कहा कि अंडरपास निर्माण का कार्य शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास बनवाने के लिए भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसान धरना दे रहे हैं। रविवार को पांचवें दिन कड़ी सर्दी के बीच किसानों का धरना जारी रहा। किसानों ने कहा कि अंडरपास निर्माण की लड़ाई अंजाम तक पहुंचाई जाएगी। जब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होगा तब तक धरना जारी रहेगा। 30 जनवरी को धरना स्थल पर महापंचायत होगी। जिसकी तैयारी जोरशोर से चल रही है। महापंचायत में संगठन के कई नेता भी रहेंगे। इस दौरान राहिद, दिलशाद, रामकिशन, गनपत, सुरेश, राम सिंह, नितिन, शिवराज सिंह, अशोक कुमार, यादराम आदि रहे।

एडीओ पंचायत ने जाना गोशाला का हाल

संभल/ओबरी अमृत विचार : एडीओ पंचायत असमोली सुनील कुमार ने ग्राम पंचायत तलवार में अस्थाई गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला में 63 गोवंश पशु संरक्षित मिले। पशुओं को ठंड से बचाने के लिए तिरपाल तथा झूल की व्यवस्था की गई थी। गोवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा तथा हरे चारे का इंतजाम मिला। साफ सफाई भी बेहतर मिली। एडीओ पंचायत दे हिदायत दी कि सर्दी के मौसम में पशुओं का ध्यान रखा जाये। पशुओं को सर्दी से बचाकर पर्याप्त चारा उपलब्ध कराया जाये। इस दौरान केयरटेकर भोलू, अकबर हुसैन, विजेन्द्र मौजूद रहे।

संस्कार भारती के कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। ● अमृत विचार

अज्ञात का निमंत्रण" पुस्तक का लोकार्पण

संभल, अमृत विचार : आर्य समाज मंदिर में सन्दीप कुमार सचेत द्वारा विरचित "अज्ञात का निमंत्रण" पुस्तक का लोकार्पण संस्कार भारती के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इन्द्रपाल शर्मा, सुशील कुमार गुप्ता एवं मीनू रस्तोगी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। साहित्यकार व लेखिका डॉ. दुर्गा टण्डन ने पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहा कि इस पुस्तक में कवि संदीप कुमार सचेत ने जीवन के अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने हर क्षेत्र से अपनी रचनाएं उठाई हैं जिसमें सामाजिक समस्याओं का सटीक उपचार भी किया है। श्री कृष्ण शुक्ल ने बताया कि साहित्यिक जगत में नई पहचान के साथ यह पुस्तक निश्चित ही स्थापित होगी। मुख्य अतिथि शिवकुमार चंदन ने कहा कि साहित्यकार संदीप कुमार सचेत ने अपनी रचनाओं में गंभीर चिंतन शैली के साथ शब्दों को बांधते हुए, हमारी संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण हेतु सामाजिक समस्याओं पर चर्चा की है। संस्कार भारती के विभाग संयोजक रामकिशोर मिश्र ने पुस्तक पर चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक ताने-बाने में जो खामियां समय के चलते पैदा हुई है उन पर कवि की पैनी नजर गई है। इस दौरान हरद्वारी लाल गौतम, संस्कार भारती के प्रांत सहमंत्री इंद्रपाल शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, रचित कुमार, सुशील कुमार गुप्ता, दीपक गोस्वामी, जितेन्द्र जौली, राजीव प्रखर, शांति राणा शांति, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, डॉ. राजवीर आदि लोग मौजूद रहे। संचालन

गोली मारने के आरोप में सगे भाइयों सहित तीन पर रिपोर्ट

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में गोली मारकर घायल करने के मामले में पत्नी ने सगे भाइयों सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला आलम सराय निवासी अजय राजपूत उर्फ बाबू का एक सप्ताह पहले मुहल्ला के ही चमन के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। शनिवार की देर रात नौ बजे चमन अजय राजपूत के घर पहुंचा। आरोप है कि अजय राजपूत ने फैसला करने से मना किया तो चमन ने अपने भाई विनेश और बेटे अभिषेक के साथ मिलकर मारपीट करते हुए अजय राजपूत को गोली मारकर घायल कर दिया। अजय राजपूत की पत्नी सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर देर रात चमन, विनेश और अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता,संभल

कार्यक्रम में बोलते कमल कांत तिवारी। ● अमृत विचार

- अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम की और से किया गया प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम की और से आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में में नौ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगोली सजाकर सबका मन मोह लिया। राजकीय कन्या इंटर कालेज की छात्राओं को विजेता घोषित किया गया।

शंकर कालेज परिसर में प्रतियोगिता का प्रारंभ अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से किया गया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा ने मां सरस्वती और भारत माता की वंदना प्रस्तुत की। पूजा शर्मा ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूर्ण की। कुलदीप ऐरन ने कहा कि भारत की संस्कृति लोक कलाओं,लोक कथाओं और लोकगीत में निवास करती है। रंगोली भारतीय लोक कला का सबसे अच्छा उदाहरण है। संस्था के संस्थापक डॉ. डीएन शर्मा ने कहा कि लुप्त होती लोक कलाओं को जागृत करना संस्था का उद्देश्य है।

डॉ. प्रीति सिंह ने रंगोली प्रतियोगिता का निर्णय करते हुए राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को प्रथम, ब्रज रतन सुंदर आर्य कन्या इंटर कॉलेज को द्वितीय तथा बाल विद्या मंदिर एवं शंकर भूषण शरण को तृतीय घोषित किया।

संस्था के निर्देशक संजय कुमार गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा व्यक्त की। संरक्षक कमलकांत तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूजा शर्मा,तुषार शर्मा डॉ, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

पशुशाला में आग से जल कर चार पशुओं की मौत

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात किसान की पशुशाला में अचानक आग लग गई। आग में जलकर चार पशुओं की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे। पशुओं के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद शवों का दफन कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव मेहुआ हसनगंज निवासी किसान सुरेंद्र पुत्र ब्रजपाल की पशुशाला मकान के बराबर में है। शनिवार को देररात पशुशाला में अचानक आग लग गई। पशुओं की आवाज सुनकर सुरेंद्र मौके पर पहुंचा। आसपास के ग्रामीण भी आ गए। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक आग में जलकर चार पशुओं की मौत हो चुकी थी। जिससे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस और पशु चिकित्सा अधिकारी भी पहुंचे।

युवकों ने पेट्रोल पंप के मालिक और सेल्समैन से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- सीसीटीवी कैमरों में घटना हुई कैद, मौके पर पहुंची पुलिस, दी तहरीर

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के आजाद रोड स्थित ओम फिलिंग स्टेशन पर बाइक सवार तीन युवकों ने सेल्समैन व पंप मालिक के साथ मारपीट की। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। झगड़ा बाइक में पेट्रोल डलवाने को लेकर बताया जा रहा है। रविवार की दोपहर ढाई बजे आजाद रोड स्थित ओम फिलिंग स्टेशन पर सेल्समैन रोहित शर्मा निवासी गांव बरौली रुस्तमपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद ड्यूटी पर था। वह पेट्रोल पंप पर आने वाले वाहनों में पेट्रोल भर रहा था। तभी एक बाइक पर सवार तीन युवक पेट्रोल पंप पर पहुंचे और बाइक में पेट्रोल भरवाने को लेकर सेल्समैन से विवाद हो गया। कहासुनी के बाद युवकों ने सेल्समैन को पीटना शुरू कर दिया। सेल्समैन की आवाज सुनकर पंप मालिक भी मौके पर पहुंचे और सेल्समैन को बचाने लगे। युवकों ने पंप मालिक के साथ भी मारपीट की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

मारपीट में सगे भाइयों सहित चार गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव करनपुर कायस्थ निवासी विनोद की बाइक की टक्कर लगने से जुगेंद्र यादव की पुत्री करिश्मा घायल हो गई थी। बच्ची के घायल होने की शिकायत करने पर जुगेंद्र व विनोद के बीच मारपीट व पथराव हुआ था। पुलिस ने रविवार को पुलिस ने विनोद, अमर सिंह, धर्मपाल, राजपाल को गिरफ्तार कर लिया।

आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते डाक्टर। ● अमृत विचार

3832 मरीजों का हुआ निशुल्क उपचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- स्वास्थ्य मेले में 207 लोगों के बने आयुष्मान गोल्डन कार्ड

अमृत विचार : जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3832 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। वहीं 207 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए।

आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 41 डॉक्टरों और 119 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। मेले में 1572 पुरुषों, 1407 महिलाओं और 853 बच्चों को निःशुल्क उपचार हुआ। 253 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई तो सभी निगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 207 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ. पंकज कुमार विश्नोई, एसीएमओ डॉ.कुलदीप कुमार आदिम, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम आदि रहे।

कार्यक्रम कई जगह एलईडी लगाकर सुना गया मन की बात का लाइव प्रसारण

प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनने पहुंचे लोग

संवाददाता, बबराला

बबराला में मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भाजपा नगराध्यक्ष के कार्यालय में मन की बात सुनते लोग।

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस साल के पहले रेडियो संबोधन मन की बात के 109वें एपिसोड को भाजपा नेताओं और लोगों ने उत्साहपूर्वक सुना।

रविवार को नगर पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के लिए लोग पहुंचे। प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के बाद भाजपा के जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री इस मंच का उपयोग लोगों के साथ राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को उठाने के लिए कर रहे हैं। साथ ही, उन्हें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप इस बार सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं क्योंकि आपका एक वोट देश की तकदीर बदल सकता है। इस दौरान मणिकांत वार्ष्णेय, कुमोद वार्ष्णेय, शिखर गोयल, विनय वार्ष्णेय, योगेश गुप्ता, आशुतोष वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय, विवेक एडवोकेट, प्रभाष कृष्ण, अभिषेक कांत, अभय वार्ष्णेय टेस्टी, अरविंद कुमार आदि रहे।

भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

चन्दौसी, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चन्दौसी के शक्ति केंद्र ब्रह्म बाजार में बूथ संख्या 170 पर बूथ अध्यक्ष राहुल शंकर के नेतृत्व में भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल की उपस्थिति में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 109वें प्रसारण को लाइव सुना। साथ ही पार्टी के निर्देशानुसार श्रीराम जन्मभूमि मंदिर दर्शन अभियान को लेकर बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर अयोध्या धाम जाने की रूपरेखा तैयार की। इस दौरान देवेंद्र गुप्ता मोनू, सभासद अमन कोली, बूथ अध्यक्ष शुभम अग्रवाल, निशान्त शर्मा, क्रांति कुमार आदि उपस्थित रहे। उधर भाजपा नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के साथ शक्ति केंद्र गणेश कॉलोनी के सभी सातों बूथों पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का लाइव प्रसारण सुना। जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया है। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम, सबके हृदय में राम। इस दौरान बूथ अध्यक्ष आकाश शर्मा, कुशांक यादव, श्यामसुंदर दुबे, कृष्णमोहन गुप्ता, सौरभ मिश्रा, रोशनलाल दिवाकर, मुनीश वार्ष्णेय, पीयूष यादव, सौरभ बाबू आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

राजकीय पालीटेक्निक में बनी हेल्प डेस्क

चन्दौसी, अमृत विचार : राजकीय पालीटेक्निक संस्थान में नए शिक्षण सत्र के प्रवेश फार्म भरने के लिए छात्रों की सहायतार्थ हेल्प डेस्क बनाई गई है। संस्थान के प्रधानाचार्य व प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी शशिकांत वर्मा ने बताया कि 29 फरवरी तक हेल्क डेस्क सभी अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने में सहयोग करेगी। हेल्प डेस्क का इंचार्ज सुनील कुमार को बनाया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 18 जनवरी से प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 16 से 22 मार्च के दौरान किया जाएगा।

ग्रामीण का सरेराह ई-रिक्शा ले गए चोर

चन्दौसी, अमृत विचार : थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली में शनिवार की बाजार में घरेलू सामान खरीदने आए ग्रामीण का ई-रिक्शा चोरी हो गया। पीड़ित ने चौकी नरौली पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी है। नगर पंचायत नरौली के गांव भाटौर निवासी अवनीत कुमार पुत्र रामेश्वर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे अपने ई-रिक्शा से नरौली के शनिवार वाले बाजार में सब्जी व घरेलू सामान खरीदने आया था। उसने अपना ई-रिक्शा हाईवे पर स्थित धर्म कांटे के निकट खड़ा कर दिया था। जब वह खरीदारी करके ई-रिक्शा के पास वापस लौटा तो होश फाख्ता हो गए। ई-रिक्शा गायब था। आसपास काफी तलाश किया लेकिन ई-रिक्शा का सुराग नहीं लग सका।

बीमारी से परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पिछले चार साल से मानसिक रुप से बीमार चल रहा है। परिजन युवक का इलाज बरेली में निजी डॉक्टर से करा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि युवक कई दिनों से बीमारी के चलते तनाव में रहा था। रविवार की सुबह दस बजे युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे युवक की हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजन आनन फानन में उपचार कराने के लिए युवक को लेकर जिला अस्पताल आ गए। तबीयत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बामनेटा गांव में रास्ता संकरा होने से होती है परेशानी, जिला प्रशासन व रेलवे से शिकायत के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिली राहत

यहां अंतिम संस्कार के लिए अर्थी को लेकर फांदनी पड़ती है दीवार

सुनील कुमार,बहजोई(संभल)

अमृत विचार: जनपद में बहजोई के निकट एक गांव ऐसा है जहां अंतिम संस्कार के लिए अर्थी लेकर रेलवे की दीवार फांदकर अंत्येष्टि स्थल तक जाना पड़ता है। संकरा रास्ता होने के कारण अर्थी लेकर जाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

बहजोई विकासखंड के गांव बमनेटा में रेलवे ने अपनी जमीन बताते हुए गांव के रास्ते पर दीवार बना दी। दूसरी ओर कुछ ग्रामीणों ने ग्राम सभा की भूमि पर कब्जा करके घर बना लिए हैं। जिसके कारण गांव से बाहर निकलने वाला रास्ता बेहद संकरा हो गया है। रविवार को गांव के ही 50 वर्षीय मोहनलाल की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई। ग्रामीण रविवार को मोहनलाल के अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे। गली संकरी थी और अर्थी उसमें से निकल नहीं पा रही थी।

बमनेटा गांव में अर्थी लेकर दीवार फांदते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ऐसे में ग्रामीण मजबूरी में अर्थी लेकर रेलवे द्वारा लगाई गई दीवार को फांद कर अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचे। तब कहीं जाकर ग्रामीण का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने रेलवे तथा जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है। कि दोनों ने ही ग्रामीणों के साथ अन्याय किया है। रास्ते में इतनी जगह नहीं छोड़ी कि वह अर्थी को मुख्य रास्ते से ले जाएं। वह कई बार इसको लेकर रेलवे तथा जिला प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई भी फायदा नहीं मिला।

यह है मामला

बहजोई के गांव बमनेटा में के मुख्य रास्ते पर जब ग्रामीणों ने रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण करना प्रारंभ किया तो रेलवे ने अपनी जमीन नाप कर ऊंची दीवार बना दी। तब उसे गाली के आगे के हिस्से में कुछ ग्रामीणों ने ग्राम सभा अपने मकान पहले से ही बना रखे थे। रेलवे की दीवार लगने के बाद वह रास्ता संकरा हो गया। पीछे रह रहे ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की कई बार राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ गांव पहुंची लेकिन उन ग्राम सभा की जमीन पर बने घरों को नहीं हटा पाई।

रेलवे द्वारा दीवार बनाने के बाद गांव का रास्ता संकरा हो गया। इसके बाद वही ग्राम समाज की भूमि पर कुछ लोगों ने घर बना लिए। इसकी शिकायत उन्होंने रेलवे तथा जिलाधिकारी से भी की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसी भी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो हम ग्रामीणों को रेलवे की दीवार फांद कर ही अर्थी को अंत्येष्टि स्थल तक ले जाना पड़ता है। **-अखिलेश सिंह, ग्रामीण, बमनेटा**

हमारे गांव में रास्ता संकरा होने के बाद किसी भी बुजुर्ग की मौत हो जाती है तो रेलवे की दीवार फांद कर ही अंत्येष्टि स्थल पर अर्थी को ले जाना पड़ता है। इससे बहुत समस्या आ रही है। जिला प्रशासन से लेकर रेलवे से इसकी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन इस समस्या का कोई भी समाधान नहीं हुआ। कई बार टीम में आई और देखकर चली गई। **- राजवती, ग्रामीण, गांव बमनेटा**

सड़क हादसे में घायलों का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

दो बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बेरनी मार्ग पर गुर्जर कृषि फार्म के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

जनपद के थाना कैली देवी क्षेत्र के गांव खनुपुरा की मिलक निवासी रोहताश पुत्र राधेश्याम रविवार को बाइक से अपनी ससुराल जहांगीरपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ गए थे। वह शाम को अपनी सास प्रेमवती पत्नी जागन सिंह के साथ बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जब बाइक सवार बेरनी मार्ग पर गुर्जर कृषि फार्म के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार रोहताश व दूसरी बाइक पर सवार जयकेश पुत्र राम बहादुर सिंह निवासी किशनपुर थाना फैजगंज बेहटा, जनपद बदायूं घायल हो गए। जबकि प्रेमवती मामूली रूप से चोटिल हो गई।

जीआरपी ने ट्रेन में चोरी का किया खुलासा

युवक गिरफ्तार, दो मोबाइल फोन, लेडीज बैग और 9260 रुपये बरामद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जीआरपी ने ट्रेन में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक से दो मोबाइल फोन व लेडीज बैग समेत नगदी बरामद की है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

रविवार की सुबह जीआरपी चन्दौसी के उप निरीक्षक मुकेश कुमार अपनी टीम के साथ स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध को पकड़ कर पूछताछ की और तलाशी ली। युवक के पास से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। जिससे पुलिस उसे थाने ले गई। जहां पूछताछ में युवक ने अपना नाम फईम पुत्र मो. अय्यूब निवासी रसूलपुर धतरा थाना हयातनगर जनपद संभल का बताया। आरोपी ने ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने की बात कबूल की है। जीआरपी ने गिरफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल फोनऔर सौंदर्य प्रसाधन से भरा एक लाल रंग का लेडीज बैग व 9260 रुपये बरामद किए हैं। 2023 में चलती ट्रेन से एक महिला यात्री से बैग चोरी कर लिया था। जिसका मुकदमा जीआरपी थाने में दर्ज है। पुलिस ने आरोपी फईम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजदेव पूनिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के अपराधिक इतिहास के बारे में अन्य थानों से भी जानकारी की जा रही है।

ट्रेन में चोरी का खुलासा करते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

एजेंट की एक लाख की नकदी व सामान चोरी

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में किराना की दुकान पर सामान दे रहे एजेंट की बाइक पर रखी एक लाख रुपये की नकदी व अन्य सामान का थैला चोरों ने चोरी कर लिया। एजेंट ने तहरीर देकर पुलिस से नकदी व सामान बरामद कर चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला हल्लूसराय निवासी एजेंट आदित्य सिंह शनिवार की दोपहर दो बजे संभल मुरादाबाद मार्ग पर मुहल्ला नाला में किराना की दुकान पर बीड़ी, गुटखा, सिगरेट सहित अन्य सामान देने के लिए पहुंचे थे। बाइक पर एक थैले में एक लाख रुपये की नकदी व दूसरे थैले में अन्य सामान रखा हुआ था। सामान देने के बाद आदित्य सिंह दुकान के अंदर पहुंचकर दुकानदार से रुपये लेने लगे। इसी बीच में चोरों ने दुकान के आगे खड़ी बाइक से नकदी व सामान का थैला चोरी कर लिया।

बंद ट्रेनों के पुनः संचालन की मांग को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रविवार को रेलवे के जीएम को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक हरभजन सिंह को सौंपा और बंद पड़ी ट्रेनों के पुनः संचालन की मांग की।

व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि बरेली से आगरा कैंट व हाबड़ा से अमृतसर जाने वाली डुप्लीकेट एक्सप्रेस काफी समय से बंद हैं। जिससे नगरवासियों के साथ-साथ व्यापारियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

अधिकांश व्यापारी अपना माल आगरा से मंगाते हैं। मगर सीधी ट्रेन नहीं होने से उनका माल सीधे नहीं पहुंचता, जिससे माल आने में देरी हो जाती है।

इसके अलावा व्यापारियों ने दिल्ली से टनकपुर तक जाने वाली पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस में जनरल व स्लीपर बोगी के टिकट वितरण कराने की मांग की है। क्योंकि अभी तक पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस में आरक्षण की सुविधा है। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, मयंक वार्ष्णेय, चिंकल, इरफान, मंसूरी, तुषार, सुफियान, शिवांशु वार्ष्णेय, राजा कुरैशी, सावन शर्मा, आकाश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

- पूर्णागिरि जनशताब्दी में जनरल व स्लीपर के टिकट देने की मांग
- आगरा कैंट व हाबड़ा से अमृतसर जाने वाली डुप्लीकेट एक्सप्रेस को शीघ्र चलाया जाए

जयंती पर लाला लाजपत राय को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने रविवार को संयुक्त रुप से महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी लाला लाजपत राय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम दोनों संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने लाला लाजपत राय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर नमन किया। साथ ही देश की आजादी में दिए गए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि लाला लाजपतराय महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी नेता थे। लाला लाजपतराय का जन्म 28 जनवरी 1865 में पंजाब प्रान्त के मोगा जिले के दुधिके नामक स्थान पर हुआ था। इनके कार्यों को देखते हुए पंजाब केसरी की उपाधि दी गई। क्रांतिकारी लाला लाजपतराय ने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना की और लक्ष्मी बीमा कंपनी खोली। 30 अक्टूबर 1928 को साइमन कमीशन के विरोध में शान्ति पूर्ण विशाल सभा में निहत्थे लोगों पर ब्रिटिश सरकार ने लाठीचार्ज कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। 17 नवंबर को उनकी मृत्यु हो गई। इस अवसर पर अंकित वार्ष्णेय, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. वसीम सैफी, पंकज वार्ष्णेय, राहुल चौधरी, विकास यादव, फरमान खान, रिचा यादव, अभिषेक यादव, इमरान खान, अरविंद शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

लाला लाजपत राय की जयंती मनाते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

- वक्ताओं ने आजादी में दिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला

रविवार को 7 घंटे बिजली बंद रहने से हुई परेशानी

चन्दौसी, अमृत विचार: विद्युत विभाग की ओर से रविवार को स्टेशन रोड फीडर पर नए पोल व नए तार लगाने का कार्य किया गया। जिससे स्टेशन रोड फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक पूरी तरह बंद रही। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

रविवार को स्टेशन रोड फीडर पर बेहतर विद्युत सप्लाई के साथ-साथ विद्युत लाइन से सुरक्षा दिए जाने को नए पोल व नए तार लगाने का कार्य किया गया। जिससे सुबह दस बजे से फीडर के आवास विकास कॉलोनी, संभल गेट, घंटाघर, फड़याई बाजार, डिस्पेंसरी रोड, साकेत कॉलोनी, लायंस कॉलोनी, मयूर विहार, मुंसिफ रोड, स्टेशन रोड, कालिंदी कुंज, शक्ति नगर, उदय देवता, घटिया गेट आदि में विद्युत कर्मचारियों द्वारा कार्य किया गया। जिससे उक्त मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक पूरी तरह बंद रही।

सत्यनारायण मंदिर के बाहर भोजन वितरित करते लोग। ● अमृत विचार

मंदिर के बाहर जरुरतमंदों को बांटा जा रहा है भोजन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अग्रवाल सभा की ओर से स्टेशन रोड स्थित सत्य नारायण मंदिर के बाहर जरुरतमंदों के लिए भोजन व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भोजन लेने के लिए पहुंचे। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि जरुरतमंदों को भोजन देना पुण्य का कार्य माना जाता है। माघ माह में अन्न, वस्त्र, तिल, गुड़, कंबल, घी, गीता, गेहूं, जल आदि का दान करना चाहिए।

इस दौरान ओमप्रकाश, आनंद कुमार जैन, अंकुर अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, उत्तम, पप्पू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

- बड़ी संख्या में लोग भोजन लेने के लिए पहुंच रहे हैं

सार-संक्षेप

युवती को ले जाने में दो के खिलाफ रिपोर्ट

संभल,अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव से गुरुवार को ग्रामीण पत्नी के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर टांडा में लगे साप्ताहिक बाजार से घरेलू सामान खरीदने आया था। बाजार में ग्रामीण को हरपाल अपने साथी दीपू के साथ मिला था। शाम को ग्रामीण बाजार से खरीदारी करने के बाद घर पहुंचा। देखा तो युवती घर में नहीं थी और कमरे में रखे 40,000 रुपये भी गायब थे। दो दिन तक तलाश करने के बाद भी ग्रामीण को युवती का पता नहीं चल सका। शनिवार की शाम तहरीर देकर ग्रामीण ने हरपाल व दीपू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

जुआ खेलते छह आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात नकदी बरामद कर पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के मुहल्ला दीपा सराय में स्थित पानी की टंकी के पास शनिवार की देर रात ताश के पत्तों से जुआ खेलने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 2870 रुपये की नकदी बरामद कर दीपा सराय निवासी मुस्लिम, जैवान, मोहम्मद वारिस, शेर मोहम्मद, मोहम्मद फैजान और मुहल्ला खग्गूसराय निवासी रिजवान को गिरफ्तार कर लिया।

लालच देकर बनाया किन्नर, बधाई मांगने नहीं दे रहे

बदायूं, अमृत विचार : एक किन्नर ने दूसरे किन्नर पर प्रलोभन देकर लिंग परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पीड़ित किन्नर का आरोप है कि उसे बधाई मांगने के लिए क्षेत्र नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से वह आर्थिक रूप से परेशान है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू का है। यहां के रहने वाले मोहम्मद आसिब उर्फ हिना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि लगभग एक महीने पहले उसे किन्नर बनने का लालच दिया गया था। कहा था कि अगर वह किन्नर बन जाए तो उसे 50 हजार रुपये मिलेंगे।

ब्लैक पैंथर की टीम ने ब्लैक हंटर को 146 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कैथल गांव स्थित मैदान में स्व. सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को ब्लैक पैंथर्स और ब्लैक हंटर की टीम के बीच मैच खेला गया। जिससे ब्लैक हंटर को हरा कर ब्लैक पैंथर ने 146 रन से शानदार जीत हासिल की। विजेता टीम के खिलाड़ी अभिषेक चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे।

ब्लैक पैंथर्स की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ब्लैक पैंथर ने 244 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाज अभिषेक चौधरी ने सर्वाधिक 77 रन व अक्षयदीप ने 53 रनों का योगदान दिया। ब्लैक हंटर के गेंदबाज अंकित कोहली व सूर्या प्रकाश ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में ब्लैक हंटर के बल्लेबाज ब्लैक पैंथर की गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सके और पूरी टीम 98 रन बना कर आउट गई। ब्लैक हंटर की ओर से जैनुल ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। ब्लैक पैंथर के गेंदबाज रोबिन व सनी ने 3-3 विकेट तथा अनमोल व अभिषेक चौधरी ने 2-2 विकेट झटके। इस प्रकार ब्लैक पैंथर्स ने 146 रन से मैच जीत लिया। अंपायरिंग जितेंद्र कुमार व राम ने की। सोमवार को बरेली और इलेवन स्टार के बीच मैच खेला जाएगा। इस दौरान अंशुल टनाटन, राहुल टनाटन, प्रिया टनाटन, मोनिका टनाटन, सूर्या टनाटन, माधव टनाटन, विराट आदि रहे।

अभिषेक चौधरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

परेशानी नाले की सफाई नहीं होने व अतिक्रमण के कारण घरों में घुस रहा गंदा पानी

निकासी बाधित होने से पंचशील कालोनी में जलभराव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: पंचशील कॉलोनी में लगभग एक माह से जलभराव की समस्या बनी हुई है। रोजाना मुख्य मार्ग सहित अन्य गलियों में जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव का कारण गोशाला रोड पर बने नाले की सफाई नहीं कराना बताया जा रहा है। नाले पर कई स्थानों पर सीमेंट के पटरे डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है।

विकास खण्ड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मौलागढ़ के रकवे में पंचशील कॉलोनी बनी है। कॉलोनी में पानी निकासी बाधित होने से मुख्य मार्ग सहित गलियों में जलभराव हो रहा है। साथ ही नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध से कॉलोनीवासियों का घरों में रहना दूभर हो गया है। गंदगी से संक्रामक रोग फैलने की आशंका भी बनी हुई है। जलभराव होने से रोजाना पैदल विद्यालय जाने वाले बच्चों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में बच्चों के कपड़े खराब होने के साथ वे चुटैल तक हो जाते हैं। जबकि कॉलोनी के लोग कई बार ब्लाक के अधिकारी व ग्राम प्रधान से शिकायत कर चुके हैं। मगर समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है।

पंचशील कालोनी में जलभराव से गुजरता स्कूटी सवार। ● अमृत विचार

- शिकायतों के बाद भी नहीं सुन रहे संबंधित अधिकारी

हमारे घर के बाहर गली में जलभराव होने से घर में गंदा पानी घुस गया है। इससे उठने वाली दुर्गंध के कारण घर में रहना मुश्किल हो गया है। शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। **-प्रभा गौड़**

सड़क पर जलभराव होने से बाजार जाने वाली महिलाओं व बच्चों को ठंड के मौसम में गंदे पानी से होकर गुजरने को विवश होना पड़ रहा है। जिससे पैरों में चर्म रोग होने की आशंका बनी रहती है। **-स्मिता बंसल**

कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरने से आवागमन पूरी तरह बाधित है। बच्चों को विद्यालय जाने से गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। इससे हादसे का डर बना रहता है। **-अंजला अग्रवाल**

सड़क पर जलभराव को लेकर कॉलोनी के लोगों ने ब्लाक के अधिकारी व ग्राम प्रधान से शिकायत की थी। मगर कोई समाधान निकलता नजर नहीं आ रहा है। **-मनोज गुप्ता**

दो परिचालकों की संविदा हुई समाप्त, 15 का कटा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : रोडवेज बसों के संचालन में लापरवाही करने वाले संविदा चालक और परिचालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। केंद्र प्रभारी की रिपोर्ट पर जनवरी में ही पांच चालकों की संविदा समाप्त की गई थी। अब लगातार अनुपस्थित रहने पर दो संविदा परिचालकों की सेवा समाप्त करते हुए उनकी प्रतिभूति जब्त की गई है। अन्य चालक और परिचालकों को चेतावनी दी गई है।

अनुपस्थित रहने वाले संविदा चालक और परिचालकों को चिह्नित करके कार्रवाई की जा रही है। परिवहन निगम के संविदा परिचालक रवि कुमार पुत्र हरिहर प्रसाद अधिकारियों को बिना सूचना दिए एक जनवरी 2023 से अनुपस्थित चल रहे हैं। संविदा परिचालक रक्षपाल 2 सितंबर 2023 से अनुपस्थित चल रहे हैं। संचालन के केंद्र प्रभारी ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के समक्ष अपनी रिपोर्ट दी थी।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने जांच कराई तो पता चला कि दोनों संविदा परिचालक अनुपस्थित रहने के आदी हैं। जिनकी वजह से डिपो से रोडवेज बस का संचालन कार्य प्रभावित हो रहा है। दोनों परिचालकों की प्रतिभूति जब्त करते हुए संविदा सूची से नाम कटवाने का आदेश दिया है।

वहीं बहुत सी रोडवेज बसों के परिचालक रास्ते में लोगों को बैठाने में परहेज करते हैं। जिसकी वजह से निगम को नुकसान हो रहा है। आय गिर रही है। जिसके चलते परिवहन निगम के 15 संविदा परिचालकों के मानदेय में कटौती की है।

- लगातार रहे थे अनुपस्थित, परिवहन निगम को हो रहा था नुकसान

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते !
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : !!

किसी जगह पर बिना बुलाए चले जाना, बिना पूछे बहुत अधिक बोलते रहना, जिस चीज या व्यक्ति पर विश्वास नहीं करना चाहिए उस पर विश्वास करना मुर्ख लोगो के लक्षण होते है।

संपादकीय

बदले समीकरण

बिहार में कई दिनों से जारी राजनीतिक उथल-पुथल थम गई है। राज्य में सत्ता का समीकरण एक बार फिर बदल गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बना ली है। रविवार को नीतीश कुमार ने जबरदस्त सियासी घमासान के बाद नौवीं बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नीतीश ने पिछले दशक में चौथा और इस कार्यकाल में दूसरा पलटमार कदम उठाया है। वास्तव में राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। नीतीश के इस कदम से राज्य में महागठबंधन के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गुट को भी गहरा झटका लगेगा। घटनाक्रम का समय बड़ा महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में प्रवेश कर रही है और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ गठबंधन के सभी सदस्यों के साथ शक्ति प्रदर्शन की योजना बनाई है। नीतीश का यह कदम विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा झटका है। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन करके ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था।

ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रकिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर सवाल खड़ा हो गया है। जाहिर है, आगे घटनाएं चाहें जैसा भी मोड़ लें, इतना तय है कि इंडिया को अपनी विश्वसनीयता की नई परीक्षाओं से गुजरना होगा। राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं पूरी करने की चाह में पिछले साल की शुरुआत में नीतीश ने विभिन्न भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने के प्रयास में , देश का दौरा करना शुरू किया। ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे जैसे नेताओं से मुलाकात की। उनके प्रयासों का फल इंडिया गठबंधन के रूप में मिला। नीतीश को विपक्षी गठबंधन के वास्तुकार के रूप में देखा गया । जिस बात से इंडिया के नेता हतप्रभ हैं, वह है बिहार के मुख्यमंत्री का उन लोगों के साथ शामिल होने का अचानक लिया गया निर्णय, जिनके खिलाफ वह युद्ध छेड़ने की तैयारी कर रहे थे। नीतीश गठबंधन के उन पारित प्रस्तावों के हस्ताक्षरकर्ता थे, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के लिए खतरा है और विपक्षी गठबंधन देश बचाने के लिए लड़ रहा है। हालांकि नीतीश कुमार ने पहले भी अपने अवसरवादी निर्णयों से राजद और भाजपा को झटके दिए हैं, लेकिन भाजपा को गले लगाने की उनकी ताजा रणनीति आगामी आम चुनाव से पहले विपक्ष के राजनीतिक गणित को गड़बड़ करने की क्षमता रखती है।

देवकुलों के बारे में हमारा ज्ञान और इंडोलॉजिस्ट्स का श्रम



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं।

अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की घटना ने मुझे यह सोचने को मजबूर किया कि हिंदुओं के देव-देवियों के बारे में 99 प्रतिशत तक मैं कुछ खास नहीं जानता। अन्य सामान्य लोग अपनी जांच इस बारे खुद कर लें। इसका बड़ा कारण संभवतः संस्कृत भाषा के पठन-पाठन के बारे में मेरी कमजोरी है। मैंने संस्कृत भाषा और व्याकरण सिर्फ ग्यारहवीं जमात तक पढ़ी है और ठेठ या उच्च स्तर की वैसी संस्कृत बांचने और पाठ का अर्थ समझने में अक्षम हूं जैसी ऋग्वेद में है। एक भी ऋचा का अर्थ नहीं कर पाता, यूं अपने मन में यह ख्याल जरूर रखता हूं कि शायद समझ गया हूं। हम जिस तरह की शिक्षा प्रणाली से दीक्षा पाकर निकलते हैं उसमें भारतीय भाषाओं में हमारे सांस्कृतिक महत्व के पाठ और स्मृतियों के पठन-पाठन की कोई सामान्य-सी योजना भी नहीं है। विभाग विशेष अर्थात, संस्कृत महाविद्यालयों और सामान्य विश्व-विद्यालयों के, संस्कृत विभागों के आम सिलेबस से मैं अधिक वाकिफ नहीं बस इम्प्रैशन भर है कि शायद इनमें एमए पाठ्यक्रम में ये सब सामान्य तरीके से पढ़ाए जाते हैं।

हिंदू देवकुलों का अध्ययन एक खास किस्म का तजुर्बा है और जिससे आधार पर हम अपने अराध्यों और मार्गदर्शकों के निजी जीवन के कुछ पक्ष और बौद्धिक कृतियों के बारे में और इन द्वारा बताए गए जीवन दर्शन के गहन पहलुओं और अपने हिंदू समाज की दिनचर्या ही नहीं जीवन के गहराइयों को शायद समझ पाएं। हम अपने आसपास या दूरस्थ देवस्थलों और देवालयों में हिंदू देव, देवियों को चित्र, चित्रार्द्ध और चित्रभाषा में अनेक रूप में देखने के अभयस्त हैं लेकिन शायद ही हिंदू देवकुलों के विस्तार और इनकी श्रेणियों से परिचय पाने की जिज्ञासा रखते हैं। बस, सुनने से जो नाम मन पर चढ़ गए वे ही याद हैं। हिंदुओं के अलावा ग्रीक और रोमन देव-देवियों की भी लंबी फेहरिस्त है और हम यदा-कदा इनके नामों से भी प्रसंगवश परिचित होते रहे हैं जैसे कि अपोलो, जुपिटर, मार्स, मरकरी पुरुष देव हैं और वेस्ता, जूनो, मिनर्वा, देवियां हैं। भारत में देवकुलों की सूची में 500 नाम तो हैं ही। प्रत्येक देव-देवी के लिए पूजा, अर्चना के विधान और देवस्थान तय हैं। मुझे यह जानकर आश्चर्य होता है कि भारतीय धर्म-संस्कृति के ग्रंथाचार्यों ने

मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी। यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं।

कितनी मेहनत से यह सब किया होगा और इसका प्रयोजन क्या रहा होगा जिससे मैं तो अधिकांश अपरिचित ही हूं! भारत में एक बिलकुल ही निराले धर्म-दर्शन की सुदीर्घ परंपरा विकसित रही है जिसमें विस्तार हुआ और वैष्णवों, शैव, शाक्त और जैनियों के अलावा अनेक और समुदायों की उत्पत्ति हुई। इनका निकास आदि-शिव साधकों और वैष्णवों ने किया जैसे कि निम्बार्काचार्य, माधवाचार्य, दादू, श्री वल्लभ, चरनदास, चैतन्य, स्वामीनारायण, रामनुज और पंथ संस्थापकों जैसे कि गुरुनानक, रामदेव ने 70 से अधिक हिंदू धार्मिक संप्रदायों और अनेक पंथों ने एक प्रमुख गुरु और संत को अपनाया। इनके बारे में विस्तृत सूची और ब्यौरा सन 1896 में जोगेंद्रनाथ भट्टाचार्य ने 'हिंदू कास्ट्स एंड सेक्ट्स' पुस्तक में दिया है। इससे पहले प्रोफेसर वीपी जोहरापुरकर ने सन 1958 में प्रकाशित पुस्तक में भट्टारक जैन समुदाय के बारे विस्तार से लिखा है। इनसे भी पहले होरेस हेमन ने 1861 में 'ए स्केच ऑफ़ द रिलीजियस सेक्ट्स ऑफ़ द हिंदूज' में 50 से अधिक धार्मिक संप्रदायों के बारे में जानकारी दी थी। मंदिरों की अनेक श्रेणियों को देखकर देवकुलों की समाज पर विशालता और असर का आभास होता है। इसकी पैठ गहरी है। देवप्रासादों में एक देव-देवी या देवकुल को एक निश्चित और विशिष्ट स्थान (स्थल नहीं) क्यों दिया गया इसके बारे में जानने को शायद ही कभी हम उत्सुक हुए दीखते हैं; बस जो चल रहा है उसे स्वीकार करते हैं, जीवन भर देखते चले जाते हैं और दर्शन के बाद मंदिर परिसर से बाहर हो लेते हैं। बाद में सामान्य तरीके से जीवन यापन में लग जाते हैं। देव-देवियों की प्रतिमाओं के शिल्प के बारे में, उनके कक्ष और श्रृंगार और निर्धारित अर्चना शैली के अलावा शिल्पियों की विद्या और प्रतिमा-मान एवं बहुत सी तकनीकी बातों की खोज नहीं करते जबकि भारतीय विद्यावृत्त में इनके बारे में विस्तार से जानकारी मौजूद है। मैं भी नहीं पढ़ पाया हूं इसलिए किसी तरह की डींग हांकने की जुर्रत नहीं कर रहा हूं। यह जानकर मुझे भी आश्चर्य होता है कि भारत अध्येताओं में अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने-चाहे किसी भी प्रयोजन और नीयत से, भारतीय हिंदू देवकुलों का अध्ययन करके सन 1810 में ही किताब लिख दी थी। जैसाकि ब्रिटिश सोल्जर और बाद में भारत अध्येता बने एडवर्ड मूर ने लिखी और प्रकाशित की थी। एडवर्ड मूर, भारत में आर्मी ऑफ़ द ईस्ट इंडिया कंपनी में सन 1782 में एक कैडेट अफसर के रूप में भर्ती हुए थे और सन 1796 में कैप्टेन थे। भारत में रहते हुए इन्हें सन 1806 में रॉयल सोसाइटी ऑफ़ इंग्लैंड का फेलो बनाया गया। मूर ने सन 1810 में 'द हिंदू पेन्थियन' के अलावा 1811 में 'हिंदू इन्फंटिसाईड' अर्थात बालहत्या और, सन 1834 में 'ओरिएण्टल फ्रैगमेन्ट्स' किताबें भी लिखी हैं।

वे सन 1848 में सिधार गए। इसके अलावा भी इंडोलॉजिस्ट्स ने बहुत कुछ और लिखा है जैसे कि कई खंडों में 'द सेक्रेड बुक्स ऑफ़ द हिंदूज़' और 'रिलीजियस हिस्ट्री ऑफ़ द ओरिएंट', आदि। परंतु जैसा कि मुझे दामोदर धर्मानंद कोसाम्बी (डीडीके) की 'कंबाइंड मेथड्स इन इंडोलॉजी' के कुछ अध्याय पढ़कर महसूस हुआ कि विशेषी मूल के भारत अध्याताओं ने बेशक बहुत मेहनत की और इन प्रकाशनों के अध्ययन के साथ प्रस्तुत संदर्भ विशाल संख्या में दिए हैं, लेकिन इनमें से कुछ अध्ययनों में अपनाए गए मेथड और निष्कर्षों को आंख मूंद कर स्वीकार भी नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए कोसाम्बी ने अपनी उक्त पुस्तक के 'डेवलपमेंट ऑफ़ द गोत्र सिस्टम्स' अध्याय में बताया है कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के जॉन ब्रो की पुस्तक 'द अर्ली ब्राह्मनिकल सिस्टम ऑफ़ गोत्र एंड प्रवर –'अ ट्रांसलेशन ऑफ़ द गोत्रप्रवर मंज़री' में लिखित जानकारी के इंटरप्रिटेशन की बाबत सही टिप्पणी नहीं की है। गोत्र प्रवर मंजरी के लेखक पुरुषोत्तम पंडित हैं। कोसाम्बी ने हमें सावधान किया है और कहा कि अगर मूल पाठ नहीं देखा और इसकी पूर्ण समझ नहीं तो किसी किस्म की ऐसी टिप्पणी जिससे भारतीय समाज और इसके ज्ञानाधार के क्रमिक विकास के बारे में कुछ कहना है तो संयम से कहें। अर्थ यह कि विदेशी इंडोलॉजिस्ट्स में शायद वह समझ कभी विकसित नहीं हुई जिसकी पृष्ठभूमि को ठेठ भारतीय ज्ञान पद्धति से ही समझा जा सकता है। इंटरप्रिटेशन में सिर्फ सूचना का ही महत्व नहीं बल्कि भारतीय दर्शन की उत्पत्ति, कबीलों की उत्पत्ति और नामकरण, जियोग्राफी, नर-नारी के स्थायी निवास और प्रवर की उत्पत्ति के अलावा भाषा और संवाद, ग्रामर का विकास और भारत की अंतर्सामाजिक गतिकी के अलावा वर्णक्रम और इसकी अनेक मर्यादाओं को समझना होता है, ऐसा कोसाम्बी का सावधान करने वाला संकेत है। वेद, उपनिषद, पुराण और बहुत सी अन्य हिंदू धर्म और दर्शन की भारतीय मनीषियों द्वारा लिखित प्राचीन किताबें इन्होंने पढ़ी होंगी, भारतीय देवकुल सिस्टम को समझा होगा और फिर सूची बनाकर सबके विवरण जमा किए होंगें, भारतीय पंडितों से समझा होगा और भारतीय हिंदू समाज में इनकी व्यापकता को जाना होगा। जाहिर है एक अंग्रेज के लिए इन्हें समझना कितना श्रमसाध्य और समग्र प्रयास रहा होगा।मुझे अब महसूस हो रहा है कि पढ़ाई चाहे कैसी भी हो, भारत के मूल निवासी होने के नाते हिंदू देवकुलों के बारे में कॉलेज स्तर पर ही हमें जानकारी दी जानी चाहिए थी।

यह जानकारी हमें टूरिस्ट लिटरेचर या कोर्स की किताबों से मिलने से रही। जाहिर है, ऐसे में बनावटी तौर से ही यह कहलवाना कि 'हमें भारतीय होने पर गर्व है' मुझे जंचता नहीं हैं। यह सब खुद को भ्रम में रखने जैसा निवारण प्रतीत होता है। तटस्थ भाव से उन लोगों की हमें प्रशंसा करनी चाहिए जिहोंनें अपनी भाषाओं अर्थात इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, जापानी या मंडारिन में भारत को समझ कर किताबें लिखीं। जीवन के पहले 60-65 वर्षों में सांसारिक व्यस्तताओं से निपट कर अंतिम आश्रमावस्था के दौर में तो स्वाध्याय करके भारत को हम समझ ही सकते हैं अन्यथा टूरिस्ट बनकर मंदिरों के यूं ही ख्वामखाह चक्कर काटने से कुछ अधिक हासिल होने वाला नहीं है। इस समझ को भ्रमण से बढ़ाया जा सकता है। अंतिम दिनों में शांत होने के लिए इसे मैं अब जरूरी समझ रहा हूं।

प्रसंगवश

नीतीश : कितनी नावों में कितनी बार

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे

'कितनी नावों में कितनी बार' वैसे तो अज्ञेय जी का एक काव्य संग्रह है,जिस पर प्रतिष्ठापूर्ण 'ज्ञानपीठ'पुरस्कार मिला था, किंतु यहां हम उसका जिक्र नहीं करने जा रहे हैं। यहां हमारा वर्ण्य विषय है बिहार के आठ बार मुख्यमंत्री रहे और फिर बनने जा रहे नीतीशकुमार की बहुशः पाला बदल राजनीति। उन्हें ज्ञानपीठ तो नहीं हां 'पलटू राम'का खिताब जरूर हासिल हुआ है और देने वाले कोई और नहीं, वही भाजपाई हैं, जिनसे मिलकर अब नवीन सत्ता सृजन सामने है। यह युग अब 'राज'का ही रह गया है,'नीति'गायब हो चुकी है। भाजपा भी,अपने को 'पार्टी विद डिफरेंस'यानी अन्यों से भिन्न प्रकृति और व्यवहार रखने वाली पार्टी कहा करती रही है,अब सब की ही तरह होकर रह गई है। राजनीति अब केवल एक नाम भर रह गया है,कुर्सी ही सब कुछ है। ये नीतीशकुमार ने लालू यादव के भ्रष्ट और कुशासन के विरुद्ध समता पार्टी बनाने में आगे आगे रहे; लेकिन उनके साथ मिलकर खूब सरकारें बनाईं। अपने वरिष्ठ जार्ज फर्नाडीज़ के साथ कृतघन्नता की और उन्हें 2007 में टके का तीन करने में संकोच नहीं किया। पिछला विधानसभा चुनाव ये लड़े तो भाजपा से मिलकर थे, और सरकार भी बनाई; किंतु बहुत जल्द उससे ऊब गये और सुविधावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए लालू यादव के राजद से हाथ मिला लिया। उनके नवीं फेल पुत्र तेजस्वी को उपमुख्यमंत्री पद पर आसीन करते हुए सरकार बना ली। जिनकी शासनावधि को जंगलराज कहा करते थे, गले लगा लिया। वर्तमान में भी इनके हृदय परिवर्तन का कारण कुर्सी ही है। लालू अपने बेटे तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते थे; अतः नीतीश को सब्जबाग़ दिखाया कि 'आप अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के पीएम फेस बनिये,मैं समर्धन करुंगा और बिहार तेजस्वी को दीजिए'। नीतीश यह महत्वाकांक्षा पाल बैठे कि वे विपक्ष के पीएम कैंडीडेट हो सकते हैं। इस क्रम में उन्होंने दौड़भाग शुरू की और विपक्ष के 'इंडिया'नामक गठबंधन ने आकार ले गया। हालांकि गठबंधन ने इन्हें भाव तो कभी नहीं दिया किंतु कुछ झटकों के बावजूद ये भ्रम पाले रहे कि शायद अब पीएम प्रत्याशी घोषित हो जाएं। अंततः जब कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे इस गठबंधन के अध्यक्ष चुन लिए गए, तब नीतीश की आशाओं पर तुषारापात हो गया। वे समझ गए कि यदि किसी तरह सत्ता विपक्ष के हाथ आ भी गई, तो पीएम कांग्रेस का ही होगा; उनका अपना कोई चांस नहीं। ऐसे में वे फिर भाजपा की ओर मुड़े और एनडीए का दामन थाम लिया। समझौते के अनुसार वे भाजपा की मदद से निर्बाध सीएम तो रहेंगे किंतु लोकसभा सीटें भाजपा को ज्यादा देनी पड़ेगी। भाजपा ने भी नैतिकता किनारे रखकर इनसे हाथ इसलिए मिलाया है,क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनावी वैतरणी पार करनी है। भाजपाई नेतृत्व जानता हे कि केवल 'रामभरोसे'काम नहीं चलेगा। यह भावनात्मक मुद्दा मात्र है; हो सकता है कि चुनाव तक भक्ति-जोश कम हो जाय और जाति या कुछ नई बातें पैदा हो जाएं, तो बेमेल गठबंधन भी कर लिए जाएं; सिद्धांत कौन पूछता है। जिन सुशील मोदी को नीतीश-मित्र मानकर बिहार की राजनीति से हटाया गया था,अब फिर भाव दिया जा रहा है।'जब आग लगी जलने,खैरात लगी बटने'कहावत में शब्दों का थोड़ा हेरफेर करना पड़ा। जरूरी था।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि कि नेता और विधायकों का आमेलन क्या संबंधित मतदाताओं का भी विलय करा पाएगा? जरूरी नहीं है। अभी तक भाजपा और नीतीश एक दूसरे को पानी पी पीकर कोस रहे थे; जनता सब देख सुन रही थी,अब एक दूसरे की तारीफ करेंगे और वोट मांगेंगे! तब जनता इन मुखौटा बदलने वालों को क्या कहेगी और इनकी बात को कितना वजन देगी,यह भविष्य के अंधेरे में है।

आधुनिकता के दौर में शर्मसार होती मानवता

सोनम लववंशी
स्वतंत्र लेखिका

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं?

वर्तमान दौर में लोग रिश्तों की मर्यादा को भूलकर धन संपत्ति को तवज्जों देने में लगे हैं। आज का सबसे बड़ा सच यही है कि 'बाप-बड़ा ना भैय्या, सबसे बड़ा रुपैया'। धन दौलत के लिए संतान अपने माता-पिता से भी मुंह मोड़ रही हैं। जो मां बाप अपने बच्चों के लिए दिन-रात मेहनत करके सम्पति जमा करते हैं। लेकिन उसी सम्पति के लिए जब बच्चे अपनी मां की चिता का दाह संस्कार रुकवा दे तो ऐसी धन दौलत का क्या फ़ायदा? बीते दिनों मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना मथुरा के मसानी स्थित श्मशान घाट में देखी गई। जहां 85 वर्षीय महिला पुष्पा की मौत के बाद उसकी तीनों बेटियों के बीच जमीनी हक को लेकर लड़ाई शुरू हो गई और कई घंटे तक महिला का अंतिम संस्कार रुका रहा। सोचिए! उस मां की रूह पर क्या बीती होगी जब वह अपने ज़िगर के टुकड़ों को खुद से बढक़र जमीन जायजाद के लिए लड़ते देख रही होगी।

कहने को तो मां बेटी का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता होता है। एक बेटी अपनी मां के हर दुःख तकलीफ़ को समझती है। लेकिन जब वही बेटियां धन दौलत के लालच में अंधी होकर अपनी मां की ही अंतिम विदाई की रस्म को रुकवा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। वैसे तो अपने प्रियजन की मृत्यु किसी भी परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से दुखद और कठिन समय होता है। परिवार के सदस्य मृतक देह की अंतिम "विदाई" को पूरे सम्मान के साथ करते हैं। लेकिन बीते दिनों एक मां अपनी ही चिता के दाह संस्कार को तरसती रही। पुष्पा की तीन बेटियां हैं। लेकिन मां की मौत होते ही बेटियों में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद छिड़ गया। श्मशान घाट पर मां का शव रखा रहा और बेटियां लड़ती रहीं। जब तक मामले का निपटारा नहीं हो गया तब तक शव को मुखाग्नि नहीं दी जा सकी। करीब 8 से 9 घंटे मां का शव चिता पर रखा रहा। यहां तक कि श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार की विधि संपन्न कराने आए पंडित भी घाट से लौट गए। कई घंटे तक श्मशान घाट पर बेटियों का ड्रामा चलता रहा। पुलिस ने स्टाम्प लाकर जमीन का लिखित बंटवारा कराया तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार पूरा हो सका।

इस संसार में मां से बड़ा कोई नहीं होता। मां के आगे दुनिया की सारी धन दौलत बेकार है। माता-पिता भी अपनी औलाद की बेहतरी के लिए अपने जीवन की सारी खुशियां कुर्बान कर डालते हैं? बस इस उम्मीद में की बच्चे उनके बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। लेकिन आधुनिकता के इस दौर में ये परंपरा भी बदलती जा रही है। परिवार बिखरते जा रहे हैं। रिश्तों की डोर कमजोर हो रही है। पर आज भी माता-पिता का अपने बच्चों के प्रति प्रेम नहीं बदला है। श्मशान घाट जिसे मोक्ष धाम भी कहा जाता है, लेकिन एक मां की देह बेटियों की दौलत की लालसा में मोक्ष के लिए तरसती रहे। सोचिए जिन बहनों का जीवन बसाने के लिए एक मां ने उम्र भर कितने जतन किए होंगे। ख़ुद की खुशियां त्याग कर अपने बच्चों की जरूरत को पूरा किया होगा। पर इस निर्मोही समाज में रिश्तों का मर्म पत्थर हो गया है। ये घटना तो सिर्फ एक बानगी भर है। आए दिन निर्दयी समाज में ऐसे किस्से आम हो चले हैं।

बुजुर्गों की समस्या को देखते हुए सरकार उन्हें 'मरते दम तक' कीमती बनाए रखने का लाख जतन कर लें। लेकिन जब बुजुर्ग मां बाप को अपने बच्चों के सहारे की ज़रूरत हो तो सरकार कैसे उसकी औलाद को रिश्ता निभाना सिखाए? ये सवाल अहम हो जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली 2014 में संशोधन करने जा रही है। इस संशोधन में न सिर्फ बुजुर्ग माता-पिता के बच्चों, बल्कि रिश्तेदारों को जोड़ा जा रहा है। जो बच्चे अपने माता पिता को प्रताड़ित कर या उनका ख़्याल न रखें उन्हें संपत्ति से बेदख़ल करने का प्रावधान किया गया है। साल 2017 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक गुजारा भत्ता एवं कल्याण कानून, 2007 के प्रावधानों को तीन माह के भीतर लागू करने का निर्देश दिया था। यह कानून राज्य सरकार को वरिष्ठ नागरिकों को गुजारा खर्च, चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की सहूलियत प्रदान करता है। सरकार सीनियर सिटीजन के अधिकार को सुरक्षित कर रही है। बावजूद इसके आए दिन समाज में ऐसी अनगिनत कहानियां उजागर हो रही है। कहीं बच्चों के होते हुए भी बूढ़े मां बाप वृद्धावस्था में अपना जीवन गुज़र रहे है। तो कहीं घर के ही किसी कोने में घुटन भरी ज़िंदगी जी रहें हैं। बच्चे अपनी जवानी के नशे में भूल गए है कि कल उनका भी बुढ़ापा आएगा।

सोशल फोरम

विकसित भारत

मेरे एक दूर के रिश्तेदार हैं। स्वभाविक है कि सिख ही होंगे। तो अधिकतर सिखों के समान उनकी भी एक ही लालसा है....विदेश जाने की। अब पुश्तैनी पैसा हो और विदेशों में अपने सगे संबंदी हो तो विदेश जाना क्या मुश्किल। आखिर पहुंच गए विदेश उनके पास।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

लेकिन कुछ महीनों के बाद ही वो वापिस चले आए। मुझे मिले तो थोड़े निराश से थे। शायद कोई ख्वाब टूटने का दर्द था। कहने लगे......विदेश से बढ़िया तो अपना भारत है। वहां तो किसी को फुरसत ही नही। गधे की तरह सप्ताह के पांच दिन काम करते हैं। और फिर दो दिन अपने घर का काम संवारते हैं। वहां तो सारा काम भी खुद ही करना पड़ता है। एक नौकर तक आदमी रख नही सकता।

इससे बढ़िया तो हमारा भारत है। जहां झाड़ू पोछा, चौका बर्तन से लेकर कपड़े धोने तक सब के लिए नौकर रख लो। अब हमारे घर मे ही देखो तीन तीन बाई आकर घर का सब काम करती हैं। घर की औरतों को असली मजा तो यहां है। वहां तो उन्हें भी काम पर जाना पड़ता है और सारा दिन जी तोड़ खटना पड़ता है। मैंने उससे कहा कि जिस बात पर तुम गर्व कर रहे हो , वास्तव में वो हमारे लिए शर्म की बात होनी चाहिए। काम के लिए तीन तीन बाई रख लेना कोई बहादुरी की बात नही, बल्कि इस बात का द्योतक है कि गरीबी यहां इस हद तक है कि 1000, 1500 रुपये में तुम इनसे घर का काम ले पा रहे हो। ये उदाहरण है कि कैसे करोड़ों असंगठित मजदूर वर्ग के लोगों का शोषण हो रहा है। इनके लिए कोई काम के घंटे नही। कोई छुट्टी भी नही। पीएफ, ग्रेटयूटी, मेडिकल सुविधा तो छोड़ दीजिए। कायदे से भारत तभी विकसित कहला सकता है जब तुम्हारे घर की स्त्रियों को सारे काम खुद ही करने पड़ें, जब तुम एक काम वाली बाई की तनख्वाह भी ना दे पाओ। जब काम वाली तुम्हारी बाई भी अपने दोपहिया पे तुम्हारे घर काम करने आए। और किसी रेस्तरां में वो तुम्हारे बगल में बैठ कर ही खाती मिले।मेरे मित्र मुझसे बहुत नाराज हैं, शायद इतना विकसित भारत उन्हें नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

मौसम के दांव-पेच



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं।

इस साल अभी तक बारिश या बर्फबारी का नामो निशान नहीं है। नवंबर और दिसंबर का महीना बिन बारिश ही बीत गया था। नए साल की शुरुआत ने भी निराश किया है। जनवरी का महीना जाने को है लेकिन सूखा ही सूखा है। पूरे उत्तर भारत को कोहरे ने आगोश में लिया है। रेल और हवाई सेवाओं पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। कई ट्रेन और फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। दिल्ली में दृश्यता इतनी कम है कि जयपुर में लैंडिंग करवाने के कई मामले आए हैं।

लगभग एक महीने से धुंध का प्रकोप है जो पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित हो रही है क्योंकि हवा में फैले अवांछित तत्व हमारी सांसों में घुलकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। शीत लहर और कोहरे ने सर्दी जुकाम, सांस के रोगियों और जोड़ों के की तकलीफों को तो बढ़ाया ही है, साथ ही एक सामान्य व्यक्ति को भी अवसाद से घेर लिया है। सूखी ठंड स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक भी मानी जाती है।

खेत खलिहानों पर भी सूखे का असर साफ़ दिख रहा है। यह रबी की फसल का मौसम है। गेहूं की फसल बर्बाद होने के कगार पर है। अनाज और फलों के उत्पादन में 50 से 60 प्रतिशत की गिरावट बताई जा रही है। बारिश की कोई उम्मीद नहीं बन पा रही है। अगर यही हालत रही तो अन्न संकट गहरा सकता है। अर्थशास्त्र का नियम कहता है कि मांग और आपूर्ति में अगर असंतुलन हो जाए तो दाम बढ़ने तय हैं। सेव ठंडी जलवायु में उगने वाला फल है लेकिन बर्फबारी के अभाव के कारण इसे पकाने के लिए समुचित वातावरण नहीं मिल पा रहा है। पानी की कमी से गेहूं की फसल को पीला रतुवा रोग यानि फंगस लग गया है। जिससे कुल उत्पादन के 20 प्रतिशत के नुकसान का अनुमान बताए जा रहा है। अगर आने वाले समय में बारिश नहीं होती है तो इस प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है।फिलहाल बाजार में सब्ज़ी और फलों के दामों में भारी वृद्धि देखी जा रही है। जिससे बिचौलियों को छोड़कर किसानों और ग्राहकों दोनों को ही नुकसान है। नदियों और ताल तलैयों में भी इसका असर साफ दिखाई दे रहा है।

नैनी झील का स्तर लगातार घटता जा रहा है। एक तो वर्षा का न होना और ऊपर से जल दोहन। परिणामस्वरूप नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घटकर 7 फीट के लगभग आ गया है। जो निसंदेह चिंता जनक है। अभी बीते दिनों उधम सिंह नगर जिले में स्थित काशीपुर शहर की यात्रा पर जाना हुआ। बचपन में वहां जो ताल पानी से लबालब देखे थे, जिनमें कमल और दूसरे जलीय पौधों की भरमार रहती थी, आज सूख चुके हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अगर आने वाले समय में नैनी झील भी इस हालत में पहुंच जाय तो। हालांकि भूमिगत श्रोतों से इस झील को पानी मिलता रहता है लेकिन वर्तमान में इसका प्रतिशत बारिश से मिलने वाले पानी की तुलना में कम है। एक समय था जब नैनीताल में जनवरी तक कई बार बर्फवारी हो चुकी होती थी लेकिन जलवायु परिवर्तन के इस दौर में कई अपवाद देखने को मिल रहे हैं। शहर के आसपास पाए जाने वाले कई चिन्हित जल स्रोतों की संख्या भी अब धीरे-धीरे घट रही है। सूखाताल क्षेत्र में हालात बुरे हैं। अंधाधुंध कंक्रीट के जंगल खड़े करने से पानी के लिए जमीन के अंदर से रास्ता बनाना मुश्किल हो गया है। यही हाल भीमताल और आसपास के क्षेत्रों की झीलों का भी है। हिल सिटी नैनीताल जो ठंड के लिए मशहूर है, जनवरी के महीने में भी दोपहर में गर्मी का एहसास दिलाता है तो यह विचारणीय है। विंटर गेम्स के लिए प्रसिद्ध औली भी इस बार बर्फबारी का इंतजार कर रहा है।

इससे ज्यादा गंभीर और क्या होगा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों जो इन दिनों बर्फ से लकदक होती थीं, वहां आज आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश में अक्टूबर 23 से जनवरी 24 के बीच 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं रिकॉर्ड की गईं। जो पिछले साल की अपेक्षा सात गुना अधिक हैं। इन घटनाओं ने वन भूमि को काफी नुकसान पहुंचाया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगलों में 600 से अधिक आग लगने की घटनाएं अभी तक हो चुकी हैं, जिनमें से अल्मोड़ा और चंपावत के जंगल प्रमुख हैं।अल्मोड़ा जिले के 11 हेक्टेयर से अधिक जंगल अभी तक आग की भेंट चढ़ चुके हैं। वन पंचायत के जंगल भी आग की गिरफ्त में हैं। लाखों रुपए की सम्पत्ति का नुकसान हुआ है। साथ में, धुएं से स्थानीय लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश आदि राज्यों में भी जंगलों में सूखी पत्तियों का ढेर जमा होने से कोई भी छोटी सी चिंगारी आग भड़काने का काम कर रही है। हिमालय की तलहटी पर बसे जम्मू कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का न होना इन राज्यों के लिए ही चिंता का विषय नहीं है बल्कि दूसरे राज्य भी इससे प्रभावित होने तय हैं। मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक उत्तर भारत में पड़ती इस भीषण सर्दी और कोहरे के लिए मुख्य रूप से उत्तर-पश्चिम भारत में किसी भी पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय न होना है।

फागुन का महीना आते ही आयो नवल बसंत जैसे गीतों से मधुमास का स्वागत होने लगता था। मगर इस बार सुना है कि बसंत नहीं आएगा। सामान्यतः मार्च के महीने यानि होली तक हल्की ठंड रहती थी लेकिन वैज्ञानिकों की चेतावनी है कि इस बार जाड़े के मौसम में कमी आएगी और फरवरी मध्य से अचानक तापमान बढ़ने लगेगा, जिससे बसंत ऋतु वाला मौसम गायब हो जाएगा।

एक नजर

बस की चपेट में आकर दो सगे भाई घायल

नगीना, अमृत विचार : बस की चपेट में आकर दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। जबकि चालक बस छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार को नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम बघाला निवासी रामवीर के बेटे अंकित 18 वर्ष, नीरज 21 वर्ष बाइक ठीक कराने के लिए वर्कशॉप गए थे। सुबह करीब 10 बजे जब उनकी बाइक नगीना धामपुर रोड स्थित वर्कशॉप पर पहुंची तो तेज गति से आ रही बस के चपेट में आ गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सरकारी एंबुलेंस से नगीना चिकित्सालय लाया गया। जहां पर दोनों का प्राथमिक उपचार कर बिजनौर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। मौका पाकर चालक बस छोड़कर फरार हो गया।

घर से 30 हजार की नकदी और जेवर चोरी, तहरीर दी

पड़ोस की महिलाओं के साथ लकड़ी लेने गई थी पीड़िता

संवाददाता, बढ़ापुर

▸▸ पुलिस पर लगाया घटनाओं का खुलासा न करने का आरोप

अमृत विचार : जंगल से लकड़ियां लेने गई महिला की गैर मौजूदगी में चोरों ने उसके घर से करीब 30 हजार की नकदी सहित जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर रुपये व जेवर वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर गढ़ी निवासी खुर्शीदा के घर से अज्ञात चोर दिनदहाड़े नकदी और जेवर ले गए। खुर्शीदा द्वारा रविवार को थाने में पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह शनिवार को लकड़ियां लेने पड़ोस की महिलाओं के साथ जंगल गई थी। देर शाम जब वह लकड़ियां लेकर लौटी तो देखा कि घर के कमरे में रखे बैग से 29,000 रुपये की नकदी और चांदी के जेवर गायब थे। खुर्शीदा ने पास पड़ोस के घरों में पूछताछ की। परन्तु चोरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। खुर्शीदा ने रविवार को थाने में तहरीर देकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर नकदी और जेवर बरामद कराने की गुहार लगाई।

बताते चलें कि इन दिनों बढ़ापुर थाना क्षेत्र में चोर एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। परन्तु पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। इससे पहले भी 25 नवम्बर को चोरों ने थाना क्षेत्र के गांव अल्हेदादपुर खजवा व खुशहालपुर दीवान से एक रात में ही दो भैंसें को चोरी किया था। जिनका बढ़ापुर पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। वहीं 25 दिसम्बर को मोहल्ला भजड़ावाला स्थित मदरसे से जनरेटर का अल्टीनेटर चोरी कर लिया था। जनवरी में चोरों ने गांव अल्हेदादपुर खजवा निवासी संजो देवी के घर से मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे में चोर की फुटेज के मिलने के बाद भी बढ़ापुर पुलिस ने संजो देवी की रिपोर्ट दर्ज करना भी गंवारा नहीं किया। 21 जनवरी को चोरों ने गांव इनायतपुर में घर में खड़ी शाहरुख की बुलेट को चोरी कर लिया था। अब शनिवार को खुर्शीदा के घर पर चोरों ने नकदी सहित चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर डाला। इस बारे में जब थाना प्रभारी निरीक्षक कोमल सिंह से फोन पर बात करनी चाही तो उनका फोन रिसीव नहीं हो पाया।

प्रशिक्षण में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

संवाददाता, किरतपुर

अमृत विचार : मेरठ में एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के उपरांत संगठन का विस्तार व संगठन को मजबूती देने पर जोर दिया गया।

रविवार को हिन्दू राष्ट्र सेना का एक दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग सेक्टर दो शास्त्री नगर मेरठ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन संजीव त्यागी ने किया। कार्यक्रम उपरांत संगठन विस्तार की बैठक हुई। जिसमें बरेली से आये प्रदेश अध्यक्ष सचिन सक्सेना ने संगठन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं जिला अध्यक्ष बिजनौर एवं उत्तराखंड प्रभारी अवधेश शर्मा ने प्रत्येक व्यक्ति तक अपनी बात पहुंचाने के लिये संगठन के सदस्यों को प्रेरित किया। प्रदेश मंत्री दीपक गर्ग ने हर व्यक्ति को संगठन से जोड़ने की बात कही ताकि संगठन और मजबूत हो। डॉ. सुदेश यादव दिव्य ने संगठन के प्रचार प्रसार की महत्ता की तरफ ध्यान देने को कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग संगठन के बारे में जान सकें, उन्होंने अपनी कविता से लोगों में जोश भर दिया। कवि सुनील गुजराती ने भगवान राम पर कविता सुनाकर सारा माहौल राममय कर दिया। वीर रस के कवि एवं हिन्दू राष्ट्र सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव त्यागी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वयं को सबसे पहले हिन्दू मानना है तभी हम और लोगों को जागरूक कर पायेंगे। कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर गायक अमित जैन, भाजपा नेता पराग त्यागी, उमेश मोहन शर्मा, राजीव रस्तोगी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में किरतपुर बिजनौर से पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष राकेश, ब्लॉक उपाध्यक्ष ऋषि पाल, ब्लॉक मंत्री रति राम, मुकेश ने भी अपने विचारों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके अतिरिक्त अनिल सिंह, सचिन कुमार, संजय शर्मा, जगदीश ठाकुर, दीपक त्यागी, सोम पाल सिंह, रवि मित्तल, शशांक, जितेन्द्र रस्तोगी, श्रीपाल आदि सभी ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अच्छा प्रदर्शन करने पर खुशी जताते छात्र। ● अमृत विचार

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जुहैर ने किया रामपुर का नाम रोशन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चेन्नई में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स मे जुहैर खान ने नगर का नाम रोशन किया है। फाइनल में उन्होंने 44/50 का स्कोर बनाकर यूपी के लिए स्वर्ण पदक जीता है।

शहर के मोहल्ला पीपल टोला बाबर खां के बेटे जुहैर बीटेक प्रथम वर्ष फूड टेक्नोलॉजी, जेएचसीईटी अलीगढ़ का छात्र है। उन्होंने चेन्नई में आयोजित छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में ट्रैप शूटिंग में यूपी का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। क्वालीफिकेशन में शानदार 120/125 का स्कोर बनाते हुए एक नया गेम रिकॉर्ड बनाया। वर्तमान एशियाई चैंपियन को हराया। फाइनल में उन्होंने 44/50 का स्कोर बनाकर यूपी के लिए स्वर्ण पदक जीता। जुहैर को भारत सरकार की योजना खेलो इंडिया के लिए भी चुना गया है। इसमें वह अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की तैयारी के लिए आठ साल के लिए खेल छात्रवृत्ति के हकदार होंगे। स्वर्ण पदक जीतने पर परिवार में खुशी का माहौल है।

बुजुर्ग की हत्या में तीन आरोपी गिरफ्तार

स्योहारा, अमृत विचार : गांव हम्मा नगली में बुजुर्ग की हत्या उसकी विधवा पुत्रवधू ने जमीन के लालच में अपने दो साथियों के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

चार दिन पहले गांव हम्मा नगली में बुजुर्ग संतराम का शव घर में पड़ा हुआ मिला था। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। बताया है कि उसकी विधवा पुत्रवधू सुदेश देवी ने अपने गांव के साथी जितेंद्र व गौरव के साथ मिलकर जमीन के लालच में संतराम की हत्या की थी। उसने डेढ़ बीघा जमीन पर कब्जे के लिए संतराम की हत्या की साजिश रची और जितेंद्र व गौरव के साथ मिलकर रात में हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल में मृतक के मोबाइल की खोजबीन की। मोबाइल बरामद होने पर पूरे केस से पर्दा उठ गया। पुलिस ने हत्या में उपयोग की गई रस्सी व मृतक का मोबाइल भी बरामद कर लिया है।

कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

संवाददाता, बढ़ापुर

अमृत विचार : नगर में रविवार को कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। यहां के मोहल्ला नोमी से प्रारंभ भारत जोड़ो न्याय यात्रा मोहल्ला पठानान, मेन बाज़ार, झोझियांन, लालसराय, कीर्ति नगर, भजड़ावाला, चक चोहड़मल होते हुए बस स्टैंड तक पहुंची। जहां से यात्रा कोतवाली ब्लाक व नगीना विधान सभा क्षेत्र में चल रही यात्रा में शामिल होने के लिए आगे बढ़ गई। यात्रा का नेतृत्व जिला महासचिव मिसबाबुल हसन, नगर अध्यक्ष फरीद अहमद खान आदि कर रहे थे। यात्रा में मुख्य रूप से ब्लाक अध्यक्ष हाजी अहसान, सेवादल के प्रदेश सचिव प्रदीप ठाकुर, पूर्व जिला महासचिव गजनफरुल्ला खान, शाहिद मंसूरी, नजाकत अली कंभोर, शहजाद खान, जाकिर हुसैन आदि शामिल थे।

वहीं **नगीना** में कांग्रेसियों ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में नगर में न्याय यात्रा निकाली। न्याय यात्रा दोपहर एक बजे मंडी मौलगंज पहुंच कर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता ओमवती के निवास पर पहुंच कर संपन्न हुई।

बढ़ापुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कांग्रेस की न्याय यात्रा दोपहर करीब 12 बजे से कोतवाली देहात स्थित एक बैंक्वेट हॉल से शुरू होकर काजी अरशद मसूद, आरके सिंह, ओमवती, जावेद अंसारी, हनी रीत राजवीर, असलम सिद्दीकी, मुफ्ती मोनिश, नजाकत कंबोज, राकेश मिश्रा, जावेद निसार, शेख अंजार के नेतृत्व में नारेबाजी करती हुई नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मंडी मौलगंज पहुंच कर संपन्न हो गई। मंडी मौलगंज में कांग्रेसी नेता ओमवती की अध्यक्षता तथा जावेद अंसारी के संचालन में सभा हुई। सभा में ओमवती ने कहा देश को बचाने के लिए जरूरी है कि एक मजबूत विकल्प के रूप में कांग्रेस को मजबूत करें। महिलाओं को चाहिए कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए और राहुल गांधी का समर्थन करें। सभा को अन्य कांग्रेसी वक्ताओं ने भी संबोधित कर कांग्रेस को मजबूत करने की अपील की।

रामपुर

ग्रामीणों ने पुलिस के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : ग्रामीणों ने चार भाइयों पर छह गांवों से चोरी हुए पशुओं की बरामदगी व उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध जताया। रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कार्यालय सहित सीओ व कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिए।

रविवार की दोपहर देवीपुरा की प्रधान तारा गौतम के पति ब्रजपाल गौतम के नेतृत्व में फाजलपुर, चकौनी, खेमपुर, गंगापुर, बहांपुर समेत छह गांवों के ग्रामीण एकत्र होकर तहसील भवन स्थित पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन करके विरोध जताया। उनका कहना था कि 26 जनवरी की रात देवीपुरा निवासी महेन्द्र पाल, धर्मपाल व फाजलपुर गांव के रहने वाले सोहनलाल की तीन भैंस व एक भैंसा को टेहरी ख्वाजा गांव के रहने वाले चार मीट विक्रेता चुरा कर ले गए। सूचना पर ग्रामीण एकत्र होकर शनिवार को उन लोगों के घर पहुंच गए। वहां पशुओं के अवशेष मिले।

बिलासपुर सीओ कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

▸▸ कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पर भी दर्ज कराई शिकायत

▸▸ पशु चोरी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

सूचना मिलने पर बहांपुर-गंगापुर के रहने वाले मनीराम व खेमपुर निवासी कालीचरण, छेदाराम तथा चकौनी निवासी विनोद आदि भी अपने चोरी हुए पशुओं को खोजते हुए इन लोगों के घर पहुंचे। यहां पशु तो नहीं मिले लेकिन उनके पशुओं के वस्त्र व जंजीरें मिलीं। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उनके पशुओं की हत्या कर दी। इसके बाद सूचना पर खजुरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के घर से गोवंशीय पशु का मांस व वध करने के उपकरण आदि बरामद किए। उनका आरोप है कि पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। इससे पहले चोरी हुए पशुओं को बरामद भी नहीं किया। उनकी मांग थी कि पुलिस आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करे और उनके पशुओं को बरामद करे। आक्रोशित ग्रामीण कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैम्प कार्यालय भी पहुंचे। वहां मंत्री के नहीं मिलने पर कोतवाली गए और प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर रोहित शर्मा, सोहनलाल, महेंद्र पाल, दीपक, मनोज, रोहित सागर, अमृतलाल, रिंकू सागर, विपिन सागर आदि मौजूद रहे।

पुराना गंज में हुई बैठक में बोलते महेश सागर। ● अमृत विचार

संतगुरु रविदास का धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : 25 फरवरी को संतगुरु रविदास का 647वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि इस वर्ष भी सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसमें मंडलायुक्त, उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र और जिलाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर महासभा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पुराना गंज स्थित अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेश कुमार सागर के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशाध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। कहा कि समाज के लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी है तो वह तुरंत अधिकारियों को बताएं ताकि समस्या का मौके पर निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर अशोक कुमार सागर, मुकेश कुमार गौतम, सत्यवीर सागर, राजू यादव, पंकज सागर, जबर सिंह और अशोक आदि शामिल रहे।

जनता को न्याय दिलाना ही कांग्रेस का मकसद : आरिफ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व जन-जन के नेता राहुल गांधी कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जनता को न्याय दिलाना ही मकसद है। यात्रा के जरिए संविधान के सिद्धांतों को फिर से स्थापित करना, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धांतों को फिर से स्थापित करना है।

कांग्रेस नेताओं ने ब्लॉक सैदनगर के ग्राम सैजनी नानकार से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। यह अजयपुर, केसरपुर, मिलक हाशम होते हुए हसनपुर पर खत्म हुई। यात्रा में कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी की। कहा कि जब तक देश कि जनता को न्याय नहीं मिलता तब तक कांग्रेस संघर्ष करती रहेगी। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कथित विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ देश को एकजुट करना है। देश के संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करना ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उद्देश्य है। हम देश में नफरत को मिटाना चाहते हैं। ताकि देश में एकता बनी रहे। देश को बांटकर राजनीति करने वालों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष नोमान खां, फैजान अल्वी, निजाम पाशा, शाहनवाज अली, रिषभ सक्सेना, बद्री प्रसाद मौर्य, खलील अहमद, जमील मियां रहे।

पॉलीटेक्निक में स्थापित की गई हेल्प डेस्क

शाहबाद, अमृत विचार : ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को निजी कंप्यूटर केंद्रों पर धक्के खाने से बचाने के लिए राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में हेल्प डेस्क बनाया गया है। यहां विद्यार्थियों का निशुल्क आवेदन किया जा रहा है।

प्रधानाचार्य एसके वर्मा एवं प्रवक्ता डा. संजीव कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को आवेदन करने के लिए धक्के खाने पड़ते हैं। जो विद्यार्थी आनलाइन आवेदन करना नहीं जानते उन्हें कंप्यूटर सेंटर पर 200 रुपये तक की फीस देनी पड़ती है। इससे विद्यार्थियों को छुटकारा मिलेगा। विद्यार्थी इसके लिए इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हिमांशु कुमार से संपर्क कर सकते हैं। बताया कि आठ जनवरी से आवेदन शुरू हो गए हैं।

जंतर-मंतर पर धरना देंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्रांतीय आह्वान पर एक फरवरी को सेवानिवृत्त कर्मचारी दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देंगे। कर्मचारियों की मांग है कि डीए कम से कम 7500 रुपये, पति-पत्नी को मेडिकल क्लेम, ईपीएस से बाहर के कार्मिकों को डीए पांच हजार रुपये तक दिलाया जाए।

पुराना रोडवेज बस अड्डे पर रविवार को राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष आदर्श सक्सेना ने कहा कि एक फरवरी को प्रांतीय आह्वान पर दिल्ली जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से धरने को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक भागीदारी दर्ज कराने की अपील की। इस अवसर पर धर्मपाल सिंह तोमर, सुरेंद्र कुमार खत्री, सीके शर्मा, अनिल सक्सेना, शैलेंद्र सिंह, आनंद मैसी, ललित सिंह, राधेश्याम और तुलसीराम आदि शामिल रहे।

पुराना रोडवेज बस अड्डे पर बैठक में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ डीए कम से कम 7500 रुपये करने की मांग

▸▸ पदाधिकारियों ने धरना सफल बनाने की अपील की

सार-संक्षेप

कार्यक्रम के दौरान मंच पर बैठे अतिथि। ● अमृत विचार

बाबा साहब की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का संकल्प

नूरपुर, अमृत विचार : बैंक्वेट हाल में संविधान जागरुकता विचार गोष्ठी हुई। जिसमें मुख्य अतिथि और अन्य वक्ताओं ने विचार रखे। गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। रविवार को नूरपुर में बैंक्वेट हाल में संविधान जागरुकता विचार गोष्ठी हुई। जागरुकता विचार गोष्ठी में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की नीतियों को जन-जन पहुंचने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जज मनोज कुमार ने बताया यह कार्यक्रम संविधान को बचाने और लोगों को उनके अधिकार के बारे में जागरूक करना है। जिससे जनता भारत के संविधान के समझे और सोच समझकर अपने मत का प्रयोग करें। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने जागरुकता सभा को सफल बनाने में सहयोग दिया।

पौधरोपण करते जिला पंचायत अध्यक्ष सकेंद्र प्रताप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

पार्क में किया पौधरोपण

बिजनौर, अमृत विचार : आईआईए बिजनौर चैप्टर के पदाधिकारियों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल की प्रेरणा से औद्योगिक संस्थान का बिजनौर स्थित पार्क में पौधरोपण कर जीर्णोद्धार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साकेन्द्र प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आईआईए बिजनौर चैप्टर के चेयरमैन विकास कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, वाइस चेयरमैन डॉ. रविन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन अवनीश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य अंकित गोयल, संरक्षक रामदर्शन अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य महेश अग्रवाल, आशीष शर्मा, राजीव गोयल, अंशुल सिंघल, नितिन सिंघल, सुशील कुमार एवं उद्यमी राजेश अरोड़ा, सुशील जैन, विनय गुप्ता, विजयदीप बबलू, अमित राजपूत, सतेंद्र कुमार आईआईए ऑफिस एक्सिक्यूटिव अनिल सक्सेना सहित अनेक उद्यमी मौजूद रहे।

चार फरवरी को लखनऊ में होगी रन फोर ओपीएस

बिजनौर, अमृत विचार : पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा निरंतर संघर्षरत है। जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होगी तब तक जारी रहेगा। चार फरवरी को लखनऊ में आंबेडकर पार्क में आयोजित रन फोर ओपीएस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सिंचाई विभाग में भंडार पाल सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार की अध्यक्षता एवं सिंचाई विभाग के जिला कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के संचालन में बैठक हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होगी तब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में संघर्ष जारी रहेगा। कहा कि प्रदेश भर के पेंशन विहीन शिक्षक एवं कर्मचारी चार फरवरी को एनपीएस एवं निजीकरण के विरोध में रन फोर ओपीएस के तहत पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग करेंगे। बैठक में कहा कि एनपीएस एक छलावा मात्र है। एनपीएस पाने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक एवं कर्मचारी आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। एनपीएस एवं निजीकरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। इस दौरान बैठक को अटेवा के जिला मंत्री अनुज कुमार यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष वीर पाल सिंह, आकाश दीप, बृहमपाल सिंह, अभिषेक कुमार, सत्यपाल सिंह, बॉबी सिंह, पवन कुमार, रेनू, सीमा नाज, अंजली, प्रशांत कुमार, मुकेश कुमार, मनोज कुमार आदि ने संबोधित किया।

तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

चांदपुर, अमृत विचार : बीबीपुरा इलाके में तमंचा लेकर घूम रहे युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम बीबीपुरा बास्टा में एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा था। जिसको एक महिला व युवक रोकने की कोशिश करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि किस तरह से आरोपी युवक लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है। इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार सोनकर ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

ट्रेन के ठहराव के लिए धरना दिया

किरतपुर, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर ट्रेन के ठहराव के लिए साप्ताहिक धरना जारी रहा। सत्याग्रह संकल्प अभियान के तहत 428वां साप्ताहिक धरना दिया गया। रविवार को धरना संयोजक तलहा मकरानी व पूर्व छात्र नेता ने कहा कि ट्रेन के ठहराव के लिए धरना दिया जा रहा है। धरने के पश्चात केंद्रीय रेल मंत्री के नाम स्टेशन मास्टर अमित कुमार राठी को दिल्ली जाने वाली ट्रेन के ठहराव हेतु ज्ञापन दिया। मौके पर आरपीएफ के इंचार्ज विनोद कुमार और हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार मौजूद रहे। धरना स्थल पर रविवार को धरना संयोजक तलहा मकरानी, इमरान सिद्दीकी, सुल्तान याहया, मसरुर उर्फ अच्छु सलमानी, मसरुर चौधरी, अंजुम सैफी आदि रहे।

तमंचे से गोली मारकर युवक ने जान दी

हल्दौर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के तहत ग्राम उमरी बड़ी में शनिवार रात को दीपक 24 वर्ष पुत्र सुशील निवासी ग्राम उमरी बड़ी थाना हल्दौर ने घर के पास तमंचे से सर में गोली मार ली। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल दीपक को जिला चिकित्सालय बिजनौर भेजा। जहां पर चिकित्सक ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दीपक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बिजनौर भेज दिया। बताया जाता है कि दीपक पिछले दो वर्ष से हिमाचल प्रदेश में किसी ढाबे पर मजदूरी करता था। जो पिछले 15 दिनों से अपने गांव में आया हुआ था। परिजनों ने दीपक की आत्महत्या करने पर किसी पर कोई आरोप नहीं है।

मदद करने के नाम पर बुलाया, खाली हाथ लौटाया

बिजनौर, अमृत विचार : दिव्यांग रफीक एक साथी की मदद से 15 किलोमीटर दूर मुरादाबाद रोड पर गरीबों तथा दिव्यांगों को सहायता के लिए बुलाए जाने के बावजूद कई घंटे के इंतजार के बाद खाली हाथ वापस लौटना पड़ा ।ज्ञात हो कि एक भाजपा नेता ने मुरादाबाद रोड पर दिव्यांगों तथा गरीब विधवा महिलाओं को मदद करने के नाम पर बुलाया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों की भीड़ एकत्र हो गई। लेकिन वहां पहले से तैयार सूची के अनुसार 24 दिव्यागों को ट्राई साइकिल दी तथा 24 महिलाओं को पुत्री की विवाह के लिए 25000 रुपये का चेक प्रति महिला को दिया गया। भाजपा नेता ने कंबल, रजाई, ट्राई साइकिल और धनराशि देने के नाम पर भारी भीड़ जुटा ली। जबकि मदद केवल कुछ लोगों की ही की गई। ऐसे में ग्राम खारी के रफीक अहमद को भी निराश होकर लौटना पड़ा। जिनका नाम सूची में नहीं था। बताया कि उसके पास आधार कार्ड भी नहीं था। रफी के साथ आए मददगार साथी ने बताया कि चार-पांच घंटे बाद खाली हाथ वापस जा रहे हैं।

जंगल से 350 लीटर शराब बरामद

बढ़ापुर, अमृत विचार : बढ़ापुर थाना क्षेत्र के कई गांवों में अवैध कच्ची शराब बनाई जा रही थी। पुलिस एवं आबकारी विभाग लगातार कच्ची शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजती रहती है। परंतु इसके बावजूद भी क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने का काम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने माधपुरी व भोगपुर क्षेत्र में छापेमारी करते हुए 350 लीटर कच्ची शराब व कच्ची शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किये और मौके पर 1000 लीटर लहन को भी नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान जस्सी उर्फ जसवंत, अंग्रेज सिंह, भालू सिंह जंगल में फरार हो गए।

एक नजर

प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ टिप्पणी, रिपोर्ट दर्ज

बदायूं, अमृत विचार : सोशल साइट पर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने का सिलसिला कम नहीं हो रहा है। थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड पांच निवासी टिंकू राठौर ने तहरीर देकर बताया कि गांव भुंडी निवासी निशरत खान पुत्र इदरीश ने सोशल साइट के अपने एकाउंट पर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को लेकर अभद्र टिप्पणी शेयर की है। वीडियो बनाकर अपलोड किया गया है। पुलिस ने आरोपी निशरत खान के खिलाफ धमकाने, सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है।

संदिग्ध परिस्थितियों में कार में लगी आग

ककराला, अमृत विचार : कस्बा ककराला के वार्ड 25 निवासी तसलीम खां पुत्र नवी अहमद की गाड़ी इशराक अली धर्मकांटा के निकट खड़ी रहती थी। शुक्रवार सुबह को तसलीम ने अपनी गाड़ी को देखा तो वह पूरी तरह जल चुकी थी। गाड़ी जलने का कारण स्पष्ट नही हो सका है। गाड़ी मालिक ने पुलिस चौकी पर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ज्ञानवापी में एएसआई का सर्वे भरोसे लायक नहीं : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने विश्व हिन्दू परिषद द्वारा ज्ञानवापी पर किए गए दावे और मांग को गलत बताया है। कहा कि ज्ञानवापी का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। एएसआई सर्वे रिपोर्ट अभी-अभी आई है, जिस पर कोर्ट ने कोई निर्णय नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मुसलमान कानून का सम्मान करता है। बाबरी मस्जिद पर कोर्ट के फैसले के बाद यह दिखाया भी है।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महक प्रथम

हापुड़, अमृत विचार : मोदीनगर रोड पर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें अरुण कुमार, प्रवक्ता ने छात्रों से सामान्य ज्ञान, देश के महान पुरुषों और गणित आदि से संबंधित प्रश्न पूछे। जिसमें महक प्रथम, हर्षित द्वितीय, एलिश तृतीय रहीं। अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया और स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफेसर ओमपाल सिंह ने किया। कार्यक्रम के संयोजक इंजीनियर सुमित गौतम ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से छात्रों में बोलने और अपने उत्तर को देने का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं।

मां के प्रेमी की ईंट से सिर कूचकर हत्या

आपत्तिजनक हालत में देखने पर बेटे ने किया हमला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर क्षेत्र में बेटे ने मां के प्रेमी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी। बेटे ने प्रेमी को मां के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मगनपुर थाना जैतीपुर शाहजहांपुर निवासी महिपाल (45) करीब 20 साल से नवदिया देहात जब्ती में अपनी बहन के घर रहता था। वह यहां प्राथमिक विद्यालय में रसुइया था। उसकी शादी नहीं हुई थी। शनिवार रात महिपाल की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। उसका शव बहन के घर के सामने एक गली में पड़ा मिला। शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर थाना पुलिस पहुंची। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और जांच की। पुलिस जांच में सामने आया कि महिपाल का गांव की ही एक महिला से अवैध संबंध था। शनिवार की देर रात महिला और महिपाल आपत्तिजनक हालत में थे। महिला का बेटा देर रात लघुशंका करने के लिए गया तो दोनों को देख लिया। जिसके बाद उसने गुस्से में आकर पास में पड़ी ईंट से महिपाल के सिर में कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। **महिला के घर पर पांच साल किराए पर रहा था महिपाल :** महिपाल जब शाहजहांपुर से बरेली आया था तब वह महिला के घर में पांच साल तक किराए पर रहा था। जिस दौरान दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग हुआ। जिसकी भनक बेटे को काफी समय बाद लगी। बेटे के विरोध पर उससे कमरा खाली करा लिया गया, लेकिन उसके बाद भी दोनों चोरी छिपे मिलते रहते थे।

पल-पल पर आरोपी बदल रहा था बयान : थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ में प्रेम-प्रसंग की बात निकल कर सामने आई। जिसके बाद आरोपी से बात की गई। आरोपी हर बार अपना बयान बदल रहा था। शक के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शुरू से मां के प्रेम संबंध का विरोध कर रहा था, लेकिन, आरोपी उसके बाद भी उसके घर आता जाता रहता था। रात में आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद गुस्से में ईंट सिर में मारी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

> अपनी मां को आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद उसके बेटे ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।
>
> -घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीया जलाने पर मारपीट

बदायूं, अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन शाम लगभग आठ बजे थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव बरचऊ निवासी सहीराम का बेटा बागेश घर के बाहर दीया रख रहा था। इसी दौरान गांव निवासी सौरभ गाली-गलौज करने लगा। बागेश ने गाली देने से मना किया तो सौरभ और अजीत ने उसे लाठी-डंडों से पीटा। बागेश बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। उसका इलाज कराया गया। अब हमलावर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सहीराम ने पुलिस को तहरीर दी। दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दून और अमरनाथ एक्सप्रेस में दो यात्रियों का सामान चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ट्रेनों के अंदर चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। दून और अमरनाथ एक्सप्रेस से यात्रियों का कीमती सामान चोरी हो गया। दोनों मामलों की बरेली जंक्शन जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

किला छावनी निवासी रजत कुमार भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में प्रोजेक्ट इंजीनियर हैं। वह कोलकाता में तैनात हैं। शनिवार को उन्होंने जीआरपी को बताया कि वह ट्रेन संख्या 13009 दून एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-4 की बर्थ 24 पर बरेली आ रहे थे। उन्होंने सासाराम जंक्शन पर देखा कि उनका ट्रॉली बैग गायब है, जिसमें उनके शैक्षणिक दस्तावेज और लैपटॉप था। लैपटॉप के अंदर भारतीय जल सेना के जहाजों से जुड़ी अहम जानकारियां भी थीं। वहीं दूसरे मामले में राजू कश्यप निवासी विजय नगर कालोनी बदायूं ने बताया कि वह परिवार के पांच सदस्यों के साथ वैष्णोदेवी से दर्शन कर ट्रेन संख्या 12588 अमरनाथ एक्सप्रेस में जम्मूतवी से बरेली आ रहे थे।

उनकी ट्रेन के कोच संख्या बी-7 में 25, 26, 27,28 बर्थ थीं। सहारनपुर के पास बैग और मोबाइल चोरी हो गया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित थानों को ट्रांसफर की गई है।

वारदात

- बरेली जंक्शन जीआरपी थाने में दर्ज की गईं रिपोर्ट
- सासाराम जंक्शन पर ट्रॉली बैग हुआ गायब

पांच जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी

देहरादून, अमृत विचार : उत्तराखंड में गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीत लहर के बीच जनवरी के अंत तक और फरवरी के पहले सप्ताह तक अभी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी का तो मैदानी इलाकों में गलन भरी सर्दी के साथ ही घने कोहरे का असर रहेगा। मौसम विभाग ने 1 फरवरी तक का यलो अलर्ट जारी किया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

Notice

This is to be notify that I have passed 10th from ICSE Board in 2022-2023. My 10th Unique ID no. is 7749743. My mother's name in Certificates is wrongly written as Sadiya Naved whereas her real name is Sadiya Laiq. **Hamna Fatima D/o Shri Naved Alam & Sadiya Laiq R/o Dhimri Road, Nikt Sent Peter School, Moaradabad**

सूचना

मेरे वोटर आईडी, आधार कार्ड एवं इंटरमीडिएट के अंकपत्र में मेरा नाम सुखवीर सिंह है जो कि सही है। उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से यह अनुरोध करता हूँ कि हाई स्कूल के अंकपत्र एवं सनद में मेरा नाम SUKHVEER SINGH करने की कृपा करें।

सुखवीर सिंह पुत्र नंदकिशोर
निवासी ग्राम जटपुरा, तहसील मिलक
जनपद रामपुर

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े भाई परम संत मोहनदास पुत्र श्री श्रीराम शिष्य चर्तुसहाय निवासी ग्राम पीपलाजागीर परगना व तहसील चांदपुर जिला बिजनौर, उ. प्र. ने एक वसीयत करायी थी। मेरे बड़े भाई का देहान्त हो चुका है। अब उस वसीयत को मेरे नाम से किया जाना है। **कृपाराम लखेड़ा पुत्र श्री श्रीराम निवासी श्यामपुर गाजीवाली तहसील व जिला हरिद्वार**

प्रथम प्रयास में कोर्स वर्क न करने वाले शोध छात्रों को मिलेगा मौका

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी कोर्स वर्क में पास न होने वाले छात्रों को एक और मौका दिया है। छात्रों को पूर्व छात्र की तरह दोबारा पर्यवेक्षक के माध्यम से शोध कार्य जमा करने होंगे।

शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार के मुताबिक शोध अध्यादेश 2020 के तहत शोधार्थी यदि प्रथम प्रयास में कोर्स वर्क परीक्षा पास नहीं कर पाता है तो उसको एक अवसर अगले नियमित सत्र के साथ दिया जाएगा। ऐसे छात्रों की अध्यावृत्ति कोर्स वर्क में पास न होने पर रोकने का भी कोई प्रावधान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नियमावली में नहीं है। ऐसे में जो अभ्यर्थी कोर्स वर्क परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं, वे पूर्व छात्र की तरह परीक्षा देंगे। उन्हें पर्यवेक्षक द्वारा दिए गए शोध कार्य और विभाग में शिक्षण कार्य को अपने फैलोशिप प्रपत्र पहले की तरह अपने पर्यवेक्षक, विभागाध्यक्ष या प्राचार्य से अग्रसारित कराकर जमा करना होगा। ऐसे छात्र जिन्होंने दोबारा कोर्स वर्क में प्रवेश लिया है, वह अपने अध्यावृत्ति प्रपत्र कोर्स वर्क समन्वयक से अग्रसारित कराकर जमा कर सकते हैं।

बीए और बीएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की वोकेशनल परीक्षा 2 फरवरी को

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में बीए और बीएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की कम्प्यूटर अप्लीकेशन और एमएस ऑफिस एंड अप्लीकेशन की वोकेशनल परीक्षा 2 फरवरी को बीसीए विभाग में होगी। कम्प्यूटर अप्लीकेशन विभाग की ओर से असाइनमेंट के टॉपिक भी निर्धारित कर दिए गए हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान प्रवेश पत्र और असाइनमेंट की फाइल साथ लानी होगी।

महिला से ऑनलाइन ठगे 65 हजार रुपये

काशीपुर, अमृत विचार : पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सअप कॉल कर साइबर ठगों ने एक वृद्ध महिला को उसके बेटे को पुलिस द्वारा पकड़े जाने का खौफ दिखाकर 65 हजार रुपये का चूना लगा दिया।

कटोराताल निवासी एक महिला के पास शनिवार को एक पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई। जिसमें एक पुलिस अधिकारी की फोटो लगी हुई थी। फोन करने वाले ने महिला को बताया कि उसके दोनों बेटे पुलिस के पास हैं और उनको किसी मामले में फंसा देंगे। जबकि महिला के बेटे उस समय रामनगर गये हुए थे। वहीं कॉलर ने बेटों को छुड़ाने के लिए महिला से दो लाख रुपये की मांग भी की। कॉलर की बातों में आकर महिला ने घर में रखे कैश 65 हजार रुपये ले जाकर साइबर कैफे से कॉलर अनुसार खाते में डाल दिये। बाद में महिला के बेटों को ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत साइबर सेल व पुलिस से की।

साइबर ठग ने महिला के साथ की 2.41 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एक एडवर्टाइजिंग ग्रुप के माध्यम से 2.41 लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में प्रकाश सिटी निवासी मोनिका ने कहा है कि 8 व 9 दिसंबर 2023 उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक एडवरटाईज क्लिक की थी। जिसके बाद साइबर ठग ने व्हाट्सअप पर चैट करना शुरू कर दिया। उसने एक व्हाट्सअप नंबर से उन्हें टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन कराया और उनसे ग्रुप के लिंक पर जाकर अकाउंट रजिस्टर करवा दिया। इस अकाउंट पर उनके द्वारा कई बार रिचार्ज टास्क किया गया। पैसा कमीशन के साथ उनके द्वारा बनाए गए पैसा अकाउंट में जमा हो रहे थे। जिसमें अभी भी 5.15 लाख रुपये की राशि दर्शाई जा रही है। 9 दिसंबर 2023 को महिला ने अपनी जमापूंजी निकालने की कोशिश की, तो वह पैसा नहीं निकला। मोनिका का कहना है कि इस लिंक पर उसने अपने दो खातों व पति के खाते से 2.41 लाख रुपये की राशि ट्रांसफर की है। और अब महिला से कुल राशि को निकालने के लिए और धन की मांग की जा रही है। साइबर ठगों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने इस संबंध में तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा दी थी। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अवैध खनन में मिट्टी से भरे ट्रैक्टर-बुग्गियों को किया जब्त

हापुड़, अमृत विचार : थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए खनन निरीक्षक नीलू शर्मा की संयुक्त टीम व थाना बाबूगढ़ पुलिस ने मिलकर अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत मोहित निवासी ग्राम बछलौता, बबलू निवासी होशदारपुर, ओमवीर, कलवा व चेतन निवासी रसूलपुर और नरेश निवासी कुचेसर चौपाला थाना बाबूगढ सहित मिट्टी से भरे 6 ट्रैक्टर व बुग्गी के साथ चालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सूचना अज्ञात शव शिनाख्त

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभल जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में दिनांक 15.6.2023 को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। **मृतक अज्ञात पुरुष की उम्र लगभग 51 वर्ष, लम्बाई 5 फिट 7 इंच, रंग सांवला, बाल काले, चेहरे पर हल्की काली सफेद दाढ़ी, दाहिनी तरफ का एक दांत बाहर की तरफ निकला हुआ। शरीर पर आसमानी रंग की बाजारू हाफ टी शर्ट व सुरमई रंग का लोवर** पहने था। यदि उक्त के संबंध में कोई जानकारी रखता हो तो निम्न पते पर सूचित करने का कष्ट करें।

प्रभारी निरीक्षक
थाना कोतवाली संभल, जनपद संभल
मो. नं. 945440404055

छोटी निजी गोशालाएं स्थापित करने को प्रेरित करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को अफसरों के साथ बैठक कर पिछले दिनों संजयनगर में एक सांड़ के बुजुर्ग को पटक-पटककर मार डालने की घटना पर नाराजगी जताई।

उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसी घटनाओं से जिले की छवि खराब हो रही है, लिहाजा ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने मृतक बुजुर्ग के परिवार को आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया, साथ ही कहा कि गांवों में लोगों को निजी स्तर पर छोटी गोशालाएं स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि छुट्टा गोवंशीय पशुओं की समस्या कम हो सके। पशुधन मंत्री ने कहा कि डीपीआरओ सभी प्रधानों और नगर आयुक्त सभी पार्षदो से संपर्क स्थापित कर छुट्टा पशुओं के मामले में प्रभावी कार्रवाई और जन-जागरूकता को बढ़ावा देना सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त को छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने को कहा। एसएसपी से कहा कि वह थानेदारों को गाय छोड़ने वालों पर कड़ी निगरानी का निर्देश दें। पहले नोटिस देकर पशुपालकों को सतर्क किया जाए, इसके बाद भी वे पशुओं को छोड़ें तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। मंत्री ने सांड़ों को पकड़ने के लिए संयुक्त टीम बनाने और इसमें ब्लॉक के कर्मचारी, पशु चिकित्सक और पुलिस को शामिल करने का निर्देश दिया। डीएम रविंद्र कुमार ने मंत्री को बताया कि छुट्टा सांड़ों को संरक्षित करने के लिए सभी ब्लॉकों में एक-एक नंदी आश्रय स्थल चिह्नित किया गया है। जरूरत पड़ने पर उन्हें ट्रेंक्युलाइज कर यहां लाया जाएगा। मंत्री ने 57 सौ गोवंशीय पशु संरक्षित करने पर डीएम की सराहना की और इसे मॉडल के रूप में अच्छा काम बताया।

सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक करते पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह।

व्यापारी सम्मेलन कराने को लेकर बैठक होगी

हापुड़, अमृत विचार : दस फरवरी से सात मार्च तक व्यापारी सम्मेलन कराने को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें केंद्र व प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री और पदाधिकारी शामिल होंगे। वे केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देंगे।

महंत और सेवादार की हत्या में तीन लोग किए गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा

- एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने किया बाबा भारामल मंदिर में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा

अमृत विचार : पुलिस और एसओजी की टीम ने तीन सप्ताह पूर्व बाबा भारामल मंदिर के महंत बाबा हरिगिरी और सेवादार रूप सिंह के दोहरे हत्याकांड के तीनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बरामद किए रुपये, मोबाइल, इंटरनेट डोंगल, दरांती, टॉर्च सहित अन्य सामान बरामद किया।

थाना झनकईया में दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि पुलिस के लिए यह दोहरा हत्याकांड एक ऐसा चैलेंज बन गया था जिसका सुराग लगाना कठिन था। यह भी कहा कि खुलासे में एसओजी और पुलिस ने जो काम किया है वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के खुलासे के लिए जिले के आठ थानाध्यक्ष, एसओजी, एनटीएफ प्रभारियों के साथ 15 टीमों को गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के खुलासे में तकनीकी सर्विलांस, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड के साक्ष्य अहम रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के दिन घटनास्थल के मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर लगभग 1200 लोगों से पूछताछ के बाद एक हजार से अधिक अपराधियों का सत्यापन व पूछताछ, सीसीटीवी कैमरा की जांच आदि के बाद तीन को चिन्हित किया गया। जिनमें कालीचरण, पवन और रामपाल निवासी पीलीभीत के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने इन तीनों को शनिवार की रात्रि को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्यारों के पास से मंदिर से लूटे गए रुपए, इंटरनेट डोंगल, बाबा हरिगिरी का बैग, शाल, एक आधार कार्ड, पहचान पत्र, नन्हें का पैन कार्ड और मंदिर की पर्ची, प्रयुक्त की गई दरांती और टॉर्च बरामद की है।

एसपी मंजूनाथ ने बताया कि कालीचरण व रामपाल सगे भाई हैं। जिनमें कालीचरण पूर्व में भी पांच वर्षों तक बाबा भारामल मंदिर पर सेवादार के रूप में रह चुका है। उन्होंने कहा कि भंडारे के समय 25 दिसंबर को आरोपी यहां आए और मंदिर परिसर में शराब का सेवन कर रहे थे। जिसपर बाबा हरिगिरि ने उन्हें डांटकर भगा दिया। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी 4 जनवरी को पीलीभीत से एक वाहन में बैठकर खटीमा पहुंचे और ऑटो तथा पैदल चलकर शाम के समय बाबा भारमल मंदिर पहुंचे तथा आसपास छिप गए। रात्रि करीब 11 बजे वह घटनास्थल पर पहुंचे और घटना को अंजाम दिया।

रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.) से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

निविदा की शर्ते निम्न हैं

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 20 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

4 फरवरी
विश्व कैंसर दिवस

के उपलक्ष में 1 फरवरी से 4 फरवरी तक बुकिंग करने पर पायें 50% का डिस्काउण्ट

Full Body PET-CT Scan

~~22,000~~ 11,000 50% डिस्काउण्ट

मुफ्त मैमोग्राफी

पीईटी-सीटी स्कैन क्यों किया जाता है?

- कैंसर का पता लगाना
- कैंसर शरीर के किस-किस जगह में है
- उपचार की योजना और मॉनिटरिंग
- न्यूरोलॉजिकल रोगों का मूल्यांकन
- हड्डी की स्थिति का मूल्यांकन
- हृदय सम्बंधी रोगो के लिए

Online Appointment की सुविधा UPI Payment के द्वारा

बुकिंग करने के लिए सम्पर्क करें - 9811187117

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्रदेश में 65 पुलिस अफसरों का तबादला, 39 डिप्टी एसपी बदले गए

बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद और सीतापुर के अफसर शामिल, आठ आईपीएस के भी कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र शासन ने रविवार को पुलिस महकमें बड़ा फेरबदल किया है। इसके तहत आईपीएस और पीपीएस कैडर के 65 पुलिस अफसरों का तबादला किया है। इसमें 39 पुलिस उपाधीक्षक, (डिप्टी एसपी), 18 अपर पुलिस अधीक्षक तथा 2019 और 2020 बैच के आठ आईपीएस अफसर बदले गए हैं। लोकसभा चुनाव के पहले यह बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

डीजीपी मुख्यालय से जारी सूचना के मुताबिक 2019 बैच के सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज अभिनव त्यागी एडिशनल एसपी कुशीनगर बनाए गए हैं। इनके अलावा 2020 बैच के आदित्य बंसल को सहायक पुलिस अधीक्षक मेरठ से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर, चिराग जैन को सहायक पुलिस आयुक्त प्रयागराज से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आजमगढ़, विक्रम दहिया को सहायक पुलिस अधीक्षक झांसी से अपर पुलिस अधीक्षक

पीलीभीत, अनुकृति शर्मा को सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से अपर पुलिस अधीक्षक संभल, अभिजीत कुमार को सहायक पुलिस अधीक्षक बरेली से अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर, मानुष पारिक को सहायक पुलिस अधीक्षक गोरखपुर से अपर पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर और मनोज कुमार रावत को सहायक पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर से अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा के पद पर तैनाती दी गई है।

यह आठ अपर पुलिस अधीक्षक भी बदले गए : 18 अपर पुलिस अधीक्षक के फेरबदल में अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक गोरखपुर श्याम देव को अपर पुलिस अधीक्षक बरेली, स्टाफ अफसर एडीजी जोन प्रयागराज प्रवीण सिंह चौहान को अपर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक गोरखपुर, अपर पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्ध नगर दिनेश कुमार सिंह द्वितीय को अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी साइबर क्राइम गौतमबुद्ध नगर कृष्ण कांत सरोज को अपर पुलिस उपयुक्त वाराणसी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहांपुर सुधीर जायसवाल को अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम गोरखपुर, स्टाफ अफसर एडीजी जोन मेरठ अनिल कुमार प्रथम को अपर पुलिस अधीक्षक मैनपुरी, उपसेनानायक एसडीआरएफ शोएब इकबाल को अपर पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 मुख्यालय हरेंद्र प्रताप यादव को उप सेनानायक एसडीआरएफ लखनऊ तथा अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अनिल कुमार यादव प्रथम को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन चंदौली के पद पर भेजा गया है। इसी तरह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुजफ्फरनगर संजय कुमार चुतुर्थ को अपर पुलिस अधीक्षक सिटी शाहजहांपुर, अपर पुलिस उपयुक्त गौतमबुद्ध नगर पवन गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी, उप सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर जोगिंदर लाल को अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज, अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112, भीम कुमार गौतम को अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया, अपर पुलिस अधीक्षक एसआईटी मुख्यालय प्रेमचंद को अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव, स्टाफ अफसर एडीजी जोन लखनऊ अनिल कुमार झा को अपर पुलिस अधीक्षक बलिया, अपर पुलिस अधीक्षक फायर सर्विस मुख्यालय दिनेश कुमार पुरी को अपर पुलिस अधीक्षक यूपी 112 बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम गोरखपुर निवेश कटिहार स्थानांतरण निरस्त किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक एसआईटी श्वेता श्रीवास्तव को पुलिस भर्ती बोर्ड भेजा गया है।

इन 39 पुलिस उपाधीक्षकों का हुआ तबादला

लखनऊ, अमृत विचार : पुलिस मुख्यालय की सूची के अनुसार अशोक कुमार सिंह को अलीगढ़ से मिर्जापुर, दिलीप सिंह द्वितीय को प्रतापगढ़ से हमीरपुर, गणेश कुमार को मुरादाबाद से कानपुर देहात, रविकांत गौड़ को कानपुर देहात से महोबा, राजीव सिरोही को आगरा से कानपुर देहात, सुधाकर पांडे को सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ से गाजीपुर, गिरेंद्र कुमार सिंह को चित्रकूट से जौनपुर, डा .अर्चना सिंह को भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय से अयोध्या, सुधाकर मिश्रा को गोरखपुर से 37वीं पीएसी वाहिनी कानपुर, प्रतिमा वर्मा को बिजनौर से जौनपुर, नितिन तनेजा को मेरठ से गोरखपुर, अंशु जैन को पीलीभीत से भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुख्यालय, राजकुमार मिश्रा द्वितीय को बरेली से गौतमबुद्ध नगर, चित्रांशु गौतम को सहारनपुर से कानपुर नगर, सुमन कनौजिया को अलीगढ़ से मथुरा, उदय प्रताप सिंह द्वितीय को एसटीएफ से गोरखपुर, आनंद कुमार राय को बहराइच से प्रतापगढ़ तथा रवि प्रकाश सिंह को गाजियाबाद से हरदोई भेजा गया है। इसी क्रम में संतोष कुमार सिंह को कानपुर नगर से हरदोई, गौरव कुमार को गाजीपुर से वाराणसी, हेमंत कुमार को मुजफ्फरनगर से आगरा, ज्योति यादव को मुरादाबाद से शाहजहांपुर, राकेश वशिष्ठ को फिरोजाबाद से बिजनौर, सतीश चंद्र शुक्ला को पीलीभीत से सीतापुर, शमशेर बहादुर को अयोध्या से खीरी, सुनीता दहिया को मैनपुरी से मुरादाबाद, अजय कुमार चतुर्थ को बुलंदशहर से ललितपुर, सोमेंद्र विश्वास को संभल से उन्नाव, वंदना शर्मा को हरदोई से मेरठ, अर्पित कपूर को मुरादाबाद से संभल, उदय प्रताप सिंह प्रथम को कानपुर नगर 37वीं वाहिनी से सहायक पुलिस अयुक्त प्रयागराज, अजय सिंह चौहान को महाराजगंज से मैनपुरी, संगम लाल मिश्रा को आगरा से 42 वाहिनी पीएसी प्रयागराज, कुलदीप कुमार गुप्ता को जौनपुर से मुरादाबाद, राजेश सिंह को मुरादाबाद से बिजनौर, आदित्य कुमार गौतम को डीजीपी मुख्यालय से देवरिया, परमानंद कुशवाहा को डीजीपी मुख्यालय से जौनपुर, प्रियाश्री पाल को एलआईयू गाजियाबाद से सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद और विवेक सिंह को गाजियाबाद से एलआईयू गाजियाबाद भेजा गया है।

55 रुपये की चाय देने पर शबरी रसोई को दिया गया नोटिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या में अरुंधति भवन के शबरी रसोई के चाय और टोस्ट का बिल सोशल मीडिया पर वायरल होते ही अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने उसके कर्ताधर्ता मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट को नोटिस देकर जमकर फटकार लगाई है। एडीए ने यह भी स्पष्ट कहा है कि मैनेजमेंट तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण दें नहीं तो, प्राधिकरण आपसे किया गया अनुबंध निरस्त कर देगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा विकसित अरुंधती भवन पश्चिम की सुविधाएं मेसर्स कवच फैसिलटी मैनेजमेंट देख रही है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने मेसर्स कवच को पत्र लिखा है। संबोधित पत्र में लिखा है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत अनुबंध व्यवस्था के तहत आप द्वारा डॉरमेट्री, पार्किंग व खान पान के औचित्यपूर्ण दरें निधारित की जाएंगी, लेकिन शबरी रसोई का एक बिल वायरल हो रहा है, जिसमें एक चाय की दर 55 रुपये रखी गई है जो कि बाजार दरों से काफी अधिक है। इस वायरल मैसेज से प्राधिकरण की छवि धूमिल हो रही है। आप को तत्काल प्रभाव से निर्देशित किया जाता है कि खान-पान व अन्य सेवाओं की औचित्यपूर्ण दरें निर्धारित करते हुए 24 घंटे के अंदर कार्यालय को सूचित करें। साथ ही तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण देना सुनिश्चित करें की श्रद्धालुओं से खान-पान की अधिक दर वसूलने व प्राधिकरण की छवि को धूमिल करने के लिए क्यों न आपका अनुबंध निरस्त कर दिया जाए।

शबरी रसोई
4th FLOOR,
Arundhati Bhawan west ,Multilevel parking, Tedhi Bajar ,Ayodhya
Uttar Pradesh -224123
GSTIN - 09AAFCK0954P1ZZ
Name:
Date: 22/01/24 12:53 Dine In: E44
Cashier: biller Bill No.: 20

No. Item	Qty.	Price	Amount
1 Tea	2	55.00	110.00
2 Toast White	2	65.00	130.00
Total Qty: 4		Sub Total	240.00
CGST		2.5%	6.00
SGST		2.5%	6.00

सोशल मीडिया पर वायरल बिल।

नोटिस मिलने के बाद एडीए में दाखिल किया जवाब

बताया जा रहा है कि शबरी रसोई की तरफ से अयोध्या विकास प्राधिकरण को नोटिस का जवाब दे दिया गया है। जवाब में क्या दिया, अभी यह सामने नहीं आया है। शबरी रसोई के प्रोजेक्ट हेड सत्येंद्र मिश्र ने बताया कि 15 फरवरी से रसोई का संचालन शुरू होना है। उसी समय मेन्यू व उनके रेट भी सामने आएंगे। अभी जो चाय और टोस्ट का बिल वायरल हुआ है वह किसी ने साजिशन किया है।

बड़े पैमाने पर आईएएस-पीसीएस अफसरों के तबादले की तैयारी

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादले की तैयारी में है। इसमें केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक ही स्थान पर ढाई साल से अधिक कार्यरत अफसर भी शामिल हैं।

इस दायरे में दस डीएम, 12 सीडीओ और एक सौ से अधिक एसडीएम बदले जाएंगे। साथ ही प्रोन्नति के बाद सचिव व प्रमुख सचिव बने शीर्ष अधिकारियों का भी कार्यक्षेत्र बदलेगा। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की देखरेख में केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों और प्रोन्नति के बाद आईएएस संवर्ग के असफरों को नई जिम्मेदारी देने के लिए सूची तैयार की गई है। इसी के साथ पीसीएस संवर्ग के उन अफसरों की तबादला और नई तैनाती की सूची भी बनी है, जो पिछले ढाई साल से एक ही जगह तैनात हैं। चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव और प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजे पत्र में स्पष्ट कहा है कि 30 जून 2024 तक एक ही स्थान पर तीन साल के दायरे में आने वाले चुनाव से जुड़े अधिकारी हटाए जाएंगे।

मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

कानपुर, अमृत विचार : रविवार सुबह मेस्टन रोड स्थित प्राचीन श्रीराम लक्ष्मण जानकी मंदिर में अराजकतत्वों ने पोस्टर चस्पा कर मंदिर व प्रबंधक को बम से उड़ाने की धमकी दी। पोस्टर चस्पा देख इलाके में हड़कंप मच गया। भाजपा पदाधिकारी, डीसीपी पूर्वी समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी खंगाले। मंदिर प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धर्म का अपमान करना, सद्भाव बिगाड़ने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी मिलेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हर हाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी।

स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री रविवार पूर्वाह्न गोरखपुर नगर निगम की तरफ से अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

राज्य सरकार ने 192 निराश्रित वृद्धजनों को किया रेस्क्यू

लखनऊ। प्रदेश में जारी भीषण शीतलहर को देखते हुए निराश्रित वृद्धजनों को सम्मानजनक जीवन देने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान चलाकर ठिठुर रहे 192 निराश्रितों का रेस्क्यू किया गया है। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, चौराहों इत्यादि में रात्रि में भ्रमण कर ऐसे निराश्रित वृद्धजनों की पहचान की गई जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था और उन्हें आपात पुलिस सेवा 112 एवं एल्डरलाइन नंबर 14567 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल सम्मानपूर्वक वृद्धाश्रम में पुनर्वासित किया गया है। जहां उनके स्वास्थ्य का समुचित खयाल रखा जा रहा है।

29 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं प्रदेश कांग्रेस

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस 29 सीटों से कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। प्रदेश संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व को अपनी मंशा से अवगत करा दिया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कांग्रेस को प्रदेश में 11 सीटें देने की घोषणा के बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि सीटों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेगा, पर सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस 29 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। 2009 के लोकसभा चुनाव व इसके बाद हुए उप चुनाव में जीती कुल 22 सीटों पर चुनाव लड़ने व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सात और सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस जमीनी स्तर पर तैयारी में जुटी है।

बच्चों के तनाव नियंत्रण में माता-पिता के सहयोग का महत्व

आज तेजी से बदलती दुनिया में छात्रों को अपने शैक्षणिक जीवन के हर पहलू में प्रतिस्पर्धा करनी होती है। ऐसे में शैक्षणिक तनाव माता-पिता और छात्रों के लिए चिंताजनक हो सकता है। शैक्षणिक उपलब्धि और मौजूदा परीक्षा प्रणाली का दबाव और माता-पिता, शिक्षकों, साथियों व परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं छात्रों में खराब मनोवैज्ञानिक स्थितियों को जन्म देता है। इस तरह का तनाव परीक्षा के दबाव के कारण चिंता बढ़ा सकता है, जो परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और बाद में छात्र को प्रभावित करता है। यह एक महत्वपूर्ण समस्या है, जिससे छात्र अपने पूरे शैक्षणिक जीवन में जूझते रहते हैं। परीक्षा का तनाव छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। इससे चिंता, अवसाद और अन्य भावनात्मक समस्याएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं शैक्षणिक विफलता से जुड़ी कुछ प्रत्याशित निराशा या ऐसी विफलता की आशंका के बारे में सोचकर भी उनमें हताशा बढ़ती है।

छात्र के जीवन में तनाव के कई कारण होते हैं, जैसे बहुत अधिक कार्य, अन्य छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा, असफलता, खराब रिश्ते, पढ़ाई का लगातार दबाव, परीक्षा, भविष्य की योजना आदि। विशेष रूप से परीक्षा के समय में कुछ ऐसे फैक्टर्स होते हैं जो छात्रों में तनाव को जन्म देते हैं। वे इस प्रकार हैं : अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें: पढ़ाई में कमी या पारिवारिक दबाव के कारण कुछ बच्चे परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव झेलते समय तनाव महसूस कर सकते हैं।

असफल होने का डर: ऐसे बहुत से छात्र हैं जो परीक्षा में असफल होने को लेकर चिंतित होते हैं। इससे वे तनावग्रस्त और चिंतित महसूस कर सकते हैं। यह डर उन छात्रों के लिए विशेष रूप से बढ़ सकता है जो किसी खास तरह के विषय से जूझते हैं या जिन्होंने पहले परीक्षाओं में समस्याओं का अनुभव किया है। तैयारियों का अभाव: जो छात्र परीक्षा के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित/तैयार नहीं हैं, वे तनाव और दबाव महसूस कर सकते हैं। यह अध्ययन सामग्री की समझ की कमी, पढ़ाई के लिए समय की कमी या अन्य वजहों से भी हो सकता है।

डॉ. राजकुमार रंजन सिंह
विदेश व शिक्षा राज्य मंत्री

समय की पाबंदी: परीक्षाओं में अक्सर समय की कमी होती है, जो उन छात्रों के लिए बुरा हो सकता है जो तनाव में काम करने के अभ्यस्त नहीं हैं। वास्तव में छात्र अपनी सफलता की उम्मीदों, अपने माता-पिता और शिक्षकों की अपेक्षाओं के कारण शैक्षणिक तनाव का अनुभव करते हैं। यह साफ है कि माता-पिता की अपने बच्चों से परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर अपेक्षाएं होती हैं। इससे उन पर दबाव पड़ता है। हालांकि यह कहा जाता है कि परीक्षा से होने वाला थोड़ा तनाव कुछ हद सकारात्मक और कारगर भी होता है क्योंकि यह परीक्षा से पहले बच्चों को सावधानी और सतर्कता बरतने को प्रेरित करता है। परीक्षा के दौरान बच्चों से अधिक उम्मीदें रखना परीक्षा के तनाव/दबाव और खराब प्रदर्शन का आधार बन सकता है।

आमतौर पर यह माना जाता है कि माता-पिता अपने बच्चों के ज्ञानात्मक, व्यावहारिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी भूमिका में माता-पिता बच्चों को सांस्कृतिक और सामाजिक मानदंडों और समाज के मूल्यों से परिचित कराते हैं। इसका उद्देश्य उन्हें समाज की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए तैयार करना है।

बच्चों पर शैक्षणिक आकांक्षाओं के सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव का मार्गदर्शन और प्रबंधन करने में माता-पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता-पिता कुछ शारीरिक, सामाजिक, व्यावहारिक और मनोवैज्ञानिक चीजों को पहचानकर अपने बच्चों को परीक्षा के दबाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। बच्चों में परीक्षा के तनाव के लक्षणों को पहचानना यह संभव है कि युवा लोग परीक्षा के दबाव और तनाव पर चर्चा करने में सहज महसूस नहीं करेंगे, लेकिन माता-पिता अपने बच्चों में तनाव के किसी भी लक्षण को देख सकते हैं और उनसे इसके बारे में बात कर सकते हैं। यहां तनाव के कुछ सबसे आम लक्षण हैं जो बच्चों में शारीरिक (जैसे, सिरदर्द, दांत पीसना, उच्च रक्तचाप, अपच, थकान, अनिद्रा), मनोवैज्ञानिक (जैसे चिंता, चिड़चिड़ापन, असंवेदनशीलता, क्रोध, मनोदशा में बदलाव, अवसाद की वजह से होने वाली असहायता स्थिति, निराशा) और व्यवहार संबंधी लक्षण (जैसे, भूख न लगना, टालमटोल का व्यवहार, लोगों से खुद को काट लेना/अकेलापन, व्यक्तिगत साफ-सफाई को नजरअंदाज करना) शामिल हैं।

माता-पिता की भूमिका: माता-पिता के रूप में सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक जो आप कर सकते हैं वह है जितना संभव हो उतना समझदार और सहयोगी बनें। उनसे संवाद करें और उन्हें याद दिलाना सुनिश्चित करें कि उनके जीवन में और भी महत्वपूर्ण अवसर हैं। ये परीक्षाएं हमारे जीवन का सिर्फ एक हिस्सा भर हैं। उन्हें बताएं कि आप हमेशा उनके साथ रहेंगे। आप स्वाभाविक रूप से चाहेंगे कि बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें, लेकिन अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो आप उन्हें दोष नहीं देंगे।

परीक्षा से पहले और परीक्षा के दौरान बच्चे के व्यवहार व भावनाओं के प्रति सचेत रहें। अपने बच्चे के साथ आपसी विश्वास बनाएं। माता-पिता अपने बच्चों को बताएं कि वे बिना किसी शर्त उनका सकारात्मक रूप से ध्यान रखते हैं। यदि वे किसी प्रकार की परेशानी महसूस करते हैं तो आपको बताने के लिए उनको प्रोत्साहित करना होगा। स्वस्थ और विविध संबंधों को लेकर उन्हें प्रेरित करें। खुद को प्रसन्न रखने से संबंधी शारीरिक गतिविधि, अच्छा पोषण और आराम के लिए प्रेरित करना होगा। परिवार और दोस्तों के प्यार एवं सहयोग से अपने बच्चे को कठिन समय से निकलने में उसकी क्षमता को याद दिलाएं। उपयुक्त सह-पाठ्यचर्या संबंधी अभ्यास चुनने में अपने बच्चे की सहायता करें। यदि आपका बच्चा चुनौतीपूर्ण परीक्षा देने जा रहा है या पहले ही दे चुका है, तो उसका आत्मविश्वास बढ़ाना न भूलें। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनें और सकारात्मक विचारों के साथ उनकी सहायता करें।

वर्ग पहेली-326

बाएं से दाएं

3.1. एक तरह की कस्तूरी 2. एक तरह का तरल गंध द्रव्य जो गंधमार्जार या मुश्कबिलाव के अंडकोश से निकलता है।

5.1. जिसका अपमान हुआ हो, बेइज़्ज़त, तिरस्कृत 2. तुच्छ, नीच, अधम 3. जिसकी बेकद्री की गई हो।

7. ऐसा स्थान जहां कोई परिवार कई पीढ़ियों से रहता चला आ रहा हो, डीह।

8.1. अंतिम, आख़िरी, चरम 2. निर्णायक

ऊपर से नीचे

1.1. ज़मीन, भूमि 2. देश, मुल्क 3. पृथ्वी, धरा 4. पेशबंदी 5. गज़ल की रदीफ़।

2. दोनों हथेलियों को ऊपर की ओर जोड़ने से बनने वाला गड्ढा जिसमें पानी या कोई वस्तु भरकर दी जाती है, करसंपुट, चुल्लू, ओक, अंजुरी, अंजलि।

4. वह स्थान जहां बच्चों के अनुसार खेलने-सीखने की चीज़ें रखी जाती हैं, बच्चों के लिए बना सार्वजनिक स्थल, बालभवन, बच्चों का उपवन, आंगनवाड़ी।

6.1. बारूद या गंधक भरकर बनाए गए खिलौने



वर्ग पहेली - 325 का हल

1 द	■	2 शु	3 चि	ता
या	■	■	ड़ि	■
र	■	4 द	हा	ना
■	5 ए	का	हा	र
■	का	■	ड़	6 झाँ
■	धि	■	■	ई
■	7 क	चा	यँ	ध

सुडोकू-43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			3		7	6	9	
7		2		4				
			5					4
4	6			8				
		1				2		6
				9			4	7
3					4			
	4			3		8		5
		8	1		2			3

सुडोकू - 42 का हल

9	1	2	5	7	8	4	6	3
4	7	6	3	9	2	8	1	5
8	3	5	6	4	1	9	2	7
3	6	8	2	5	7	1	9	4
5	9	4	1	8	6	7	3	2
7	2	1	9	3	4	6	5	8
1	5	7	4	2	9	3	8	6
2	8	9	7	6	3	5	4	1
6	4	3	8	1	5	2	7	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जनवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-चतुर्थी पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज रिश्ते तो मजबूत बनेंगे ही, इसके अलावा रिश्तेदारी में ही आप किसी के साथ बिजनेस में कोई समझौता भी कर सकते हैं। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृष — आज कोई कठोर निर्णय ले सकते हैं जिसका लाभ समय रहते आपको मिलेगा। किसी दोस्त के साथ बहस भी हो सकती है,लेकिन संयम से काम लेने पर वह सुलझ जाएगी। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें।

मिथुन — आज किसी अनजान व्यक्ति के साथ मेलजोल बनाने से बचें,क्योंकि वह आपके भविष्य के लिए अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा। कारोबार में बड़ी डील के होने की प्रबल संभावना है।

कर्क — आज परिवार के लोगों के साथ मिलना होगा और किसी बात को लेकर चर्चा संभव है। घर में मेहमानों का भी आना हो सकता है। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

सिंह — आज व्यापार में साझेदारी कर सकते हैं। किसी की बात दिल पर लग सकती है,लेकिन आप उस ओर ज्यादा ध्यान न देकर बाकी कामों में ध्यान लगाएंगे। शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कन्या — आज परिवर्तन को लेकर उत्साहित रहेंगे और पुरानी बातों को याद करेंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे,लेकिन कुछ अड़चने आएगी। ऑफिस में सहकर्मियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

तुला — आज किसी कल्पना में खोए रहेंगे और कुछ बातों को लेकर आशंकित भी रह सकते हैं। दोस्तों के साथ पार्टी का तो प्लान बनेगा, लेकिन खर्चे को लेकर चिंता रहेगी। कारोबारी यात्रा सफल और लाभप्रद साबित होगी।

वृश्चिक — आज किसी से धोखा मिल सकता है,जो आपके दिल को दुखाएगा। परिवार में सभी के साथ आपका संबंध और मजबूत बनेगा। आप अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर पाएंगे। प्रेमीजन अपनी दिल की बात प्रेमी से कह सकते हैं।

धनु — आज शाम के समय दुर्घटना होने के संकेत हैं। इसलिए आप वाहन ना चलाएं और हमेशा किसी के साथ ही यात्रा करें। प्रेम संबंधों में किसी बात को लेकर मतभेद होगा। पैतृक संपत्ति प्राप्त होने के प्रबल योग बल रहें हैं।

मकर — आज का दिन आप अपने किसी दोस्त के नाम कर सकते हैं। सुबह से किसी बात को लेकर चिंता रहेगी,लेकिन शाम होते ही वह छूमंतर हो जाएगी। जीवनसाथी से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। पिता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

कुंभ — आज व्यापार में किसी से सोच समझकर ही साझेदारी करें। जैसा सोचेंगे या प्लान करेंगे वैसा नहीं हो पाएगा। आराम नहीं मिलेगा और काम का बोझ ज्यादा ही रहेगा। भाई-बहन का भरपूर सहयोग मिलेगा।

मीन — आज का दिन आपके लिए अत्यंत शुभ सिद्ध होगा। परिवार के लोग कुछ प्लान कर सकते हैं और शाम के समय बाहर जाना हो सकता है। प्रतियोगी छात्रों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। विवाहेतर संबंधों से दूरी बनाएं रखें।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- सकट चौथ। मुहूर्त- अभिजित-11 .58-12 .41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-12 .41-13 .25, 14 .52-15 .35 तक। दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 18 .57 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 10 .00
धड़कन — रात : 07 .00

SONY MAX
चेहरे — सुबह : 09 .00
चेन्नई एक्सप्रेस — रात : 10 .00

SONY PIX
स्पाइडर मैन 3 — सुबह : 09 .35
बैटमैन बिगिन्स — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
ऑपरेशन रोमियो — सुबह : 10 .30
कमांडो — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
सपने साजन के — सुबह : 09 .53
स्वदेश — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जोक्स ऑफ द डे

एक लड़का घर वालों के साथ लड़की देखने गया।
लड़के के घरवालों ने लड़की के पिता से पूछा आपकी लड़की ने क्या किया हुआ है?
लड़की का पिता- अभी तो इसने हमारे नाक में दम किया हुआ है। आप बस इसे यहां से ले जाइए।

पप्पू अपने दोस्त से बात कर रहा था। मेरी पत्नी का स्वभाव बहुत खर्चीला है। हर दूसरे दिन 1000 और 2000 रुपये मांगने लग जाती है।
दोस्त- आखिर इतने पैसे का वह करती क्या है??
पप्पू- क्या पता मैंने कभी दिए ही नहीं।

मन की बात की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में बोले प्रधानमंत्री

संविधान निर्माताओं का भी प्रेरणा स्रोत रहा है राम का शासन: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया और इस दौरान सामूहिकता की जो शक्ति देखी गई वह विकसित भारत के संकल्पों का बहुत बड़ा आधार है। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में देशवासियों से संवाद करते हुए कहा कि राम का शासन देश के संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था।

उन्होंने कहा कि इस साल हमारे संविधान के निर्माण के 75 वर्ष और उच्चतम न्यायालय के भी 75 वर्ष हो रहे हैं और लोकतंत्र के ये पर्व लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है और ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

परीक्षा पे चर्चा शिक्षा व परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा

छात्रों के साथ वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि यह शिक्षा और परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने का बहुत अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं और इस साल की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष 2.25 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया है जबकि 2018 में जब यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था, उस वक्त यह संख्या केवल 22,000 थी। उन्होंने कहा-परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण होगा। यह एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मैं हमेशा इंतजार करता हूं। इससे मुझे छात्रों के साथ बातचीत करने का मौका मिलता है और मैं उनके परीक्षा सबंधी तनाव को कम करने का भी प्रयास करता हूं।

पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही

सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर देशभर में नफरत और हिंसा फैलाने तथा गरीबों और युवाओं के हितों को नजरअंदाज करके बड़े कॉरपोरेट घरानों के लिए काम करने का आरोप लगाया। गांधी उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए एक अल्पकालिक भर्ती योजना 'अग्निवीर' को शुरू करके उन युवाओं का मखौल उड़ाया है जो सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहते थे। उन्होंने कहा-देशभर में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। इससे कोई फायदा नहीं होगा।

विंटेज कार और बाइक रैली निकालकर लोगों में फैलाई जागरूकता....

ठाणे में रविवार को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित विंटेज कार और बाइक रैली में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ● एजेंसी

एक नजर

मुंबई में क्रेन से कुचलकर मजदूर की मौत

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में क्रेन से कुचलकर 20 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि घटना शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे खारघर इलाके में हुई। उसने बताया कि केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही थी और मजदूर उस जगह पर एक केबल ड्रम को धकेल रहा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सड़क पर क्रेन के पास गिर गया। खारघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उस समय क्रेन संचालक ने मशीन को आगे बढ़ा दिया, जिससे कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान नवी मुंबई के बेलापुर इलाके के निवासी सुनील नरसीमा तांगड़ी के रूप में हुई है।

लड़की पर तेजाब फेंकने का आरोपी पकड़ा गया

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक स्कूल के समीप एक लड़की पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ कथित तौर पर फेंकने को लेकर रविवार को 16 वर्षीय एक किशोर को पकड़ा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना बुधवार दोपहर एक बजे हुई, जब लड़की शास्त्री पार्क एक्सटेंशन इलाके में एक स्कूल से अपने 10 वर्षीय संबंधी को लाने के लिए गयी थी। घटना की शिकायत उसी दिन दर्ज कर बुराड़ी पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता के तहत प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार के फैसले से मैं सहमत नहीं: नारायण राणे

मुंबई। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने रविवार को कहा कि वह महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें कहा गया है कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता है, तबतक उन्हें ओबीसी को मिल रहे सभी लाभ मिलेंगे। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने राणे 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह अन्य पिछड़ा वर्ग में अतिक्रमण होगा तथा इससे महाराष्ट्र में अशांति फैल सकती है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था। मुख्यमंत्री शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलेंगे।

आप लोस चुनाव इंडिया के साथ मिलकर लड़ेगी : केजरीवाल

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीट पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, लेकिन लोकसभा चुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के हिस्से के रूप में लड़ेगी।

लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में प्रस्तावित हैं जबकि विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने जींद में पार्टी की 'बदलाव जनसभा' में कहा-आज लोगों को केवल एक ही पार्टी पर भरोसा है, जो आम आदमी पार्टी है। एक तरफ उन्हें पंजाब, तो दूसरी तरफ दिल्ली में हमारी सरकार दिखती है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा एक बड़ा बदलाव चाहता है। इसके पहले दिल्ली और पंजाब के लोगों ने यह बड़ा बदलाव किया था और अब वहां के लोग खुश हैं।

दिल्ली के मंदिर में जागरण के लिए बनाया गया मंच गिरा, एक की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ शनिवार देर रात हुआ हादसा 17 अन्य लोग घायल

दिल्ली में कालकाजी मंदिर में जागरण के लिए बनाए गए मंच के ढह जाने से 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुखद घटना शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। मृतका की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में जागरण का आयोजन किया गया था और इसमें लगभग 1600 लोग शामिल हुए थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महिला की मौत पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री केजरीवाल ने लिखा "कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद है, हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।

घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने लिखा-मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया, कार्यक्रम के लिए कोई पूर्व अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मी तैनात किए गए थे। शनिवार रात लगभग 12.30 बजे 1,500-1,600 लोग एकत्र हुए थे। पुलिस के अनुसार आयोजकों और अति विशिष्ट लोगों के परिवारों के लिए मुख्य मंच के पास लोहे के फ्रेम के सहारे लकड़ी का ऊंचा मंच बनाया गया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि लगभग 12.30 बजे वजन अधिक होने के कारण यह मंच बीच में से ढह गया। इसके चलते मंच पर बैठे और जमीन पर उसके आसपास बैठे लोग घायल हो गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी वरुण ने बताया कि मंदिर में बड़ी भीड़ थी क्योंकि गायक बी प्राक वहां मौजूद थे। बताया-अचानक मंच ढह गया और मंच के पास बैठे लोगों को चोटें आईं। गायक बी प्राक तब तक वहां से जा चुके थे। मंदिर में मौजूद एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि उसने बहुत तेज आवाज सुनी और लोगों को बाहर भागते हुए देखा था।

सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर ली शपथ

पटना, एजेंसी

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने रविवार को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत छह अन्य ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

राजभवन में आयोजित समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्री नीतीश कुमार के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जदयू के विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, भाजपा के ही प्रेम कुमार, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय सुमित कुमार सिंह को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा समर्थकों ने जय श्री राम और मोदी मोदी के नारे लगाए। वहीं, हम के समर्थकों ने जय भीम तथा जदयू समर्थकों ने नीतीश कुमार के पक्ष पर नारा लगाया।

पटना : बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, नव-शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। ● एजेंसी

▸▸ नीतीश कुमार नौवीं बार बने बिहार के मुख्यमंत्री

शपथ ग्रहण समारोह में बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतनराम मांझी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू सांसद ललन सिंह, भाजपा नेता मंगल पांडे और राजीव प्रताप रूडी समेत कई अन्य गणमान्य शामिल थे।

भाजपा ने 7 साल के छोटे सफर में उप मुख्यमंत्री बनाकर सम्राट चौधरी की पगड़ी का बढ़ाया मान

पटना। वंशवाद और परिवारवाद से परे की राजनीति का दावा करने वाली भाजपा ने सम्राट चौधरी को पार्टी के साथ महज 7 साल के छोटे सफर में ही बिहार का उप मुख्यमंत्री बनाकर उनकी पगड़ी का मान बढ़ा दिया है। भाजपा में वर्ष 2017 में शामिल हुए सम्राट चौधरी ने वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो कर सरकार बनाने के बाद प्रण लिया था कि 'नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारने के बाद ही वह अपनी पगड़ी खोलेंगे।' बिहार में सियासी हालात ऐसे बने कि श्री नीतीश कुमार को कुर्सी छोड़नी पड़ी और फिर एक नए समझौते के साथ उनकी (श्री कुमार) अगुवाई में सरकार बनी तब भाजपा ने श्री सम्राट चौधरी की आन-बान को कम नहीं होने दिया और उन्हें उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाकर उनकी 'पगड़ी' का मान और बढ़ा दिया। श्री चौधरी के भाजपा में आने के एक साल बाद वर्ष 2018 में ही उन्हें बिहार भाजपा का उपाध्यक्ष बना दिया गया। इतना ही नहीं वर्ष 2020 में प्रदेश की राजग सरकार में उन्हें पंचायती राज मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके बाद 27 मार्च 2023 को वह बिहार भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए।

कारोबार/कृषि

एक नजर

भारत की गैस मांग 6% बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली। उर्वरक इकाइयों, बिजली उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्रों में खपत बढ़ने के साथ भारत की प्राकृतिक गैस की मांग 2024 में छह प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह जानकारी दी। भारत में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति 2022 में सालाना आधार पर सात प्रतिशत घट गई थी, हालांकि 2023 में इसमें पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान मुख्य रूप से पेट्रोरसायन, बिजली उत्पादन, रिफाइनरी और औद्योगिक क्षेत्रों से मांग बढ़ी।

सीएनएच पांच करोड़ डॉलर का करेगी निवेश

नई दिल्ली। इतालवी-अमेरिकी ऑफ रोड निर्माण और कृषि कंपनी सीएनएच इस साल भारत में कृषि मशीनरी खंड में पांच करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा कंपनी का इरादा इस साल मई में 105 एचपी का ट्रैक्टर भी उतारने का है। सीएनएच इंडिया के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीएनएच न्यू हॉलैंड ब्रांड नाम से कृषि मशीनरी और उपकरणों का उत्पादन और बिक्री करती है।

प्रौद्योगिकी के व्यापार पर कल होगी चर्चा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के शीर्ष अधिकारी, उद्योग जगत की दिग्गज हस्तियां और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत की निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर 30 जनवरी को यहां चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान संवेदनशील वस्तुओं और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के व्यापार तथा वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार पर विचार-विमर्श होगा। अधिकारी ने कहा कि रणनीतिक व्यापार नियंत्रण पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान निर्यात नियंत्रण प्रणालियों पर चर्चा के लिए अधिकारियों और नेताओं को एक मंच मिलेगा।

बजट में मोदी की गारंटी छाए रहने की संभावना

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग बोले-पेश की जा सकती हैं लोकलुभावन योजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में मोदी की गारंटी की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए 'लोकलुभावन योजनाएं' पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा।

गर्ग ने कहा कि वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं। उन्होंने कहा-सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

आगामी बजट से वाहन कंपनियों को भरोसा, हरित परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखेगी सरकार

वाहन क्षेत्र की कुछ प्रमुख कंपनियों का मानना है कि सरकार को आगामी बजट में हरित परिवहन को बढ़ावा देने की नीति को जारी रखने की जरूरत है। उनका कहना है कि इसके अलावा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की विकास की रफ्तार को भी कायम रखने की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा-हमारा अनुमान है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय जारी रहेगा। सरकार को हरित परिवहन के लिए नीतिगत प्रोत्साहन पर ध्यान जारी रखना चाहिए। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप-प्रबंध निदेशक (कॉरपोरेट योजना, वित्त एवं प्रशासन और विनिर्माण) स्वप्नेश आर मारू ने कहा कि वाहन विनिर्माताओं को भरोसा है कि सरकार अर्थव्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को एक ऐसे हरित भविष्य में स्थानांतरित करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेगी जो जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भर हो। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वाहन क्षेत्र के लिए सतत नीतियों से इस क्षेत्र का विस्तार होगा।

लाल सागर संकट से तेल आपूर्ति में व्यवधान नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एचपीसीएल प्रमुख बोले, पिछले साल रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के चेयरमैन पुष्प कुमार जोशी ने कहा कि लाल सागर में हुती विद्रोहियों द्वारा माल ढुलाई जहाजों पर किए जा रहे हमलों से भारत में कच्चे तेल की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि हालांकि, रास्ता बदलकर अपेक्षाकृत लंबे 'केप ऑफ गुड होप' मार्ग अपनाने के कारण माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक भारत में रूस से तेल की आपूर्ति लाल सागर मार्ग से होती है।

पिछले साल भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में रूसी आपूर्ति 35 प्रतिशत से अधिक थी, जो प्रति दिन 17 लाख बैरल थी। रूसी जहाज और मालवाहक फिलहाल हमलों का मुख्य लक्ष्य नहीं हैं। हालांकि, स्वेज नहर और लाल सागर के माध्यम से आवागमन के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे के आसपास का मार्ग अपनाने से जहाजों को लंबी यात्राएं करनी पड़ रही हैं, जिससे जहाजों की कमी हो गई है और माल ढुलाई लागत में वृद्धि हो गई है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) के नतीजे आने के बाद निवेशकों के साथ एक बातचीत में जोशी ने कहा कि एचपीसीएल ने अप्रैल के मध्य तक कच्चे तेल की आपूर्ति तय कर दी है और उसे आपूर्ति में कोई बाधा नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि एचपीसीएल अपनी कच्चे तेल की 44-45 प्रतिशत जरूरतों को सऊदी अरब और इराक की राष्ट्रीय कंपनियों से किए गए करार के जरिए पूरा करती है।

मार्ग से देश का निर्यात 50%, आयात 30%

मुंबई। लाल सागर जल मार्ग के आसपास चल रहे संकट का प्रभाव विभिन्न उद्योगों के आधार पर अलग-अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में देश के निर्यात का 50 प्रतिशत और आयात का 30 प्रतिशत इस मार्ग से हुआ है। क्रिसिल रेटिंग्स ने लाल सागर संकट के कारण देश में विभिन्न व्यापार खंडों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की है। लाल सागर व्यापारिक मार्ग में संकट तब शुरू हुआ जब यमन स्थित हुती विद्रोहियों ने अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए इजरायल-फलस्तीन युद्ध के कारण नवंबर में वहां से गुजरने वाले वाणिज्यिक माल ढुलाई जहाजों पर लगातार हमले किए।

शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.16 लाख करोड़ रुपये घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का सामूहिक बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) पिछले सप्ताह 1.16 लाख करोड़ रुपये घट गया। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ।

कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 982.56 अंक या 1.37 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 सबसे कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,661.45 करोड़ रुपये घटकर 10,90,001.31 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,682.74 करोड़ रुपये घटकर 5,71,337.04 करोड़ रुपये पर आ गया।

टोल फ्री पर आए फसल बीमा के दावे कर दिए गए गोल

प्रशांत सक्सेना, अमृत विचार

▸▸ 2023-24 में कितने व्यक्तिगत दावे, कितने स्वीकार व कितने निरस्त पता नहीं

▸▸ क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने कृषि विभाग को नहीं दिया कॉल विवरण

लखनऊ : बीमा कंपनियों ने खरीफ 2023-24 में बीमित फसलों का क्लेम बचाने के चक्कर में व्यक्तिगत दावे गोल कर दिए। जो बारिश या फिर आपदा के समय किसानों ने टोल फ्री नंबर पर काल कर दर्ज कराए थे। नुकसान के समय प्रदेश में टोल फ्री नंबर पर कितनी काल आई, कितने दावे स्वीकार किए और कितने निरस्त किए यह व्यक्तिगत दावे कंपनियां छिपा गईं। कृषि विभाग को भी इस तरह का विवरण नहीं दिया गया। इससे यह माना जा रहा कि कंपनियों ने हर बार की तरह ज्यादातर व्यक्तिगत दावे निरस्त कर दिए। क्योंकि नुकसान के समय टोल फ्री नंबरों पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर शिकायत दर्ज की जाती है। इसी आधार पर कंपनियों को फसल का सर्वे कर 100 फीसद क्षतिपूर्ति 21 दिन के अंदर देय होती है। इसमें कंपनियों को घाटा होता है। जिसे बचाने के लिए दावे निरस्त कर कॉल रिपोर्ट दबा लेती हैं।

... तो किस आधार पर 6 करोड़ : खरीफ 2023-24 में 23.54 लाख किसानों ने धान, बाजरा, मक्का, तिल, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसल बीमित कराई थी। कंपनियों ने 600 करोड़ प्रीमियम लिया था। इसमें 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना बताया जा रहा है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ बकाया है। लेकिन, इसमें व्यक्तिगत दावे कितने और मध्यावधि की क्षतिपूर्ति कितनी यह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान उपज के आधार पर क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इसमें कंपनियों को फायदा और किसानों को घाटा होता है।

वहीं इस संबंध में उमा शंकर सिंह, उप निदेशक (फसल बीमा एवं सांख्यिकीय, कृषि निदेशालय) ने बताया कि खरीफ का 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। इसमें मध्यावधि व व्यक्तिगत दावे शामिल हैं। लेकिन अलग-अलग संख्या स्पष्ट नहीं है। टोल फ्री पर आए व्यक्तिगत दावों की कॉल रिपोर्ट सभी कंपनियों से मांगी गई है।

इतने किसानों की फसल बीमित

केसीसी किसान - 20.17 लाख
गैरऋणी किसान - 3.37 लाख
बीमित क्षेत्रफल - 291.13 लाख

ये लिया गया प्रीमियम

कुल - 600.95
कृषक - 181.13
राज्य अंश - 209.91
केंद्र अंश - 209.91 (करोड़ में)

मेदवेदेव को हराकर सिनर ने जीता पहला ग्रैंडस्लैम खिताब

सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच का दबदबा किया था खत्म

मेलबर्न, एजेंसी

यानिक सिनर ने दो सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में दानिल मेदवेदेव को 3-6, 3-6, 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। सेमीफाइनल में उलटफेर कर नोवाक जोकोविच के टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे दबदबे को खत्म करने वाले 22 साल के सिनर पहली बार किसी बड़े टूर फाइनल में खेल रहे थे। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी है।

अमेरिकी ओपन 2021 के चैंपियन मेदवेदेव की ग्रैंडस्लैम के 6 फाइनल में यह पांचवीं हार है। यानिक सिनर ने टूर्नामेंट के अपने चौथे पांच सेट तक चले मैच के साथ ग्रैंडस्लैम के ओपन युग में कोर्ट पर सबसे अधिक समय बिताने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2022 अमेरिकी ओपन में कार्लोस अल्कराज के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। अल्काराज ने तब 23 घंटे 40 मिनट कोर्ट पर बिताए थे।

3 बार फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब नहीं जीत सके मेदवेदेव

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में तीन बार फाइनल में जगह बनाने के बावजूद मेदवेदेव खिताब नहीं जीत सके। वह 2021 में जोकोविच और 2022 में राफेल नडाल से हारे थे। नडाल के खिलाफ भी वह अपनी पहले दो सेट की बढ़त को बरकरार नहीं रख सके थे। मेदवेदेव इस बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचने के लिए पांच-पांच सेट के तीन मैच जीते। इसमें से दो मैचों में उन्होंने शुरुआती दो सेट में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की। सिनर ने इस दौरान फाइनल से पहले छह मैचों में केवल एक सेट गंवाया, जो जोकोविच के खिलाफ तीसरे सेट के टाईब्रेकर में था।

सू वेई और एलिसे मर्टेंस बनीं महिला युगल चैंपियन

ताईवान की सेह सू वेई ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने वाली दूसरे सबसे उम्रदराज महिला बन गई, जिन्होंने बेल्जियम की एलिसे मर्टेंस के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब अपने नाम किया। दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको और यूक्रेन की लिउडमाइला किचेनोक को 6-1, 7-5 से हराया। यह सू वेई का सातवां महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब है, जबकि मर्टेंस का चौथा। इससे पहले पुरुष वर्ग में भारत के 43 वर्ष के रोहन बोपन्ना सबसे उम्रदराज युगल चैंपियन बने, जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ खिताब जीता। आस्ट्रेलिया की लीजा रेमंड सू वेई से आठ दिन बड़ी थी जब उन्होंने 2011 अमेरिकी ओपन खिताब जीता था। मार्तिना नवरातिलोवा ने 49 वर्ष की उम्र में 2006 अमेरिकी ओपन जीता था।

दिव्यांश ने विश्व रिकॉर्ड से जीता स्वर्ण

काहिरा, एजेंसी

भारत के दिव्यांश सिंह पंवार ने रविवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल्स में विश्व रिकॉर्ड बनाकर देश को आईएसएसएफ विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। 21 साल के निशानेबाज दिव्यांश ने 253.7 अंक से चीन के शेंग लिहाओ के पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में बनाए गए 253.3 के रिकॉर्ड को बेहतर किया।

दिव्यांश ने क्वालीफिकेशन में विश्व स्तरीय 632.4 अंक से पहले स्थान से 24 शॉट के फाइनल में जगह बनाई, जिसमें भी अपने सटीक निशानों से रजत पदक विजेता इटली के दानी सोलाजो को 1.9 अंक से पछाड़ दिया। उन्होंने एक भी स्कोर 10 से कम का नहीं बनाया और उनके दो शॉट परफेक्ट 10.9 अंक के रहे। दिव्यांश ने कहा कि इस पदक से निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण वर्ष में आत्मविश्वास बढ़ेगा। सर्बिया के लाजार कोवासेविच ने कांस्य पदक जीता, जबकि फाइनल में पहुंचने दूसरे भारतीय अर्जुन बबूता छठे स्थान पर रहे। यह दिव्यांश का विश्व कप चरण में कुल पांचवां स्वर्ण पदक है। 2019 में चीन के पुटियान के बाद यह उनका दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है। भारत के अब दो स्वर्ण और दो रजत पदक हो गए हैं, जिससे देश ओलंपिक वर्ष के पहले आईएसएसएफ विश्व कप चरण की तालिका में शीर्ष पर चल रहा है।

पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने भारत को 28 रन से हराया

श्रृंखला में 1-0 से बनाई बढ़त, 231 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 202 रन पर सिमटी

हैदराबाद, एजेंसी

196 रन बनाए इंग्लैंड के ओली पोप ने दूसरी पारी में

7 विकेट झटके टॉम हार्टले ने टेस्ट क्रिकेट में डब्यू करते हुए

ओली पोप के 196 रन का शतक और अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले के 7 विकेट से इंग्लैंड ने रविवार को हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत पर 28 रन की यादगार जीत दर्ज की। इसके साथ 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य दिया लेकिन हार्टले की फिरकी में फंसकर भारतीय टीम दूसरी पारी में 69.2 ओवर में 202 रन पर सिमट गई। घरेलू टेस्ट में 2013 के बाद यह भारत की चौथी हार है।

हार्टले की फिरकी के आगे ढही भारतीय टीम

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रवैया ओली पोप के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी से निपटने के तरीके से बिल्कुल विपरीत था। भारत के दोनों स्पिनर पिच पर कभी भी खतरनाक नहीं दिखे और इंग्लैंड ने दूसरी पारी में काफी रन बटोर लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने छह विकेट पर 316 रन से आगे खेलते हुए पोप की बदौलत दूसरी पारी में 420 रन बनाए, जिससे उन्हें काफी अच्छी बढ़त मिली। यह हार भारत को गहरा घाव देगी क्योंकि टीम 25 साल के लंकाशर के ऐसे गेंदबाज के सामने ढह गई, जिसे कुल तीन अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव है।

स्पिन के सामने बेबस दिखे भारतीय बल्लेबाज

पिच पर काफी टर्न और उछाल मौजूद था लेकिन भारतीय बल्लेबाज इससे निपट नहीं सके। शुभमन गिल (0), यशस्वी जायसवाल (15) और श्रेयस अय्यर (13) अपनी ही गलतियों से आउट हुए। जायसवाल सिली प्वाइंट पर पोप को कैच देकर लौटे। दो गेंद बाद ही गिल भी लौट गए, जो खाता भी नहीं खोल पाए। इस बार भी कैच सिली प्वाइंट पर पोप ने लपका। हार्टले ने रोहित शर्मा (39 रन) को पगबाधा आउट करके तीसरा विकेट लिया। इसके बाद केएल राहुल और अक्षर पटेल ने संभलकर खेला और चाय तक कोई विकेट नहीं गंवाया। हार्टले का सामना करने के लिए श्रेयस अय्यर के ऊपर अक्षर को भेजा गया लेकिन चाय के ब्रेक के बाद अक्षर को हार्टले ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। राहुल (22) एक और प्रभावी पारी खेलने की ओर बढ़ रहे थे लेकिन जो रूट की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। रविंद्र जडेजा तेजी से एक रन लेने के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के सीधे थ्रो से रन आउट हो गए। वह हैमस्ट्रिंग को पकड़कर चल रहे थे जो भारतीय खेमे के लिए चिंता का विषय हो सकता है।

दूसरी बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ बनाए 400 रन

लंच तक भारत ने तीन विकेट गंवाए थे और अंतिम सत्र में तीन विकेट गंवाने के बाद रविचंद्रन अश्विन (28) और केएस भरत (28) ने आठवें विकेट के लिए 58 रन की भागीदारी निभाकर उम्मीद जगाई। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में 400 से ऊपर स्कोर किया और भारत के खिलाफ 2012 के बाद दूसरी बार ही कोई टीम इस आंकड़े को छूने में कामयाब रही है। पोप ने टॉम हार्टले (35) के साथ 106 गेंद में 80 रन की साझेदारी की। उन्होंने रिवर्स स्वीप और स्वीप शॉट बखूबी खेले। रविचंद्रन अश्विन ने इस साझेदारी को तोड़कर हार्टले को आउट किया। इसके बाद भारत ने जल्दी विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने धीमी गेंद पर पोप को आउट करके इंग्लैंड की पारी का अंत किया। बुमराह ने ही रेहान अहमद को विकेट से पीछे कैच कराकर सफलता दिलाई थी।

2012 के बाद 400 रन का आंकड़ा छूने में कामयाब रही इंग्लैंड की टीम

श्रीलंका क्रिकेट से निलंबन हटा

कोलंबो, एजेंसी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने रविवार को तत्काल प्रभाव से श्रीलंका क्रिकेट पर लगा निलंबन हटा दिया। श्रीलंका क्रिकेट को आईसीसी सदस्य के रूप में दायित्वों के गंभीर उल्लंघन के लिए पिछले साल नवंबर में निलंबित कर दिया गया था। इन दायित्वों में विशेष रूप से अपने मामले स्वायत्तता से संभालने और संचालन में कोई सरकारी हस्तक्षेप नहीं होने की जरूरत शामिल थी।

सरकारी हस्तक्षेप पर पिछले साल आईसीसी ने किया था निलंबित

बोर्ड निलंबन के बाद से श्रीलंका क्रिकेट के हालात की निगरानी कर रहा है और अब इस बात से संतुष्ट है कि वह अब सदस्यता दायित्वों का उल्लंघन नहीं कर रहा है। खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने ट्वीट कर निलंबन हटाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा। आईसीसी ने पिछले साल नवंबर में राजनीतिक हस्तक्षेप का हवाला देते हुए श्रीलंका क्रिकेट को निलंबित कर दिया था।

खेल डायरी

हॉकी: नीदरलैंड से हार के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरा खत्म

केपटाउन। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका का दौरा रविवार को नीदरलैंड के हाथों मिली 1-5 की निराशाजनक हार से समाप्त किया। भारतीय टीम के लिए एकमात्र गोल अभिषेक ने किया। नीदरलैंड के लिए जिप जानसेन ने दो गोल दागे, जबकि विश्व की शीर्ष रैंकिंग टीम के लिए डुको टेलजेनकैम्प, जेप होडरमेकर्स और कोएन बिजेन ने एक-एक गोल किए। नीदरलैंड ने जानसेन के गोल से शुरू में ही बढ़त बना ली। भारतीय टीम लगातार हमलों के बावजूद पहले क्वार्टर के अंत तक गोल नहीं कर सकी। दूसरे क्वार्टर में नीदरलैंड ने 16वें और 21वें मिनट में दो गोल कर भारत पर दबाव बना दिया। फिर जानसेन ने 28वें मिनट में अपना दूसरा गोल दाग दिया और नीदरलैंड की टीम पहले हाफ में 4-0 से आगे हो गई। दूसरे हाफ में भारत ने गोल करने की तमाम कोशिशें कीं लेकिन बिजेन ने एक और गोल कर नीदरलैंड को 5-0 से बढ़त दिला ली। फिर अभिषेक ने तीसरे क्वार्टर में गोल कर स्कोर 1-5 किया।

तवांग में अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट 5 फरवरी से

तवांग। अरुणाचल प्रदेश में चीन की सीमा के पास तवांगचू नदी पर छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कयाकिंग टूर्नामेंट अगले महीने आयोजित किया जाएगा। इस नदी में तिब्बत की दो नदियां मिलती है जो बाद में तिब्बत से होकर ब्रह्मपुत्र में मिल जाती हैं। पांच फरवरी से होने वाले तवांगचू टाइड्स टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। आयोजकों के अनुसार दुनिया भर के 130 कयाकर्स इसमें भाग लेंगे। इसका आयोजन अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू के मार्गदर्शन में हो रहा है, जो इसी प्रदेश से हैं। तवांगचू तवांग की प्रमुख नदी है और करीब 10000 फुट की ऊंचाई पर चीन की सीमा के करीब स्थित है। अरुणाचल प्रदेश तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के साथ 1,129 किलोमीटर लंबी एलएसी साझा करता है।

एआईएफएफ ने प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने महासचिव शाजी प्रभाकरण की बर्खास्तगी पर चर्चा के लिए मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। प्रभाकरण ने कहा कि उन्हें कार्यकारी समिति की बैठक के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्होंने सदस्यों को एक पत्र भी लिखा था लेकिन फिर भी आमंत्रित नहीं किया गया। प्रभाकरण को सात नवंबर को विश्वासघात करने के आरोप में महासचिव पद से हटा दिया गया था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने आठ दिसंबर को उनकी बर्खास्तगी पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। अदालत ने 19 जनवरी के अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि प्रभाकरण को एआईएफएफ की आपातकालीन समिति ने बर्खास्त कर दिया था।

फाइनल में नीदरलैंड से हारकर भारत बना उपविजेता

मस्कट। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के फाइनल में नीदरलैंड से 2-7 से हारकर उपविजेता रही। भारत के लिए ज्योति छत्री और रूतुजा दादासो पिसाल ने गोल दागे। नीदरलैंड के लिए यानेके वान डे वेन्ने, बेंते वान डेर वेल्ट, लाना काल्से और सोशा बेनिंगा ने गोल किए। विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने हर खिलाड़ी को 3 लाख और सहयोगी स्टाफ को डेढ़ लाख रुपये पुरस्कार देने का एलान किया है। मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने काफी आक्रामक खेल दिखाया लेकिन सफलता नीदरलैंड को मिली जब यानेके ने लंबी दूरी से लगाए गए शॉट पर गोलकीपर रजनी इतिमार्पू को छकाकर गोल किया। इसके दो मिनट बाद वान डेर वेल्ट ने दूसरा गोल दाग दिया। उसने आठवें मिनट में एक और गोल करके डच टीम का शिकंजा कस दिया। पहले हाफ से चार मिनट पहले लाना काल्से ने डच टीम के लिए चौथा गोल दागा और सोशा ने दो मिनट बाद बढ़त 5-0 की कर दी। पहले हाफ के आखिरी मिनट में यानेके ने एक और गोल किया। दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में भारत के लिए ज्योति ने गोल किया और तीन मिनट बाद रूतुजा ने एक गोल दागकर डच टीम की बढ़त कम की। इस बीच नीदरलैंड के लिए लाना ने जवाबी हमले पर गोल करके बढ़त फिर पांच गोल की कर दी।

अब्दुसत्तारोव को शिकस्त देकर विदित संयुक्त रूप से शीर्ष पर

विज्क आन जी, एजेंसी। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने एक बार फिर विषम परिस्थितियों को पार करते हुए टाटा स्टील मास्टर्स के 12वें दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को हराकर तालिका में संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

शतरंज

विदित की इस जीत से टूर्नामेंट काफी रोमांचक हो गया है। जहां शीर्ष पर 7.5 अंक के साथ पांच खिलाड़ी है और एक दौर का मुकाबला बचा है। विदित के साथ डी गुकेश, चीन के वेई यी, हॉलैंड के अनीश गिरी और अब्दुसत्तारोव तालिका में शीर्ष पर है।

फाइनल में हालांकि अनीश का पलड़ा भारी होगा क्योंकि उनका मुकाबला तालिका में आखिरी पायदान पर काबिज मैक्स वेरमेरडैम से है। आर प्रज्ञानानंदा ने 12वें दौर में गुकेश के साथ ड्रॉ मुकाबला खेला। आखिरी दौर के मुकाबलों में गुकेश के सामने ईरान के परम माघसूदलू की चुनौती होगी, जबकि विदित को वेई यी की मुश्किल चुनौती से पार पाना होगा।

भारत ने अमेरिका को 201 रन से हराया

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

अंडर-19 विश्व कप

327 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेरिका टीम 125 रन पर हुई ढेर

सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी (108) के शतक के बाद तेज गेंदबाज नमन तिवारी के 4 विकेट की मदद से भारत ने रविवार को अंडर-19 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप मैच में अमेरिका पर 201 रन की बड़ी जीत दर्ज की।पहले ही सुपर सिक्स में जगह पक्की कर चुकी गत चैंपियन भारत ने इस तरह टूर्नामेंट में अजेय लय जारी रखी। अब टीम सुपर सिक्स में ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी।

सलामी बल्लेबाज अर्शिन के शतक और मुशीर खान (73) के अर्धशतक से भारत ने 50 ओवर में 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारतीय गेंदबाजों ने कमजोर टीम अमेरिका को 50 ओवर में 8 विकेट पर 125 रन पर समेट दिया। अमेरिका की टीम किसी भी समय इस विशाल लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। नमन और राज लिंबानी ने नई गेंद से पहले 10 ओवर में अमेरिका के शीर्ष क्रम को चरमरा दिया। लिंबानी ने प्रणव चेटिपालायाम को पहले ओवर में, जबकि नमन ने भाव्य पटेल को दूसरे ओवर में आउट किया। फिर आठवें ओवर में नमन ने कप्तान ऋषि रमेश को पवेलियन भेजा। उत्कर्ष श्रीवास्तव (40 रन) और मानव नायक भी नमन के शिकार बने।

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने बल्लेबाजी में दबदबा बनाया। हालांकि पारी के अंत में अमेरिकी गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटक लिए। अर्शिन ने 118 गेंद की पारी खेली। मुशीर ने 73 रन बनाए। दोनों ने 155 रन की साझेदारी की।

108 रन बनाए अर्शिन ने

4 विकेट चटकाए नमन तिवारी ने

शामार जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ झटके 7 विकेट

ब्रिसबेन, एजेंसी। शामार जोसेफ के 7 विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता, जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है।

शामार जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर 7 विकेट लिए और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे। एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 साल के शामार जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता था।

बॉलीवुड हलचल

अमिताभ के बयान के बाद फिर छिड़ी साउथ और बॉलीवुड में टक्कर पर बहस



साल 2022 से ही बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। जहां 2022 में साउथ का जलवा रहा तो 2023 में बॉलीवुड ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। साउथ और बॉलीवुड के बीच चल रही टक्कर पर अमिताभ बच्चन के बयान के बाद एक बार फिर इस पर बहस शुरू हो गई है। अमिताभ ने हाल ही में पुणे में सिंबायोसिस फिल्म फेस्टिवल में कहा था कि रीजनल सिनेमा काफी अच्छा कर रहा है, वे हिंदी फिल्मों की तरह मूवी बना रहे हैं। इस दौरान अमिताभ ने मलयालम और तमिल सिनेमा की तारीफ भी की। अमिताभ बच्चन ने कहा कि हमारी सभी फिल्मों की स्टोरी में कही न कहीं दीवार, शक्ति और शोले है। बिग बी ने बॉलीवुड की आलोचना करने वालों को भी खरी-खोटी सुनाई। बिग बी ने कहा कि ये कहना गलत है कि उनकी फिल्में चल रही हैं, हमारी नहीं। अमिताभ बच्चन की कुछ फिल्मों का साउथ में रीमेक भी किया गया, इनमें अमर अकबर एंथोनी, डॉन, दीवार जैसी फिल्मों के रीमेक ने साउथ में जबरदस्त कमाई की।

जब रॉकस्टार की शूटिंग करते वक्त गाना गाते-गाते खो गए थे रणबीर कपूर

रणबीर कपूर की फिल्म रॉकस्टार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणबीर कुन फाया कुन गाने की शूटिंग में नजर आ रहे हैं। रणबीर ने इस पर अपनी राय रखी है। रणबीर ने बताया कि वह सिर्फ गाना गाते जा रहे थे और कैमरे ने कुछ ऐसा कैद कर लिया, जिसका श्रेय उन्हें आजतक मिल रहा है। रणबीर ने बताया कि वह इस गाने को गाते समय पूरी तरह खो गए थे। रणबीर कपूर के इस पुराने वीडियो ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर गदर काट दिया है।

सूर्या के साथ कर्ण में जोड़ी बनाने जा रहीं जाह्नवी

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी मां श्रीदेवी के पदचिह्नों पर चलते हुए हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में भी अदाकारी करती नजर आएंगी। यही वजह है कि उन्होंने जूनियर एनटीआर की अगली पैन इंडिया मूवी देवरा के लिए एक झटके में हां कह डाली। अब वह एक और बड़े साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ जोड़ी बनाने की तैयारी में हैं। फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि जाह्नवी कपूर जल्द ही तमिल सुपरस्टार सूर्या के साथ उनकी अगली फिल्म कर्ण में नजर आएंगी। निर्देशक राकेश ओम प्रकाश मेहरा की यह एक बिग बजट ड्रामा फिल्म है। जिसे बेहद बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। महाभारत की कहानी पर आधारित फिल्म में जाह्नवी कपूर सूर्या के साथ लीड रोल में दिखेंगी। खबर है कि इस फिल्म को मेकर्स 2 भागों में बनाने वाले हैं। फिल्म में कर्ण का किरदार सूर्या निभाएंगे, जबकि जाह्नवी कपूर के किरदार को लेकर अभी जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन पहले ही शुरू हो चुका है। अब फिल्म जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली हैं। बता दें कि जाह्नवी कपूर के हाथों कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं। वो तमिल सुपरस्टार सूर्या स्टारर इस फिल्म के अलावा जूनियर एनटीआर की मूवी देवरा में नजर आएंगी। जो पैन इंडिया मूवी है। इसके अलावा वो राजकुमार राव स्टारर फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही और अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखेंगी। साथ ही उनके पास उलझ और रणभूमि जैसी फिल्में भी हैं।

रामायण में हनुमान का किरदार निभाएंगे सनी देओल

रणबीर कपूर और साईं पल्लवी की मेगा बजट फिल्म रामायण रिलीज से पहले काफी चर्चा में है। फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी कलाकारों को कास्ट करने में काफी समय ले रहे हैं। अब तक हर रोल को लेकर काफी चर्चा चल रही है। हाल ही में खबर आई थी कि यश इस फिल्म में रावण का रोल निभाने वाले हैं। राम के रोल में रणबीर कपूर नजर आ सकते हैं तो वहीं हनुमान के रोल के लिए सनी देओल का नाम जोड़ा जा रहा है। अब सनी देओल की एंट्री फिल्म में पक्की मानी जा रही है। इस फिल्म में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक के कलाकार नजर आ सकते हैं। सनी देओल इस फिल्म के लिए मई से शूटिंग शुरू कर देंगे। इस फिल्म के तीन पार्ट आएंगे। पहले पार्ट में सनी देओल का छोटा सा रोल होने वाला है। इसके अगले दो पार्ट में सनी देओल का खास रोल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक रामायण में सनी देओल हनुमान का रोल निभाने वाले हैं। फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ उनके भाई बॉबी देओल भी नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिए विजय सेतुपति से भी बात की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया जा रहा है कि लारा दत्ता का भी इस फिल्म में कैकेयी का रोल निभा सकती हैं।

राहत फतेह अली खान का शार्गिद को पीटते वीडियो वायरल

पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें राहत फतेह अली खान अपने एक स्टूडेंट को चप्पल-घूंसों से मारते दिख रहे हैं। सोशल मीडिया पर हुई फजीहत के बाद पाकिस्तानी सिंगर राहत फतेह अली खान मीडिया के भी निशाने पर आ गए है। उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वायरल वीडियो में राहत फतेह अली खान अपने घर से एक बोतल गायब होने को लेकर छात्र से सवाल जवाब कर रहे हैं। वह इसके गायब होने पर अपना गुस्सा छात्र पर निकालते हैं। अब इस वीडियो पर खुद राहत फतेह अली खान ने भी सफाई दी है। उन्होंने उसी छात्र के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें वह इस मामले को उस्ताद और शार्गिद का रिश्ता बता रहे हैं। वीडियो में उन्होंने अपने उसी छात्र से सफाई भी दिलवाई है। साथ ही उसके पिता भी मामले पर मिट्टी डालते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद भी लोगों का गुस्सा थमा नहीं है। राहत फतेह अली खान के इस माफीनामे पर भी लोग जमकर अपनी भड़ास निकालते दिखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

बाली: विश्व का पहला प्राइवेट जेट विला, 1 रात का किराया 5.4 लाख

जकार्ता। इंडोनेशिया के बाली में 30 साल के रूसी प्रॉपर्टी डेवलपर फेलिक्स डेमिन ने समुद्र किनारे दुनिया का पहला प्राइवेट जेट विला बनाया है। पुराने बोइंग 737-200 में बने इस विला में एक रात रहने का किराया 5.4 लाख रुपये है। ये विला 2 साल में 8.3 करोड़ रुपये में बना है। हालांकि, भीड़-भाड़ से दूर यहां एक शांत वातावरण है। कॉकपिट में हॉट टब के साथ एक चट्टान पर स्थित यह दुनिया का सबसे अनोखा होटल है। विमान के ढांचे से निर्मित पहला लक्जरी विला है। बाली में न्यांग न्यांग बीच चट्टानों पर स्थित है और इसे बोइंग 737 विमान का उपयोग करके बनाया गया था।

अमेरिका के लॉस एंजिलिस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में शनिवार को गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस हत्या के बाद आत्महत्या का मामला बताया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान साझा कर बताया कि लेर्डो एवेन्यू के 11600 ब्लॉक में गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी रात सात बजे से पहले घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर चार लोगों को मृत घोषित किया गया और जांचकर्ताओं के अनुसार, यह हत्या के बाद आत्महत्या करने का मामला है।

सदन की कार्यवाही में व्यवधान कोविड के खतरे से कम नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

'चर्चा' लोकतंत्र की आधारशिला

मुंबई, एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि 'चर्चा' जो लोकतंत्र की आधारशिला है, हंगामे में तब्दील हो गई है और सदन की कार्यवाही में व्यवधान लोकतंत्र के लिए कोविड के खतरे से कम नहीं है।

धनखड़ ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों को सदन की मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायी निकायों की कार्यवाही में व्यवधान एक दुखद परिदृश्य है। धनखड़ ने कहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि गड़बड़ी और व्यवधान की योजना बनाई जाती है, जिसके लिए बैनर छापे जाते हैं और नारे गढ़े जाते हैं। ऐसी चीजों का हमारी प्रणाली में कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिनिधि संस्थाओं और प्रतिनिधियों में जनता के विश्वास का कम होना समाज के लिए कैंसर है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को सदन की कार्यवाही पर बारीक नजर रखनी चाहिए और मर्यादा सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।

उन्होंने कहा, पीठासीन अधिकारी लोकतांत्रिक स्तंभों के संरक्षक हैं। उन्होंने अफसोस जताया कि (सदन में) अनुशासनहीनता और अशोभनीय व्यवहार की घटनाएं बढ़ रही हैं और व्यवधान डालने में गर्व महसूस किया जाता है। धनखड़ ने कहा, यह परेशान करने वाला परिदृश्य है और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए आत्ममंथन की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के कर्तव्यों में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि विधायी प्रक्रिया सार्थक, जवाबदेह, प्रभावी और पारदर्शी हो तथा जनता की आवाज उठायी जाए। उन्होंने कहा, जनता की ओर देखें। वे हमें चुनते हैं, उन्हें हमसे उम्मीदें हैं। वे चाहते हैं कि उनकी आकांक्षा हमारे माध्यम से साकार हो। ऐसे में, जब कोई कार्यवाही में व्यवधान पैदा करता है तो यह उनके (जनता) लिए कितना कष्टदायक होता है। तब यह और भी अधिक पीड़ादायक होता है, जब व्यवधान करने में गर्व महसूस किया जाता है।

अशोभनीय आचरण की जगह हमारे देश के संसद में नहीं

84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधन में उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में हंगामा और कार्यवाही बाधित करने की योजना बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इशारों पर तख्तियां छपवाई जाती हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक सदन में नारेबाजी के लिए भी रणनीति बनाकर हंगामे होते हैं। इन बातों में कुछ भी अब रहस्य जैसा नहीं। संसद में ऐसे अशोभनीय आचरण की कोई जगह हमारे देश के सिस्टम में नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं के प्रति कम होता जनता का भरोसा कैंसर जैसा है।

नेपाल: ग्लेशियर पिघलने से बाढ़ का खतरा, अब बिजली बना रहे

काठमांडू। नेपाल उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियर पिघलने से गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए छोटे-छोटे बांध बनाए जा रहे हैं। इनपर हाइड्रो पावर संयंत्र लगाने का प्रयोग कामयाब है। 2017 में पहली बार तिब्बत सीमा से लगे नेपाल के क्यानजिन घाटी के दो गांवों में हाइड्रो पावर प्लांट से 175 घरों में रोशनी, खाना पकाने और अन्य जरूरतों के लिए बिजली दी जा रही है।

गर्मी बढ़ने से हिमालय की ऊंची चोटियों की बर्फ पिघल रही है। इससे तेजी से भरने वाली हिमनद झीलों के नीचे स्थित गांवों में विनाशकारी बाढ़ का खतरा मंडराता रहा है। इससे निपटने के लिए नेपाल ने छोटी-छोटी नहरें भी बनाई हैं। बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में पूर्वोत्तर भारतीय प्रांत सिक्किम में ल्होनक झील के फटने से 150 से अधिक लोग मारे गए और 2 हजार घर गिर गए थे। नेपाल सरकार ने त्रासदी को देखते हुए पहल की है, और कई प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है।

मुंबई: नौकरी करने वाले नहीं देने वाले बनें: धर्मेंद्र प्रधान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आईआईएम के दीक्षांत समारोह में बोले- 2047 तक विकसित भारत में शिक्षा का होगा अहम योगदान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना पूरा करने में शिक्षा और तकनीक का योगदान अहम होगा। आईआईएम मुंबई के प्रथम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि प्रधान ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे विकसित इकोनॉमी बन सकती है और विकसित भारत मे हम दुनिया को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने नए स्नातकों का आह्वान किया कि नौकरी करने वाले नही नौकरी देने वाले बनें।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में संस्थान के 1013 छात्रों को स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की गई। साल 1963 में स्थापित, भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई (आईआईएम मुंबई) शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्र का गढ़ है, जिसने देश के शैक्षिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित करने की प्रतिबद्धता के साथ, आईआईएम मुंबई को रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में क्षमता निर्माण के लिए नोडल केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से योगदान देता है। आईआईएम मुंबई तीन एमबीए कार्यक्रम, उद्योग की जरूरतों को पूरा करने वाले कार्यपालक कार्यक्रम, वैश्विक और राष्ट्रीय प्रमाणन कार्यक्रमों की पेशकश करता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशक और सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) आशीष कुमार चौहान और आईआईएम मुंबई शासी मंडल के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी और अन्य सदस्य शामिल थे।

पाकिस्तान: बलूचों पर अत्याचार मानवाधिकारों का उल्लंघन

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिका बेचैन, सांसद शेरमन पाकिस्तान पर बोले- अमेरिका अत्याचार पर चुप नहीं बैठेगा

अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लोगों पर हो रही हिंसा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बलूचिस्तान में लोगों को गायब करने, हत्याएं बंद करनी चाहिए। शनिवार को उन्होंने बलूचिस्तान और सिंध क्षेत्रों में लोगों के जबरन गायब होने के मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

एक कार्यक्रम में अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमन ने कहा कि हालांकि अमेरिका पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है, लेकिन वहां हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर चुप नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम दुनियाभर में मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ खड़े हैं और पाकिस्तान में इस तरह का उल्लंघन दिखाई दे रहा है। कांग्रेसी सांसद की पाकिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन की चिंता ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है।

शेरमन ने सिंध फाउंडेशन के सूफी लघारी और फातिमा के साथ अपनी चर्चाओं को सोशल मीडिया पर साझा किया है। सिंध प्रांत में लोगों के गायब होने और हत्याओं की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे नेता महरंग बलूच के मामले पर जोर डाला है। उन्होंने लिखा कि महरांग बलोच 16 साल की थी, जब पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने उनके पिता का अपहरण कर लिया था।

फ्रांसीसी पत्रकार को नोटिस, भारत बोला- वीजा नियमों का हुआ उल्लंघन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हाल ही में फ्रांस की एक महिला पत्रकार वेनेसा डौगनेक को नोटिस जारी किया था। यह नोटिस फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नई दिल्ली दौरे से पहले जारी किया गया था।

मैक्रों की यात्रा के बीच इस मामले पर भी खूब चर्चा हो रही थी। अब भारत ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि उनको यह नोटिस वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण जारी किया गया है। वेनेसा को गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) ने नोटिस जारी किया था। भारत ने फ्रांस से कहा कि दिल्ली में रहने वाली फ्रांसिसी पत्रकार को वीजा नियमों के उल्लंघन के कारण नोटिस जारी किया गया है।

मालदीव की संसद में सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों में मारपीट

माले, एजेंसी

▸▸ घायल नेता को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

मालदीव की संसद के विशेष सत्र में रविवार को पीपीएम व पीएनसी पार्टी की गठबंधन सरकार के सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें कुछेक सांसद घायल हो गए हैं और सरकार के प्रस्ताव पर संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने से मोहम्मद मुइज्जू सरकार को करारा झटका लगा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, सनसनीखेज वीडियो फुटेज में कुछ चौंकाने वाले दृश्य देखने को मिले।

इसमें मुख्यतः मारपीट विपक्षी एमडीपी सांसद इसा और सत्तारूढ़ पीएनसी सांसद अब्दुल्ला शहीम अब्दुल हकीम के बीच होती देखी जो सतारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों की मारपीट में बदल गई। बात दें, वीडियो में शमीम को इसा का पैर पकड़कर खींचते और फिर दोनों सांसदों के एक साथ जमीन पर गिरते दिखाया गया है। वहीं दूसरे फुटेज में ईसा को शहीम की गर्दन पर लात मारते और उनके बाल खींचते देखा गया। दोनों सांसदों की गुत्थम-गुत्था में और कई सांसद भी लपेटे में आ गए। एक अन्य फुटेज में कई अन्य सांसदों को शहीम को खींचकर दूसरी तरफ ले जाता भी देखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार इस भीषण मार-पिटाई के बाद घायल एक सांसद को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजना पड़ा। मंत्रियों की पुनर्नियुक्ति को दोपहर 1.30 बजे मंजूरी दी जानी थी, लेकिन कुछ पीएनसी सांसदों ने सदन को घेर लिया और सत्र को बाधित कर दिया।

अंडरवाटर मेट्रो...

कोलकाता: पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो के सफर को रोमांचक और यादगार बनाया जा रहा है। हुगली नदी तल से 13 मीटर और जमीन से करीब 33 मीटर नीचे से गुजरने वाली 520 मीटर लंबी टनल में दोनों तरफ नीले रंग की लाइट लगाई गई है। इससे पानी के अंदर होने का अहसास होगा। सफर ज्यादा रोमांचक बनाने के लिए लाइट्स से ही टनल की दीवारों पर मछलियां बनाई गई हैं। ● एजेंसी

लालच देकर स्वदेशी समुदायों का हो रहा धर्मांतरण

▸▸ आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमंत बोले- युवा स्वदेशी आस्थाओं -धर्मों को जीवित रखें

डिब्रूगढ़, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण के प्रयासों का लक्ष्य बन गए हैं। जिससे व्यक्तियों को भौतिक लालच देकर भ्रमित किया जाता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से स्वदेशी आस्थाओं और धर्मों को जीवित रखने का आग्रह किया।

साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों को साझा किया। आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और बुजुर्गों की सभा के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत में स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा रूपांतरण प्रयासों का लक्ष्य बन जाते हैं। कई धार्मिक समूहों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के परिणामस्वरूप स्वदेशी आस्था का पालन करने वालों की आबादी में गिरावट आ सकती है। उन्होंने कहा कि मिशनरी संगठनों द्वारा दिए जाने वाले भौतिक लाभ, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल लाभों का प्रलोभन व्यक्तियों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी धार्मिक प्रथाओं की रक्षा करनी होगी। इन आस्थाओं को मानने वालों की आबादी में गिरावट दर्ज की गई है। जिसका असर संस्कृति और प्रथाओं पर पड़ता है। हिमंत ने कहा कि स्वदेशी आस्थाओं औ प्रथाओं का पालन करना युवा पीढ़ी का दायित्व और कर्तव्य है।

रविवार को डिब्रूगढ़ में आईसीसीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

हिमंत सरमा ने बिहार में सरकार बनने पर दी बधाई

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनने पर बधाई दी। सरमा ने कहा- बिहार को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने में नेतृत्व की सफलता की कामना करता हूं। सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा- बिहार में राजग सरकार बनने से खुशी हुई। मुख्यमंत्री की भूमिका संभालने के लिए नीतीश कुमार जी को बधाई और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

विपक्ष मैदान से दूर, प्रत्याशियों से बोले इमरान- प्रचार करो या हटो

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ इमरान की दो टूक- चुनावी रैली शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को देंगे

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने जा रहे आम चुनाव के लिए प्रचार शुरू हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल- एन) प्रमुख नवाज शरीफ अपने भाई शाहबाज के साथ रोज रैलियां कर रहे हैं। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी अभियान शुरू कर चुकी है।

लेकिन, देश की सबसे लोकप्रिय पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए- इंसाफ (पीटीआई) मैदान से गायब है। उसके नेता सत्ता-सेना के डर से चुनाव प्रचार के लिए ही नहीं उतर रहे हैं। इस कारण अदियाला जेल में बंद इमरान ने पार्टी के उम्मीदवारों को चेतावनी दी है। इमरान ने कहा कि पार्टी उम्मीदवार रविवार से चुनाव अभियान शुरू करें, अन्यथा उनका टिकट काटकर दूसरे उम्मीदवारों को दे देंगे। पीटीआई ने नेशनल असेंबली की 272 सीटों में से 266 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इमरान को पिछले साल मई में जेल भेज दिया गया। पार्टी के चुनावी चिह्न बल्ला इस महीने छीन लिया गया। बल्ला चुनाव चिह्न छीने जाने के कारण पीटीआई के सभी उम्मीदवार अलग-अलग चुनाव चिह्नों के साथ चुनाव लड़ेंगे।

इमरान की बहन बोलीं- भाई के साथ भुट्टो जैसा न हो

इमरान की बहन अलीमा खान ने बताया कि हमारे परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। हमें इमरान पर लादे गए आपराधिक मामलों की चिंता है। उन्होंने कहा कि इमरान के साथ वैसा बर्ताव न हो, जैसा भुट्टो के साथ हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि नवाज अब सत्ता में किसी को आने नहीं देना चाहते।

ईरान ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर 3 सैटेलाइटों का किया प्रक्षेपण

तेहरान। ईरान ने रविवार को कहा कि उसने तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया है। ईरान की मीडिया ने कहा कि प्रक्षेपण में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जिसमें पहले कई विफलताएं हुई हैं।

अमेरिका ने पहले कहा है कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और तेहरान से परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा है। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए। अमेरिकी खुफिया समुदाय ने कहा कि प्रक्षेपण वाहनों के विकास से ईरान के लिए अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने की समयसीमा कम हो गई है, क्योंकि इसमें समान तकनीक का इस्तेमाल होता है।

यहूदी विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े रहेंगे: बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ बोले- हम सदैव समुदाय के साथ अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ काले अध्याय पर मना रहा शोक

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस पर अमेरिकी राष्ट्रपति राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान जारी करते हुए प्रतिक्षा की कि यहूदी विरोधी भावना के खिलाफ वे खड़े रहेंगे। होलोकॉस्ट से बचे सभी यहूदी लोगों को याद करते हुए फिर कभी नहीं का वादा किया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका विश्वभर के देशों के साथ मिलकर मानव इतिहास के इस काले अध्याय पर शोक मना रहा है। नाजियों द्वारा ली गई जानों पर शोक मनाते हैं।

बाइडन के कहा कि पिछले साल से एक बार फिर यहूदी विरोधी भावना सिर उठाने लगी है। सात अक्टूबर को गाजा स्थित आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे। जिसमें 1200 लोग की मौत हो गई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में इस्राइली नागरिकों के बंधक बनाया गया है। होलोकॉस्ट के बाद सात अक्तूबर ही यहूदी लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई थी। बाइडन ने कहा कि इस्राइल पर हमसा के हमले के बाद अमेरिका दुनियाभर में यहूदी विरोधी भावना में हो रही बढ़ोतरी को लेकर चिन्तित है। क्योंकि बड़ी संख्या में यहूदी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

हेली ने बढ़ती उम्र पर उठाए सवाल, ट्रंप का पलटवार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि वह दिमागी तौर पर 20 साल पहले जितने तेज थे, अब उससे भी तेज हो गए हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब उनकी प्रतिद्वंदी निक्की हेली ने बढ़ती उम्र को लेकर पूर्व राष्ट्रपति पर निशाना साधा है। ट्रंप ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का दिमागी टेस्ट भी होना चाहिए।

अध्ययन शोध में पाया गया कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10 फीसदी धीमी गति से चलता है

धीमे चलने से फिटनेस पर पड़ता है बुरा असर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

चलते समय फोन का इस्तेमाल शारिरिक और मानसिक तौर पर खतरनाक साबित हो सकता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि जब हम चलते समय फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो चाल बदलने के कारण हमारी गति धीमी पड़ जाती है। लोग छोटे-छोटे कदम लेते हैं और दोनों पैर ज्यादा समय तक जमीन पर रहते हैं।

शोध से पता चला है कि फोन इस्तेमाल कर रहा व्यक्ति अन्य की तुलना में 10% धीमी गति से चलता है। अगर चलना दैनिक शारीरिक गतिविधि का एक बड़ा हिस्सा है, तो ज्यादा देर धीरे-धीरे चलने से इसका फिटनेस पर बुरा असर पड़ सकता है। सीधे चलने के बजाए फोन देखने के लिए नीचे झुके रहने से गर्दन और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों पर भी भार बढ़ जाता है।

इससे जरूरत से ज्यादा थकान और मांसपेशियों के दर्द का सामना करना पड़ सकता है। 2023 के एक अध्ययन में फोन देखते हुए आउटडोर पार्क में चलने के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की जांच की गई। आमतौर पर खुले वातावरण में चलने के बाद लोग मानसिक तौर पर अच्छा महसूस करते हैं। लेकिन, शोध से पता चला है कि चलने के साथ फोन देखने से लोगों में स्ट्रेस हॉर्मोन कोर्टिसोल का स्तर बढ़ गया था। अन्य शोधों से साबित हुआ है कि कोर्टिसोल बढ़ने से लोगों में उत्साह और खुशी कम होने के साथ तनाव बढ़ने की आशंका रहती है।

चलते समय फोन का इस्तेमाल करने से बॉडी बैलेंस बिगड़ने से गिरने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक अध्ययन में इकट्ठा किए गए आठ साल के सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि लगभग 30 हजार लोग चलते समय फोन का इस्तेमाल करने के कारण घायल हुए थे। चोटों के लिए उम्र मुख्य जोखिम कारकों में से एक थी। 11 से 20 साल के युवाओं में चोटों का अनुपात सबसे ज्यादा था। इसके बाद 20, 30 और 40 साल के वयस्क शामिल थे।

टेक्स्ट नेक से होता है अत्यधिक तनाव

टेक्स्ट नेक (अति प्रयोग सिंड्रोम) आमतौर पर किसी भी हाथ में लिए गए फोन को नीचे झुक कर देखने से गर्दन पर अत्यधिक तनाव के परिणामस्वरूप होता है। इससे सिरदर्द, गर्दन में दर्द, कंधे और बांह में दर्द, सांस लेने में मुश्किल हो सकती है। इस तरह की आदत लोगों को एक प्रकार से अपंग बना देती है। अध्ययन में पाया गया है कि ऐसा करने से लोगों को आदत पड़ जाती है, फिर टेक्स्ट नेक के आदी हो जाते हैं। जिससे शरीर में एक बीमारी का रूप धारण हो जाता है।

फ्रांस में मोनालिसा की पेंटिंग पर फेंका गया सूप म्यूजियम में मची भगदड़

पेरिस। पेरिस में मौजूद लौवर म्यूजियम में रखे प्रतिष्ठित मोनालिसा पेंटिंग पर सूप फेंका गया। फ्रांस में कृषि प्रणाली में बदलाव की जरूरतों को लेकर प्रदर्शन कर रहे दो प्रदर्शनकारियों ने पेटिंग पर सूप फेंका।

गौरतलब है कि पेंटिंग बुलेटप्रूफ शीशे में सुरक्षित रूप से रखा गया है, इसलिए इससे पेंटिंग को सीधे तौर पर कोई नुकसान नहीं हुआ। पेटिंग पर सूप फेंकने के बाद दोनों महिला प्रदर्शनकारी पेंटिंग के नजदीक खड़ी हो गईं। सूप फेंके जाने के तुरंत बाद पेंटिंग को काले पर्दे ढक दिया गया। फ्रांस ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर किसान पेरिस में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

अमेरिकी स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सिख इतिहास

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ पंजाब के 12वीं कक्षा के छात्र गुरइकप्रीत के प्रयत्नों से हुई पहल

दस्तार क्या है, सिखों ने दस्तार के लिए कौन सी कुर्बानियां दी है, सिख इतिहास क्या है। अब यह अमेरिका के स्कूलों का सिलेबस होगा। यह शुरुआत अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी से हुई है। यह पहल पंजाब से अमेरिका में बसे 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स गुरइकप्रीत सिंह के प्रयत्नों से हो पाई है। वह इन दिनों पंजाब आए हुए हैं।

गुरइकप्रीत सिंह ने पंजाब आ कर तख्त श्री दमदमा साहिब में अमृतपान भी किया। जहां पर सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उसे सम्मानित भी किया। गुरइकप्रीत ने कहा कि वह परिवार के साथ 2014 में अमेरिका गया। तभी से अमेरिका में ही स्ट्डी कर रहा है। जहां पर उसे 8वीं से 12वीं कक्षा तक पहुंचने तक दस्तार सजाने वाला कोई और सिख युवक नहीं दिखा। केवल वह अकेला ही सिख युवक है जो दस्तार सजाता है। एसजीपीसी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि गुरइकप्रीत सिंह ने पूरी दुनिया में सिख धर्म का मान बढ़ाया है। यह बड़ी प्राप्ति है। उन्होंने कहा- देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है जो भारत के सिख समुदाय के लोगों का मान बढ़ेगा।

अमेरिकी निवासियों को सिख इतिहास की नहीं है जानकारी

जब सिखों को वहां पर नफरत का सामना करना पड़ रहा था तो उसने स्कूल के प्रिंसीपल को बताया कि सोशल साइंस में दूसरे धर्मो का इतिहास है, मगर सिखों का इतिहास नहीं है। धीरे धीरे इस मुहिम में कई लोग जुड़ गए। सिख संस्थाओं से बात की। स्टेट शिक्षा कमेटी तक बात पहुंचाई गई। कई मीटिंगें हुई। स्टेट शिक्षा कमेटी ने बिल पास कर दिया। स्टूडेंट्स से मीटिंगें हुई। दो सप्ताह पहले फिश की सैनेट की ओर से भी बिल पास हो गया। अब न्यूजर्सी में सिख इतिहास पढ़ाया जाएगा। गुरइकप्रीत सिंह ने कहा अभी अमेरिका की स्टेट न्यूजर्सी में ही सिख इतिहास स्कूलों में पढ़ाया जाएगा। लेकिन धीरे धीरे दूसरी स्टेटों में भी इसे लागू करवाना है।